* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

25 सितंबर, 2022
आश्विन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 07, अंक 335


अंकिता मामले का हुआ खुलासा : वेश्यावृत्ति से इनकार पर की गयी अंकिता की हत्या




SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IX[th]
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. : 98359 36571 94311 06503 83405 81301


## राज्य सरकार और अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बीच एमओयू

# युवा शक्ति के अंदर असीम संभावनाएं हैं : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने कहा है कि राज्य के युवा वर्ग में काफी संभावनाएं हैं। यहां के युवा खेल तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बखूबी कर रहे हैं। बस जरूरत है कि राज्य की युवा शक्ति को आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा सके। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने आवासीय कार्यालय में राज्य सरकार और अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बीच एमओयू होने के मौके पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अध्यक्ष-सह- आइटी कंपनी विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज झारखंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। राज्य सरकार और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के आपसी समन्वय व सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र में नयी शुरुआत हो रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि झारखंड में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन जैसी अनुभवी संस्था द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना होने से न सिर्फ राज्य में उच्च शिक्षा का स्तर उठेगा, बल्कि राज्य के प्रतिभावान छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे राज्यों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अध्यक्ष अजीम प्रेमजी को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया।



## झारखंड के लोगों के विकास एवं उत्थान के लिए पूरी तरह से समर्पित हूं : अजीम प्रेमजी

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अजीम प्रेमजी ने कहा कि मैं झारखंड के लोगों के विकास और उत्थान के लिए पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य करना चाहता हूं। अजीम प्रेमजी ने कहा कि फाउंडेशन झारखंड में विश्वविद्यालय की स्थापना, शैक्षणिक स्तर में गुणात्मक सुधार के साथ साथ कई विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की स्थापना में आपके नेतृत्व वाली सरकार ने पूरा सहयोग किया है। उम्मीद करता हूं राज्य सरकार द्वारा आगे भी सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीइओ अनुराग बेहर ने कहा कि झारखंड में शिक्षा के विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी स्थापित करने का सफल प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि रांची में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी जुलाई 2024 से प्रारंभ हो सकेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा निदेशक सूरज कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव अभय कुमार सिन्हा, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीइओ अनुराग बेहर, स्टेट हेड कैलाश कांडपाल, चीफ यूनिवर्सिटी एस्टेब्लिशमेंट ऑफिसर हरीश शाह एवं एजुकेशन हेड राकेश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विश्वस्तरीय शिक्षण सुविधाएं देने का प्रयास तेज : सोरेन

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य में निजी विश्वविद्यालय स्थापित करने से विशेष कर ग्रामीण अंचल में निवास करने वाले आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े छात्र-छात्राओं को अपने ही राज्य में ज्ञानवर्धक और रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना संभव हो सकेगा। यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण ज्ञानवर्धक तथा रोजगारपरक शिक्षा देना राज्य सरकार का लक्ष्य है, इस निमित्त प्रयास किये जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी शिक्षण संस्थान में विश्वस्तरीय शिक्षण सुविधाएं दी जायेगी।

# आइपीएल सट्टेबाजी में हारे पैसों के लिए छात्र की उसके ही दोस्तों ने कर दी हत्या

## निशानदेही पर पुलिस ने बरामद किया हर्षित का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी निवासी विंध्याचल यादव के 14 वर्षीय पुत्र सह डीएवी महुदा के आठवीं का छात्र हर्षित यादव को आइपीएल में सट्टेबाजी पैसे को लेकर उसके दो दोस्तों ने हत्या कर दी। हत्या पत्थर से कूच कर की गयी। शव को एक गड्ढे में मिट्टी से दबा दिया गया। पुलिस ने शक के आधार पर उसके दोनों दोस्तों को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ में दोनों टूट गये। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर शुक्रवार की रात जमुनिया कोल डंप के समीप से शव बरामद कर लिया और शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक छात्र के शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं दोनों सह मित्र छात्र को गिरफ्तार कर धनबाद के बाल सुधार गृह भेज दिया।

बता दें कि गुरुवार सुबह करीब 9 बजे छात्र हर्षित घर से खेलने के लिए निकला। काफी समय बीत जाने के बाद भी घर नहीं लौटा, तो उसके परिजनों ने खोजबीन शुरू की, किंतु जब वह कहीं नहीं मिला, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होंने महुदा थाना में इसकी सूचना दी। सूचना के आलोक में



महुदा थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पिता विंध्याचल यादव ने शुक्रवार देर शाम महुदा थाना में एक आवेदन देकर अपने पुत्र के अपहरण की आंशका जतायी। इसके बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर मधुबन सोनानगर निवासी सतेंद्र प्रसाद के 16 वर्षीय पुत्र नीतीश प्रसाद एवं बरोरा थाना के मकालीटांड़ निवासी संजय चौहान के 14 वर्षीय पुत्र बलवंत को थाना लाकर पूछताछ की। इसमें दोनों ने पुलिस को बताया कि आइपीएल मैच में हर्षित ने सट्टा लगाया था, जिसमें वह 40 हजार रुपया हार गया था। वह पैसा नहीं दे रहा था। उसी पैसे के लिए उसकी गला दबा कर हत्या कर दी और शव को गाड़ दिया।

**छात्र का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम :** पोस्टमार्टम के पश्चात हर्षित का पार्थिव शरीर महुदा स्थित उसके आवास पहुंचते ही मां और बहन बेसुध होकर शव पर लिपट कर रो रही थीं। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, पंसस समिति अजय दास एवं महुदा डीएवी के प्रभारी प्रधानाध्यापक आरके सिंह, विद्यालय के शिक्षक एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित होकर हर्षित को नम आंखों से आखिरी विदाई दी।

**पूछताछ में कबूला जुर्म :** महुदा थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि मामले के तकनीकी अनुसंधान के दौरान दोनों अभियुक्तों ने पुलिस को अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि हर्षित ने 40 हजार लेने के बाद 60 हजार रुपये लौटाने की बात कही थी, लेकिन नहीं दे रहा था। इसलिए उसको मारने का षड्यंत्र कर अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल संख्या जेएच-10 एल-6391 से महुदा पहुंचकर हर्षित को फोन कर घूमने के बहाने जमुनिया कोल डंप ले गया। फोटो खिंचवाने की बात कह कर एक पत्थर में बैठा दोनों ने पीछे से गमछे के सहारे गला दबा कर गुरुवार लगभग 10 बजे दिन में हत्या कर उक्त स्थल पर ही शव को एक गड्ढे में पत्थरों से दबा कर भाग गये।


FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com



SARALA BIRLA UNIVERSITY
Study Program Collaboration with Berkeley UNIVERSITY OF CALIFORNIA
World Class Infrastructure
Best in Class Placement
ADMISSION OPEN 2022-23
YOGA & NATUROPATHY
- M.Sc. in Yoga Science
- B.Sc. in Yoga Science
- Dip. in Yoga & Fitness Trainer
- Dip. in Yoga Therapy (4 Months - Online)
PERFORMING ARTS (UG/PG)
- Music - Dance - Theater - Fine Arts
B.Tech- EEE / ECE
FLAT 50% SCHOLARSHIP
POST GRADUATE COURSES
M.Tech I MBA I MCA I M.Com I M.A
UNDER GRADUATE COURSES
B.Tech I B.Com (Hons.) I B.A. (Hons.) I BBA
BBA in Capital Market I BCA I B.Sc (Hons.) Mathematics
DIPLOMA COURSES
Diploma in CE I CSE I EEE I ECE I ME
Training and Placement Supported by
ADITYA BIRLA GROUP, HDFC MUTUAL FUND, kotak, TATA AIG, TCS iON, BYJU'S, BSE, TCI, DEASE FIRE, Tally
SARALA BIRLA UNIVERSITY RANCHI
Birla Knowledge City, P.O. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand-835103
7707006061 / 6064 / 6065 / 7707004286 / 4287 / 7257003457
admission@sburanchi.ac.in Toll Free No. : 1800 890 6077 www.sbu.ac.in



YBN UNIVERSITY
Established by the Jharkhand Act of 15, 2017 Gazette Notification No. 505 dated 17th July 2017, Published by Govt. of Jharkhand as per Section 2(f) of UGC Act 1956
Rajaulatu Namkum Ranchi-834010
APPROVALS: Established under Jharkhand Govt. Act; Recognized under section 2(f) of UGC Act; App. by NCTE for Education Programme; App. by PCI New Delhi; App. by BCI for Law Programme; Indian Nursing Council; Approved by Jharkhand Paramedical Council; Member of AIU
Sri Ramjee Yadav
Chairman
विश्व फार्मासिस्ट दिवस
(25 सितम्बर 2022) के शुभ अवसर पर झारखंडवासियों एवं समस्त फार्मासिस्टों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
9570600500, 9431104112, 7061261557, 8882451992
Helpline : ybnuniversity2017@gmail.com • Website : www.ybnu.ac.in


## सोशल मीडिया पर दावा

## चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग को सेना अध्यक्ष पद से हटाया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के हाउस अरेस्ट होने की खबर सोशल मीडिया पर चल रही है। #XiJinping हैशटैग पर हजारों की संख्या में ट्वीट किये जा रहे हैं। भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने भी ट्वीट किया है। बड़ी बात ये है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने न तो इसकी पुष्टि की है, न इसका खंडन किया है। पूर्व सांसद स्वामी ने लिखा- चीन को लेकर एक नयी अफवाह है, जिसकी जांच की जानी चाहिए। क्या शी जिनपिंग नजरबंद हैं? माना जा रहा है कि जब जिनपिंग हाल ही में समरकंद में थे, तब चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने सेना के अध्यक्ष पद से हटा दिया था। उसके बाद अफवाह है कि उन्हें हाउस अरेस्ट किया गया। चीन के भी कई यूजर्स देश में तख्ता पटल की आशंका जताते हुए पोस्ट कर रहे हैं। ये भी दावा किया जा रहा है कि चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने शी जिनपिंग को राष्ट्रपति के पद से हटा दिया है और सत्ता अपने हाथ में ले ली है। ये भी कहा जा रहा है कि अब ली कियाओमिंग चीन के नये राष्ट्रपति बनाये हैं। चीन पब्लिक सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के पूर्व वाइस मिनिस्टर सन लिजुन को मौत की सजा सुनायी गयी है। लिजुन पर अपने पद का गलत फायदा उठाने का आरोप था। अपने 20 साल के कार्यकाल के दौरान सन ने 646 मिलियन यूनान (700 करोड़) की रिश्वत ली और भ्रष्टाचार फैलाया।

आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel



## बिहार में अमित शाह ने लिया नीतीश को आड़े हाथ : गिना डाली नीतीश के धोखे की फेहरिस्त

# घायल चाणक्य का राजनीतिक वैज्ञानिक पर हमला


**आजाद सिपाही विशेष**

केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के चाणक्य कहे जानेवाले अमित शाह ने दो दिन के बिहार दौरे को बेहद कामयाब बताया है। भाजपा को भी इस दौरे से बहुत उम्मीदें हैं। राजनीतिक वैज्ञानिक कहे जानेवाले नीतीश कुमार के हाथों संभवतः सबसे बड़ा राजनीतिक विश्वासघात झेल चुकी भाजपा के लिए यह दौरा कितना अहम था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी तैयारी में उसने अपना सब कुछ झोंक रखा था। नीतीश कुमार के भाजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद यह अमित शाह का पहला बिहार दौरा था। उनके इस दौरे को 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के साथ बिहार में हाल ही में बने महागठबंधन से निपटने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा ने इसके साथ ही 2024 की तैयारी के लिए आओ चलें भाजपा के साथ, करें बिहार का विकास के नाम से अभियान भी शुरू कर दिया है। यहां बड़ा सवाल यह उठता है कि अमित शाह ने अपने दौरे के लिए सीमांचल जैसे क्षेत्र को क्यों चुना, जो पारंपरिक रूप से भाजपा का गढ़ नहीं है। इसकी चार लोकसभा सीटों में से पार्टी के पास केवल अररिया सीट है, जबकि जदयू के पास दो और कांग्रेस के पास एक सीट है। इतना ही नहीं, सीमांचल के इन चार जिलों में कुल 24 विधानसभा सीटें आती हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में इन 24 में से आठ सीटों पर भाजपा, पांच-पांच सीटें कांग्रेस और एआइएमआइएम, चार सीटें जदयू, एक-एक सीट राजद और भाकपा माले ने जीती थी। कुल मिला कर सीमांचल बिहार का मुस्लिम बहुल इलाका है। नेपाल-पश्चिम बंगाल और झारखंड से सटे इस इलाके में मुस्लिम आबादी करीब 46 फीसदी है। अमित शाह ने इस दौरे से भाजपा के इसी कमजोर पक्ष को मजबूत करने की कोशिश की है। लेकिन पूरे बिहार में भाजपा ने नीतीश से दोस्ती निभाने की कीमत पर अपनी जो जमीन खोयी है, उसका क्या होगा, यह सवाल महत्वपूर्ण है। इन तमाम सवालों के जवाब तलाश रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

केंद्रीय गृह मंत्री और आधुनिक भारतीय राजनीति के चाणक्य कहे जानेवाले अमित शाह का बहुप्रचारित दो दिवसीय बिहार दौरा समाप्त हो गया है। उन्होंने इस दौरान मैराथन कार्यक्रम किये। रैली को संबोधित किया, पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में शामिल हुए और कई अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत की। उनके इस दौरे ने बिहार में लगभग पस्त दिख रही भाजपा के भीतर नयी ऊर्जा का संचार तो जरूर किया है, लेकिन इस दौरे का कितना सियासी फायदा भाजपा उठा सकेगी, यह देखना अभी बाकी है। बिहार के जिन चार जिलों, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज और अररिया को मिला कर सीमांचल बनता है, वहां की सियासत पर यदि नजर डाली जाये, तो इस इलाके में भाजपा की स्थिति बहुत मजबूत नहीं दिखती है। चार लोकसभा सीटों में से महज एक सीट उसके पास है, जबकि 24 विधानसभा सीटों में से आठ पर उसका कब्जा है। आम तौर पर माना जाता है कि इस मुस्लिम बहुल इलाके में जदयू और राजद की पकड़ मजबूत रही है। दोनों के साथ आने के बाद इस इलाके में महागठबंधन को फायदा मिलने की उम्मीद है। दावा किया जाता है कि इस इलाके में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की समस्या बहुत ज्यादा है। इसलिए कहा जा रहा है कि अमित शाह का यह दौरा महागठबंन के गढ़ में सेंध लगाने की कोशिश है। 2024 के लिए भाजपा ने मिशन 35 का लक्ष्य रखा है और अमित शाह ने महागठबंधन के मजबूत गढ़ से ही इसकी शुरूआत की है, तो सवाल उठता है कि क्या इससे भाजपा को सियासी लाभ होगा। यह सभी जानते हैं कि सीमांचल में 40 फीसदी से ज्यादा वोट मुसलमानों का है।

**लेकिन नीतीश कुमार को पहले सिर पर चढ़ाया किसने?**



### सीमांचल इलाके को समझिए

सीमांचल बिहार का वो इलाका है, जो नेपाल, पश्चिम बंगाल और झारखंड से सटा हुआ है। इस सीमांचल में बिहार के चार जिले आते हैं- पूर्णिया, किशनगंज, अररिया और कटिहार। पूरे सीमांचल में मुस्लिम आबादी करीब 46 फीसदी है। किशनगंज में 68% मुस्लिम, कटिहार में 44% मुस्लिम, अररिया में 43% मुस्लिम, पूर्णिया में 38% मुस्लिम आबादी। यही वजह है कि बीजेपी को इस इलाके में पटखनी मिलती रही है, इसलिए राजनीतिक पंडितों का मानना है कि अमित शाह ने साल 2024 के चुनाव का बिगुल फूंकने के लिए इस इलाके को चुना है। बिहार के सीमांचल से नेपाल और बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं जुड़ती हैं। यही वजह है कि ये इलाका सुरक्षा के मद्देनजर काफी संवेदनशील रहा है। इतना ही नहीं, अवैध घुसपैठ के लिए भी यह क्षेत्र बदनाम रहा है। किशनगंज से बांग्लादेश की सीमा सिर्फ 17 किलोमीटर दूर है। दावा है कि इसी बॉर्डर से घुसपैठियों की बाढ़ आती है।

### नीतीश के साथ दोस्ती की कीमत अब चुका रही है भाजपा

दरअसल, बिहार में भाजपा की स्थिति फिलहाल पस्त है। यहां संगठन की हालत केरल और तमिलनाडु से भी बुरी बतायी जा रही है, क्योंकि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने नीतीश कुमार के मोह में स्थानीय इकाई को कभी तवज्जो नहीं दी। 2014 में पूरे बिहार में महज दो सीटें जीतनेवाले जदयू को भाजपा ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए 2019 में 20 सीटें दे दी और 17 पर जीत भी सुनिश्चित करायी, जबकि चिराग पासवान जैसे विश्वस्त सहयोगी को उसने मझधार में छोड़ दिया। इतना ही नहीं, 2020 में महज 49 सीटों पर सिमट गये नीतीश को सीएम की कुर्सी सौंप दी।

वहीं नीतीश कुमार ने जब पलटी मारी और भारतीय राजनीति के सबसे बड़े विश्वासघात के अध्याय के नायक बने, तो भाजपा तिलमिला कर रह गयी है। उसे अब पता चल रहा है कि बिहार में की गयी उसकी राजनीतिक भूल की कितनी कीमत अभी चुकानी होगी।

### क्या हुई भाजपा से गलती

भाजपा की बिहार नीति हमेशा से सवालों के घेरे में रही है। खास कर नीतीश कुमार से गठबंधन के मुद्दे पर तो वह इतने सवालों से घिरी है कि इसका जवाब पार्टी नेतृत्व को सूझ नहीं रहा है। जातीय और गुटीय राजनीति के गढ़ बिहार में भाजपा ने न कोई नेतृत्व विकसित किया और न ही नीतीश के आगे कुछ देख सकी। सुशील मोदी जैसे स्थानीय नेता को भी पता नहीं, किस रणनीति के तहत दिल्ली शिफ्ट कर दिया गया, जबकि वह कम से कम एक बैलेंस कायम करने में कायमाब हो रहे थे। भाजपा ने अपनी नीति से परे जाकर नीतीश की हर उचित-अनुचित मांग पर सरेंडर किया और उनकी जुबान बोलती रही। नीतीश ने अपने अहंकार में कभी पीएम मोदी तक को तरजीह नहीं दी। पीएम की बैठकों का बहिष्कार करते रहे और भाजपा चुप्पी साधे रही। विधानसभा में नीतीश कुमार ने सार्वजनिक रूप से स्पीकर का मान मर्दन कर दिया और भाजपा मुंह बंद कर बैठी रही। स्पीकर का गुनाह सिर्फ इतना था कि वह अपने इलाके में हुए पुलिसिया जुर्म पर बोलने के लिए विधायकों को समय दे रहे थे। इससे नीतीश कुमार सरकार की किरकिरी हो रही थी। इसी नीति का परिणाम है कि बिहार में आज भाजपा को सब कुछ शून्य से शुरू करना पड़ रहा है। अमित शाह भी जानते हैं कि भाजपा पहले जब जदयू के साथ थी, तब वह खुल कर हिंदुत्व कार्ड नहीं खेल पाती थी, लेकिन अब जब राज्य का सियासी समीकरण बदल गया है और भाजपा एकला चलो की राह पर है, तब वह अपने एजेंडे पर खुल कर काम करेगी।

### क्या है भाजपा की रणनीति

अमित शाह के दौरे के बाद भाजपा चाहेगी कि महागठबंधन के नेता अल्पसंख्यकों के पक्ष में बयानबाजी करें, जिसके बाद उसे आधार बना कर वह जोर-शोर से इसे उठा सकेगी। इस तरह भाजपा सीमांचल को साधने के साथ पूरे बिहार को साध सकती है। लेकिन यह सब इतना आसान नहीं है। बिहार के मामले में भाजपा को अत्यधिक सतर्क रहना होगा, वरना इसका खामियाजा उसे भुगतना होगा। अमित शाह के सीमांचल दौरे का सियासी संदेश ऐसा ही कुछ कहता है।

### अमित शाह ने गिनायी नीतीश के धोखे की फेहरिस्त

बकौल अमित शाहः नीतीश कुमार ने जॉर्ज फर्नांडिस को भी धोखा दिया। जॉर्ज की जब तबीयत खराब हुई, तो उसके बाद उन्हें हटाने में तनिक भी देर नहीं लगायी। फिर लालू यादव के साथ पहली बार धोखा किया और भाजपा के साथ आ गये। इस बीच में रामविलास पासवान से भी कपट किया। शरद यादव को भी धोखा दिया। फिर भाजपा को धोखा दिया और लालू जी के साथ चले गये। इसके बाद लालू जी को फिर से धोखा दिया और बीजेपी के साथ आ गये। फिर उसके बाद प्रधानमंत्री बनने की लालसा लेकर बीजेपी को धोखा देकर लालू यादव के साथ चले गये हैं। नीतीश की इस फेहरिस्त को गिनाते समय भाजपा के चाणक्य अमित शाह घायल शेर की तरह दहाड़ रहे थे। वह बार-बार भीड़ से यह जानना चाह रहे थे कि इतनी धोखेबाजी के बाद भी क्या जनता नीतीश पर विश्वास करेगी। जनता से आवाज आ रही थी नहीं। लेकिन अमित शाह और भाजपा आलाकमान को भी अब सतर्क रहने की जरूरत है। आज नीतीश की राजनीतिक हैसियत बढ़ाने में भाजपा का महत्वपूर्ण योगदान है। अगर भाजपा ने उन्हें सहारा नहीं दिया होता, तो लालू तो कभी का उन्हें राजनीतिक रूप से सलटा चुके होते। खैर देर आये, दुरूस्त आये। अब शायद ऐसी गलती भाजपा से न हो।

कुल मिला कर अमित शाह ने अपने सीमांचल दौरे से राजनीति और समीकरण की ऐसी बिसात बिछा गये, जिससे महागठबंधन की जातीय गोलबंदी की जगह हिंदुओं की ऐसी गोलबंदी हो, जिसकी गूंज न केवल बिहार में, बल्कि सीमांचल से सटे बंगाल में भी सुनाई पड़े और इसका फायदा भाजपा को मिल सके। अमित शाह ने अपने दौरे में भाजपा के नेताओं और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से बिहार में भाजपा की जमीनी और अंदरूनी सच्चाई जानने की पूरी कोशिश की है और उम्मीद की जा रही है कि लोकसभा चुनाव के पहले वह पार्टी संगठन की कमियों को दूर करेंगे। इसके अलावा अमित शाह के दौरे के बाद भाजपा को बिहार में नयी ताकत मिलने की उम्मीद जगी है, जिसका असर 2024 ही नहीं, 2025 के विधानसभा चुनाव तक रहने की आशा है।

---

## अधिवक्ता राजीव कुमार को नहीं मिली जमानत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इडी ने जवाब के लिए फिर मांगा समय**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को फिलहाल जमानत के लिए अभी और इंतजार करना होगा। शनिवार को उनकी जमानत याचिका पर रांची इडी की स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से एक बार फिर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया। इडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार (काका) की ओर से आग्रह किया गया कि जवाब दायर करने के लिए समय दिया जाये। इडी के अधिवक्ता के आग्रह को स्वीकार करते हुए जवाब देने के लिए कोर्ट ने एक सप्ताह का समय दिया है। अब हाइकोर्ट के वकील राजीव कुमार की जमानत पर 29 सितंबर को सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि 31 जुलाई को झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की कोलकाता से गिरफ्तारी हुई थी। अमित अग्रवाल नामक व्यवसायी ने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में राहत पहुंचाने के नाम पर अधिवक्ता ने पहले 10 करोड़ रुपये की मांग की थी, लेकिन बाद में एक करोड़ रुपये देने की बात तय हुई। पहली किस्त में 50 लाख रुपये लेने के लिए ही राजीव कुमार कोलकाता आये थे। हेयर स्ट्रीट थाने में इसकी शिकायत के बाद अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं।

## विधायक अनूप सिंह ने कोर्ट को बताया: कैसे रची गयी हेमंत सरकार को गिराने की साजिश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांग्रेस के तीन विधायकों का भांडा फोड़ा**

**रांची।** झारखंड में सरकार गिराने की साजिश से जुड़े केस में बेरमो के कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने कोलकाता के साल्ट लेक स्थित एमएलए कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया है। इस मामले में कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी आरोपित हैं। अनूप सिंह ने आरोप लगाया था कि सरकार को अस्थिर करने के लिए विधायकों ने उन्हें 10 करोड़ रुपये और मंत्री पद का आफर दिया था।

उल्लेखनीय है कि तीनों विधायक दो माह पहले कोलकाता में 49 लाख रुपये के साथ पकड़े गये थे। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने तीनों विधायकों को निलंबित कर दिया है। इनके खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष को दल-बदल मामले में शिकायत की गयी है। आलम ने तीनों की विधानसभा की सदस्यता रद्द करने की मांग की है। इस मामले की स्पीकर न्यायाधिकरण में सुनवाई चल रही है।

## 15 लाख का इनामी दीपक उर्फ कारू पर दर्ज हैं 60 केस

**लातेहार में छह जवानों की हत्या मामले में भी था शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस की सूचना पर मुंबई एटीएस द्वारा पिछले दिनों महाराष्ट्र के पालघर से गिरफ्तार 15 लाख का इनामी भाकपा माओवादी दीपक यादव उर्फ कारु यादव के खिलाफ झारखंड के अलग-अलग जिलों में कुल 60 मामले दर्ज हैं। विगत 17 वर्षों से झारखंड के हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, बोकारो, लातेहार और बिहार के गया जिले के विभिन्न थाना में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सबसे महत्वपूर्ण तथा सक्रिय कमांडर दीपक यादव उर्फ कारू यादव ना केवल पुलिस के लिए, बल्कि समाज और सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए बाधक बना हुआ था। हजारीबाग जिला के कटकमसांडी थाना क्षेत्र के दौड़वा (आराभूसाही) गांव का रहनेवाला दीपक यादव उर्फ कारू यादव वर्ष 2004-05 में जमीन विवाद के कारण प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी से जुड़ा। पिछले 17 सालों में इसके द्वारा कई हत्याएं, धमकी, लेवी वसूलने के साथ-साथ पुलिस से मुठभेड़ की दर्जनों घटनाएं अंजाम दी गयीं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण लातेहार के कटिया जंगल में जनवरी 2013 में पुलिस मुठभेड़ में इसके दुर्दांत रवैये के कारण छह पुलिस जवानों के शहीद होने की घटना शामिल है। इस मुठभेड़ में ही दो शहीद जवानों के पेट चीर कर बम/ विस्फोटक लगा कर चार अन्य पुलिस जवानों को मारा गया था। इसके द्वारा वर्ष 2020-2021 में एक महीने के अंदर ही चतरा के मयूरहंड, सिमरिया एवं पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के तीन पुलिस मुखबिरों की हत्या की गयी थी।

### 2006 से नक्सली कांडों में रहा संलिप्त

इससे पूर्व वर्ष 2006 में खासमहल बोकारो कैंप में हमला कर हथियार लूटने और 2007 में गिरिडीह में होमगार्ड शस्त्रागार से हथियार लूटने के अलावे हत्या, लेवी वसूली, आर्म्स एक्ट, पुलिस मुठभेड़, आगजनी,आइइडी विस्फोट के कारण दीपक यादव उर्फ कारू यादव पर विभिन्न जिलों में करीब 60 से अधिक जघन्य मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस की खुफिया विभाग को कारू यादव के महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिली थी। कारू यादव वहां एक चॉल में रह कर अपना इलाज करा रहा था। बाद में झारखंड पुलिस की सूचना पर महाराष्ट्र पुलिस की टीम ने कारू को चॉल से ही गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर पुलिस लेकर हजारीबाग पहुंची।

## इडी का दावा : अवैध खनन मामले की जांच में हुआ खुलासा

# अरबों के स्टोन चिप्स बिहार और बंगाल भेजे गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इडी ने अवैध खनन मामले की जांच में पाया कि साहिबगंज में अवैध खनन कर निकाले गये स्टोन चिप्स को 3782 रेल रैक के सहारे दूसरे राज्यों में भेजा गया। इसमें से 3,531 रैक साहिबगंज के लोडिंग प्वाइंट से और 251 रैक बिहार के पीरपैंती रेलवे साइडिंग से भेजे गये। रेलवे को माइनिंग चालान और अन्य वैध दस्तावेज नहीं दिये गये। इस्टर्न रेलवे के पीरपैंती रेलवे साइडिंग से सीटीएस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 251 रैक पत्थर भेजा। इस कंपनी ने प्रेमप्रकाश की कंपनी के खाते में करोड़ों रुपये ट्रांसफर किये। प्रेम प्रकाश ने अमित अग्रवाल की कंपनी अरोड़ा स्टूडियो के खाते में भी रकम ट्रांसफर की थी।

### वैध दस्तावेज का इस्तेमाल नहीं हुआ

साहिबगंज के आठ लोडिंग प्वाइंट से 6,492 रेल रैक के सहारे स्टोन चिप्स और बोल्डर दूसरे राज्यों में भेजे गये थे। इसमें से 3,531 रेल रैक से भेजे गये स्टोन चिप्स के लिए वैध दस्तावेज का इस्तेमाल नहीं किया गया था। जिले में सक्रिय पत्थर माफिया ने अप्रैल 20 से मार्च 2022 तक की अवधि में ही 3,531 रैक बुक किया। सबसे ज्यादा 1,337 रेलवे रैक बाकुडीह लोडिंग प्वाइंट से बुक किया गया।

| लोडिंग प्वाइंट | रैक |
|---|---|
| मिर्जा चौकी | 177 |
| साहिबगंज | 395 |
| सकरी गली | 789 |
| महाराजपुर | 52 |
| **लोडिंग प्वाइंट** | **रैक** |
| तीनपहाड़ | 11 |
| राजमहल | 52 |
| बाकुडीह | 1337 |
| बरहरवा | 718 |

बरबहरा के लोडिंग प्वाइंट से भी 718 रेल रैक बुक किये गये। दो साल के अंदर 1000 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध खनन किये गये। जांच के दौरान प्रेमप्रकाश की कंपनियों में भी करोड़ों के लेन-देन का मामला पकड़ में आया। उसके कर्मचारी अनिल झा ने जांच में स्वीकारा था कि वह प्रेम प्रकाश के निर्देश पर 10 लाख से पांच करोड़ रुपये तक नकद लाकर उन्हें देता था।

लेन-देन को लेकर प्रेम प्रकाश और संबंधित लोगों के बीच आइफोन के फेस टाइम एप्लिकेशन पर बातचीत होती थी। पीपी की कंपनियों में करोड़ रुपये नकद जमा करने का मामला पकड़ में आया। उसने अपनी हर्बल ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खाते में जमा पांच करोड़ रुपये से अधिक नकद राशि को शराब के व्यापार के मुनाफे में मिला हिस्सा बताया। हालांकि इसे कागजी तौर पर साबित करने में वह असमर्थ रहा।

### पीपी की कंपनी के खाते से पांच करोड़ किये गये ट्रांसफर

प्रेम प्रकाश यानी पीपी की कंपनी के खाते से मेसर्स अरोड़ा स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड के खाते में पांच करोड़ रुपये से अधिक ट्रांसफर हुए थे। यह कंपनी कोलकाता के व्यापारी अमित अग्रवाल की है। प्रेम प्रकाश की कंपनी और लक्ष्मी ग्लोबल्स कंपनी के बीच करोड़ों का लेन-देन हुआ है। लक्ष्मी ग्लोबल्स से मिले पांच करोड़ रुपये को प्रेम प्रकाश ने अपने मित्र संजीव चौधरी के लिए लिया गया कर्ज बताया। हालांकि वह कर्ज से संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जांच में पाया गया कि संजीव चौधरी सीटीएस इंडस्ट्रीज लिमिटेड नामक कंपनी का निदेशक है। इस्टर्न रेलवे से मांगे गये ब्योरे से इसकी जानकारी मिली है कि सीटीएस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने स्टोन चिप्स की ढुलाई के लिए पीरपैंती रेलवे साइडिंग से वित्तीय वर्ष 2015-16 से 2022-23 की अवधि में कुल 268 रैक बुक किया था। इसमें से सिर्फ 17 रैक के मामले में वैध दस्तावेज दिया गया था। शेष 251 रैक से स्टोन चिप्स ढुलाई के लिए कंपनी ने माइनिंग चालान सहित किसी भी तरह का वैध दस्तावेज नहीं दिया था। कंपनी ने पीरपैंती रेलवे साइडिंग से सबसे ज्यादा 117 रैक वित्तीय वर्ष 2018-19 में बुक किया था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+ ■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
187200 Subscribers
YouTube Channel | Subscribe NOW | No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.2 °c | 22.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.43 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.38 बजे |



### हेमंत सरकार के 1000 दिन पूरे, झामुमो ने गिनायी उपलब्धियां

# हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक लाख दिन काम करेगी सरकार : सुप्रियो भट्टाचार्य

**20 वर्ष में पहली बार जेपीएससी नियमावली बनायी गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार के 1000 दिन पूरे होने पर झामुमो ने सरकार के हजार दिन की उपलब्धियां गिनायीं। शनिवार को झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हेमंत सरकार के 1000 दिन की बड़ी उपलब्धियों को सामने रखा। 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति बनाने का फैसला, ओबीसी आरक्षण को 27 फीसदी करने का फैसला, निजी क्षेत्रों में स्थानीय के लिए 75 फीसदी आरक्षण जैसी सरकार के कई फैसलों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार 1000 दिन में जिस दिशा में बढ़ी है, उससे यह लगता है कि आगे एक लाख दिन यह सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काम करेगी। सुप्रियो ने कहा कि हेमंत सरकार ने ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी करने का फैसला लिया। कैबिनेट में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति बनाने की मंजूरी दी। सरना आदिवासी धर्मकोड सर्वसम्मति से विधानसभा में पारित हुआ। झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग का पुनर्गठन हुआ। झारखंड में पहली बार जनजातीय महोत्सव का आयोजन किया गया। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को पुनः अधिसूचित नहीं करने का फैसला लिया गया। हजारीबाग के बड़कागांव में एनटीपीसी को हस्तांतरित 26 रैयतों को 56.88 एकड़ भूमि वापस दी गयी। वहीं सरायकेला में भी 5 एकड़ भूमि रैयत को वापस हुई। कैबिनेट की पहली बैठक में पत्थलगड़ी के मुकदमे वापस लेने का निर्णय हुआ। हेमंत सरकार ने राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू किया। सोना सोबरन धोती साड़ी योजना शुरू हुई, जिससे 10 रुपये में वर्ष में दो बार गरीबों को वस्त्र मिल रहा। 2013 से राशन कार्ड से वंचित 15 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड देने की प्रक्रिया शुरू हुई। राज्य सरकार ने यह संख्या 15 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत आठवीं और नौवीं की छात्राओं को 2,500, 10वीं से 12वीं के छात्राओं को 5000 और 18 से 19 साल की किशोरियों को 20000 एकमुश्त अनुदान मिलेगा। राज्य गठन की बाद पहली बार 24 जिला खेल पदाधिकारी नियुक्त हुए। 20 वर्ष में पहली बार जेपीएससी नियमावली बनायी गयी। 64,000 पारा शिक्षक और 74,000 आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को अधिकार मिला। 20 वर्ष में पहली बार 39 खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति मिली। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से 4,000से अधिक युवाओं को लाभ मिला। राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नयी उद्योग प्रोत्साहन नीति लागू की गयी। मुख्यमंत्री पशुधन योजना से एक लाख किसानों को जोड़ा गया। केसीसी के अंतर्गत 13.84 लाख किसानों को जोड़ा गया। किसान ऋण माफी योजना से 4 लाख किसानों को मदद की गयी। मनरेगा अंतर्गत श्रमिकों की मजदूरी 225 रुपये किया गया।

# मुख्यमंत्री से मिला राजी पड़हा जतरा समिति मुड़मा का प्रतिनिधिमंडल



**दो दिवसीय जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का दिया निमंत्रण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ऐतिहासिक राजी पड़हा जतरा समिति, मुड़मा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने दो दिवसीय जतरा 12 अक्टूबर, 2022 के पूजा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा मुड़मा (मेला) 2022 आयोजन के लिए राज्य सरकार से वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराये जाने का भी निवेदन किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, धर्मगुरु तथा राजी पड़हा जतरा समिति, मुड़मा के मुख्य संयोजक बंधन तिग्गा, अध्यक्ष जगराम उरांव, सचिव रंथू उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी-व्यापार की स्थिति में कुछ उलझनों का सामना होगा, आवश्यक कार्य में सफलता।
- **वृष** — प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी
- **कर्क** — नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने का संयोग बन सकता है, गृह-भूमि का सुख मिलेगा।
- **सिंह** — रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** — परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा. स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **वृश्चिक** — जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।
- **धनु** — शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** — इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष से सीधा संवाद करता है : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बूथ अध्यक्ष से सीधा संवाद करता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता का पद सर्वोपरि है, जो कभी पूर्व नहीं होता। कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के संगठन में कार्यकर्ता सहज और सरल स्वभाव के हैं। साथ ही पार्टी के विचारों के प्रति समर्पित हैं। मैं भी एक कार्यकर्ता के रूप में झारखंड में संगठन का कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही कार्यकर्ताओं के सहयोग और समर्पण से पार्टी झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। लक्ष्मीकांत वाजपेयी भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में हुई बैठक में बोल रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर लक्ष्मीकांत वाजपेयी का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

### प्रदेश भाजपा को एक अनुभवी मार्गदर्शक मिला : दीपक प्रकाश

दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड भाजपा को डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी जैसा एक अनुभवी मार्गदर्शक मिला है, जिनके मार्गदर्शन में पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हम सब खुशनसीब हैं कि राज्यसभा में बतौर मुख्य सचेतक वाजपेयी का मार्गदर्शन एक अभिभावक की तरह मिलता है। वाजपेयी का लंबा सांगठनिक और प्रशासनिक अनुभव है। चार बार ये विधानसभा सदस्य चुने गये। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रहे और आज राज्यसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इनके नेतृत्व में लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर होगी।

### सहजता और सरलता ही वाजपेयी की पहचान : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का स्वागत करते हुए कहा कि लक्ष्मीकांत सहजता और सरलता के पर्याय हैं। साथ ही इरादों और संकल्पों के दृढ़ निश्चयी भी हैं। उन्होंने वाजपेयी के कार्यकाल की मंगल कामना करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश में इनके मार्गदर्शन में बूथ स्तर तक मजबूत बनेगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, सांसद सुनील सिंह, प्रणव वर्मा, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, विधायक नवीन जायसवाल, शर्मिला रजक, रीता मिश्रा, मिस्त्री सोरेन, सहित हेमंत दास, सूरज चौरसिया, मनोज सिंह, सुमन कुमार, पंकज सिन्हा, राजश्री जयंती, विधायक बिरंची नारायण, भानु प्रताप शाही, मनीष जयसवाल, अरुण उरांव, शिवपूजन पाठक, प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, सरोज सिंह, अविनेश कुमार, कुणाल षाडंगी, अमित सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, रमेश पुष्कर, राजीव तिवारी, रंजीत चंद्रवंशी, तारिक इमरान सहित विभाग एवं प्रकोष्ठ के संयोजक शामिल हुए।

### भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल व प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

इससे पहले प्रदेश प्रभारी श्री वाजपेई ने पद्मश्री अशोक भगत से आरोग्य भवन में मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इसके बाद उन्होंने कोकर स्थित धरती आबा, भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल व प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की, स्वच्छता कार्यक्रम में सहभागिता निभायी एवं पौधारोपण किया। तत्पश्चात कोकर मंडल के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान के यहां जलपान किया। श्री वाजपेयी अपनी पांच दिवसीय दौरे के बाद शनिवार शाम को सेवा विमान से दिल्ली रवाना हो गये।

# भू-राजस्व सचिव बने केके सोन, प्रशांत कुमार को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव का प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**अजय कुमार सिंह प्रधान सचिव वित्त विभाग रांची के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे**

**रांची।** राज्य सरकार ने सचिव स्तर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला किया है। प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए प्रधान सचिव ग्रामीण कार्य विभाग रांची के पद पर नियुक्त किया गया। अजय कुमार सिंह अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव वित्त विभाग रांची के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। योजना विकास विभाग के सचिव राहुल शर्मा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पंचायती राज सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, रांची के सचिव और अतिरिक्त प्रभार परिवहन सचिव को स्थानांतरित करते हुए उन्हें भू राजस्व सचिव रांची के पद पर नियुक्त किया गया।

पर्यटन सचिव अमिताभ कौशल को स्थानांतरित करते हुए उन्हें सचिव योजनाएं विकास विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया। अमिताभ कौशल आपदा सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव मनीष रंजन को स्थानांतरित करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का सचिव बनाया गया। वहीं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा को स्थानांतरित करते हुए परिवहन सचिव बनाया गया। राजेश कुमार शर्मा अपने कार्यों के साथ परिवहन आयुक्त झारखंड के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। पेयजल सचिव प्रशांत कुमार को स्थानांतरित करते हुए जल संसाधन सचिव बनाया गया। प्रशांत कुमार अपने कार्यों के साथ सचिव ग्रामीण विकास विभाग तथा प्रशासक स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना जमशेदपुर के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। निदेशक कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के श्रीनिवासन को स्थानांतरित करते हुए सचिव कल्याण विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया। निदेशक सूचना प्रौद्योगिक विभाग मनोज कुमार को स्थानांतरित करते हुए पर्यटन कला खेलकूद विभाग के सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। निबंधक महा निरीक्षक रांची विप्रा भाल को स्थानांतरित करते हुए सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग रांची के पद पर नियुक्त किया गया। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी।

# हर पंचायत में खुलेगी डिजिटल पंचायत पाठशाला

**रांची प्रेस क्लब में कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** डिजिटल शिक्षा अभियान के तहत झारखंड के सभी 24 जिलों में एक मुहिम के तौर पर डिजिटल पंचायत पाठशाला खोली जायेंगी। रांची प्रेस क्लब में आयोजित एक कार्यशाला के दौरान बोलते हुए डिजिटल पंचायत पाठशाला के संस्थापक सौरभ कुमार ने कहा कि ग्रामीण भारत को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ कर एक नयी शिक्षा प्रणाली विकसित की जायेगी। इसके तहत ग्रामीण नौजवानों को डिजिटल पंचायत पाठशाला में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उसके सामाजिक सरोकार और हर सवाल का सटीक जवाब डिजिटल के प्लेटफार्म पर लगभग निःशुल्क दी जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड को हम पूरे देश की डिजिटल पंचायत पाठशाला के तौर पर एक मॉडल बनाने जा रहे हैं। आदिवासी समुदाय के समाज का डिजिटलीकरण करके एक नया आयाम स्थापित किया ही जायेगा साथ ही ग्रामीण तबकों की प्रतिभाओं की पहचान करके देश के स्तर पर ग्रामीण नौजवानों की प्रतिभा का सम्मान किया जायेगा। कार्यशाला में बोलते हुए श्रम एवं नियोजन विभाग के सहायक निदेशक निशी कांत मिश्रा ने कहा कि यह मुहिम अपने आपमें न सिर्फ नायाब है, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को जिम्मेदारी के साथ डिजिटल माध्यमों से जोड़ कर उनके समग्र विकास का यह पाठशाला नया रास्ता खोल सकती है। झारखंड सरकार पहले से ही इस तरह की योजनाओं पर काम कर रही थी।

कार्यशाला में बोलते हुए डिजिटल पंचायत पाठशाला के बिहार झारखंड के कोऑर्डिनेटर दिनेश्वर झा ने कहा कि इस मुहिम की पायलट प्रोजेक्ट सबसे पहले देश के 80 से अधिक नवोदय विद्यालय में किया गया, जिसका परिणाम बहुत सकारात्मक रहा। फिर उसके बाद हम लोगों ने बिहार की 70 से अधिक पंचायतों में डिजिटल पंचायत पाठशाला को एक मुहिम के तौर पर डिजिटल आंदोलन के रूप में परिवर्तित किया। अब हम लोग झारखंड में डिजिटल पंचायत पाठशाला की शुरूआत करके एक नया रोल मॉडल बनाना चाहते हैं। कार्यशाला का संचालन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार संजय झा ने कहा कि झारखंड के 24 जिलों में डिजिटल पंचायत पाठशाला ग्रामीण प्रतिभाओं की तलाश के साथ-साथ उसे मजबूती देने का नया अभियान है। इस मौके पर अमन कुमार, गौरव कुमार, नेशनल पीपुल्स पार्टी के उपाध्यक्ष पंकज सिंह, महासचिव अमर महतो सहित दर्जनों लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये और डिजिटल पंचायत पाठशाला को तेजी से बदलती दुनिया का एक नया पाठशाला बताया।

### पर्ची नगर निगम की, वसूली कर रहे हैं गुंडे : पूछने पर कहते हैं, गूगल करके देख लो, कितना बड़ा गुंडा है

# राजधानी रांची में बेलगाम हो गये हैं पार्किंग वाले गुंडे

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची नगर निगम ने पैसे के लिए पार्किंग स्थल को गुंडों के सुपुर्द कर दिया है। राजधानी रांची के मेन रोड स्थित जीएल चर्च कॉप्लेक्स के सामने वाले रोड पर स्थित पार्किंग अब बेलगाम गुंडों की देख-रेख में चल रही है। बेलगाम इसलिए क्योंकि वे लोग सारे नियम कानून को ताक पर रख कर आम लोगों से मनमानी वसूली कर रहे हैं और वह भी दिनदहाड़े और नगर निगम की नाक के नीचे। जीएलचर्च कॉप्लेक्स रांची के मध्य में बसा है। यह इलाका रांची का सबसे हाई प्रोफाइल इलाका है। यहां रांचीवासी अपने परिवार के साथ आते हैं और समय बिताते हैं। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि ठीक उन्हीं के आस-पास ऐसे नमूने और गुंडे हैं, जो पार्किंग के नाम पर मनमाने तरीके से उनसे पैसे वसूल सकते है और पूछने पर पार्किंग के ओनर का नाम बता कहेंगे कि यह यहां का सबसे बड़ा गुंडा है। पुलिस और नेता इसके तलवे चाटते हैं, इसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, तो तुम लोग क्या चीज हो। और उसके बारे में अगर और जानना है तो उसका नाम गुगल कर लेना। और देख लेना कि वह गुंडा ही नहीं सभी गुंडों का बाप है। यह सब सुन कर आम आदमी उन्हें मुंह नहीं लगाता और अपनी जेब से उन्हें पैसे दे देता है।

पैसे देने के बाद रसीद मांगने पर वह अपको और दो बात सुना देगा और जेब से एक छोटी सी पर्ची निकाल कर और उस पर्ची पर कलम से कुछ घसीट कर लिख देगा, जिसे आप पढ़ भी नहीं सकते। सबसे खास बात यह कि वह बड़ी ही चतुराई से पर्ची पर छपी राशि को काट देता है और पूछने पर आपको धमका कर कहेगा कि जो बोल दिया, उतना देना पड़ेगा। पर्ची पर रांची नगर निगम का नाम छपा होता है, जो आम लोगों को और भी मायूस कर देता है। पर्ची देख कर ऐसा लगता है, जैसे कि नगर निगम भी इन जैसों का साथ दे रहा है।

अगर पर्ची पर नगर निगम का नाम छपा हो, तो लोग सवाल जरूर करेंगे कि पार्किंग का चार्ज कितना है। लेकिन सवाल के जवाब में पार्किंग के ओनर के नाम की धमकी मिलती है, और कहा जाता है कि गुगल करके देख लो कि वह कितना बड़ा गुंडा है ।

अब सवाल नगर निगम से है। आखिर क्यों इन जैसे लोगों को प्रसाशन सामाजिक कार्यों का ठेका देता है? क्यों ऐसे गुंडों को ठेका और टेंडर दिया जाता है? क्या ठेका और टेंडर देने से पहले इनका वेरिफिकेशन नहीं किया जाता? क्यों ऐसे असामाजिक और सड़क छाप गुंडों को ऐसे कार्यों में लगा दिया जाता है, जो आम लोगों की सेवा से जुड़ा हुआ होता है?

सड़क पर पार्किंग की सुविधा आम लोगों की सहूलियत के लिए होती है ना कि उनसे मनमाना वसूली के लिए। अगर ऐसा है तो नगर निगम उस पर्ची पर से अपना नाम हटा दे और उस तथाकथित गुंडे का नाम छापे, जिससे नगर निगम का नाम बदनाम तो नहीं होगा।

# सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 11 नवंबर को होगा संसद मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के बैनर तले देशावली सरना स्थल, हरमू में धर्मगुरु बंधन तिग्गा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सरना धर्म कोड को लेकर अक्तूबर में झारखंड के राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत दिल्ली के मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेताओं को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि दिल्ली में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर 11 नवंबर को मंडी हाउस से जंतर-मंतर तक संसद मार्च किया जायेगा और धरना दिया जायेगा। 12 नवंबर को गांधी पीस फाउंडेशन सभागार, नयी दिल्ली में राष्ट्रीय सरना धर्म अधिवेशन होगा। वहीं, 26 फरवरी 2023 को रांची में सरना धर्म कोड महारैली होगी। बैठक को डॉ करमा उरांव, नारायण उरांव, बलकू उरांव, शिवा कच्छप, बिरसा कंडीर, अमर उरांव, कमले उरांव, रेणु तिर्की, सुरेश उरांव, संगम उरांव, सुष्मिता पूर्ति और लालू उरांव ने संबोधित किया। संचालन राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के जिला महासचिव चंपा कुजूर और धन्यवाद ज्ञापन राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा ने किया।






आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 25 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


**दुर्गोत्सव : कलश स्थापना कर भक्ति में लीन रहेंगे श्रद्धालु, देवी मंदिरों में सुबह से लगेगा भक्तों का तांता**

# पितृ पक्ष का विसर्जन आज, नवरात्र कल से

### पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु मां से मांगेंगे आशीष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आश्विन मास की अमावस्या रविवार को पितृपक्ष विसर्जन के साथ ही मां के आगमन का आगाज हो जायेगा। देवी मंदिरों सहित शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में मंगल कलश स्थापित की जायेगी। विधिविधान से पूजा-पाठ कर श्रद्धालु नौ दिनों तक मां की आराधना में लीन हो जायेंगे। मां भवानी के विभिन्न स्वरूपों का ध्यान धर मनोवांक्षित फल की कामना करेंगे। इसके लिए शहर के विभिन्न मंदिरों में खास इंतजाम किये गये हैं। अलकापुरी स्थित शिव मंदिर, रातू रोड दुर्गा मंदिर, प्राचीन राम मंदिर चुटिया, कृष्णानगर कालोनी स्थित राधाकृष्ण मंदिर, जैप वन के डोरंडा अवस्थित दुर्गा मंदिर, यज्ञा बाबा आश्रम मोरहाबादी आदि में विशेष आयोजन किये जा रहे हैं। दुर्गा बाडी मेन रोड में दो साल बाद इस बार महाल्या का आयोजन किया जा रहा है। बंग समुदाय के लोग भक्ति भवना से मां के आगमन की खुशियां मनायेंगे। गुजराती भी इस बार डांडिया कर मां अंबे को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



### महिषासुरमर्दिनि का जीवंत मंचन लुभायेगा

दुर्गोत्सव बंग समुदाय के लिए भक्ति का सौगात लेकर आता है। इस बार बंगाली समुदाय भी पूरे हर्षोउल्लास से दुर्गा पूजा मनाने को उत्साहित है। रविवार की शाम इसका आगाज महालया के साथ होगा। इस मौके पर भक्ति भावना के साथ श्रद्धालु मां दुर्गा को पुत्री के रूप में आमंत्रित करेंगे। महालया पर दुर्गा बाड़ी, मेन रोड में रविवार की शाम साढ़े छह बजे से महिषासुरमर्दिनि का खास आयोजन किया जा रहा है। उदित कलासिकल एंड मॉडर्न डांस इंस्टिट्यूट के 60 कलाकार ख्यातीप्राप्त नृत्यांगना रूपा डे के निर्देशन में महिषासुरमर्दिनि का जीवंत मंचन करेंगे। सुरजीत, पूर्णिमा, प्रियदर्शनी, कोंकाना, आरूषि, अनन्या, तनुश्री, सुभाश्री, शारा मैत्री, आद्रिका, आरोनी आदि मां भगवती के नौ रूपों की महिमा का जीवंत मंचन करेंगी। दुर्गा बाड़ी के प्रवक्ता प्रदीप राय बाबू भाई ने समुदाय के लोगों के आम भक्तगन से इसमें बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है। इसके अलावा अन्य बंगला मंडपों में भी मां भवानी के आगमण का खास उत्सव मनाया जायेगा।

### शिव मंदिर, अलकापुरी से निकलेंगी कलश यात्रा

नवरात्र के मौके पर सोमवार को अलकापुरी शिव मंदिर में कलश स्थापना पूजन होगा। सुबह आठ बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। श्रद्धालु रातू रोड, पहाड़ी मंदिर होते हुए राणी सती मंदिर पहुंचेंगे। यहां से पवित्र जल कलश में भरकर वापस मंदिर लौटेंगे। बाद में नेम-निष्ठा से कलश स्थापित कर मां आराधना की जायेगी। नौ दिनों तक पूजा-पाठ का दौर चलेगा। इस बीच महाषष्ठी को मां की भव्य प्रतिमा स्थापित की जायेगी। मंदिर कमेटी के सुनील कुमार और दिलीप चौधरी ने बताया कि पूजा-अर्चना के बाद षष्ठी के दिन आम भक्तों के लिए मां की प्रतिमा का पट खोल दिया जायेगा। दर्शन-पूजन का सिलसिला विजयदशमी तक चलेगा। इस बीच पूजा-पाठ, भजन और प्रसाद वितर आदि कार्यक्रम होंगे। सुनील कुमार ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने का आग्रह किया है।

## पंडालों का जायजा लेने निकली टीम

### अधिकारियों ने कहा- समन्वय बना कर चलें, हम साथ हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से पूजा पंडालों का दौरा किया गया। अधिकारियों ने पूजा समिति के आयोजकों से जहां उनकी समस्या सुनी और समाधान का आश्वासन दिया, वहीं पूजा के सफल आयोजन को लेकर खास दिशानिर्दश भी दिये। कहा कि व्यवस्था बना कर चलें, हम सब आपके साथ हैं। दुर्गोत्सव में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। संवेदनशील स्थलों पर बने पूजा पंडालों में सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जायेगा। अफवाह से फैलाने वाले और समाजविरोधी तत्वों की जानकारी कंट्रोल रूम को तत्काल दें। बकरी बाजार प्रांगण में दोपहर रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले विभिन्न पूजा समिति के आयोजकों संग प्रशासन की बैठक भी हुई। इसमें उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी कौशल कुमार और सिटी एसपी अंशुमन ने खास तौर से हिस्सा लिया। कोतवाली थानाप्रभारी शैलेश प्रसाद सहित नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त शीतल कुमार, यातायात डीएसपी जीतवाहन उरांव, शहरी अंचल के सीओ अमित भगत आदि मौके पर विशेष रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन समिति के संयोजक मुनचुन राय ने किया। भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार और रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अशोक पुरोहित, हीरालाल साहू, कुणाल आजमानी, राहुल यादव, दीपक ओझा, शैलेश्वर दयाल सिंह, रमेश गुप्ता, उदय सिंह मुन्ना, राजेश ठाकुर, राजकुमार महतो, कुंदन सिंह, राजेंद्र सिंह, विश्वजीत घोष, प्रेम सिंह, राहुल शर्मा, सहित शहर के कई पूजा समिति के पदाधिकारी बैठक में भागीदारी निभायी।




### टीम रांची बन, करें पूजा का भव्य आयोजन : डीसी

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि हम सब टीम रांची बन, दुर्गा पूजा के भव्य आयोजन को सफल बनायें। राजधानी की छवि धुमिल ने हो, इसे ध्यान में रख सौहार्द्र की मिसाल पेश करें। उपायुक्त ने पूजा आयोजन समिति के लोगों से कहा कि आंतरिक अनुशासन और सुरक्षा जरूरी है। इसके अभाव में सफलता की कामना नहीं की जा सकती। टीम बना कर काम करें। सभी हर जगह काम करेंगे तो नहीं चलेगा। कार्यों की जिम्मेवारी टोली बना कर सभी को दें। डीसी ने विद्युत, सीसीटीवी और पार्किंग आदि का खास इंतजाम रखने की बात कही।

### गुरुवार को ही करें प्रतिमा विसर्जन : एसएसपी

एसएसपी कौशल किशोर ने पूजा समिति के आयोजकों से निवेदन करते हुए कहा कि इंटनेशनल क्रिकेट मैच को ध्यान में रख, गुरुवार छह सितंबर को मां की प्रतिमा का विसर्जन कर दें। इससे प्रशासन में व्यवस्था बनाये रखने में सुगमता होगी। एसएसपी ने यातायात, फायर और भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर खास दिशानिर्देश दिया। किसी तरह से सार्टसर्किट न हो इसका मुकमल व्यवस्था करें।

### मोबलाइज होकर करें काम : सिटी एसपी

सिटी एसपी अंशुमन ने कहा कि पूजा के सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दें। मोबलाइज होकर काम करें। पूजा स्थल के दूर स्थान चयनित कर पार्किंग की व्यवस्था करें। दो पहिया और चार पहिया वाहन को पार्किंग में लगा कर ही श्रद्धालु पूजा पंडाल में पहुंचे। फायर से संबंधित खतरे को ध्यान में रख सुरक्षात्मक व्यवस्था का इंतजाम करें। हर बात का खास ध्यान रखें। छोटा सा भी फाल्ट, पूरे आयोजन की मिठास को खटाई में बदल सकता है।

## चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्ट का अहम योगदान : डॉ संजय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

### पारस एचइसी अस्पताल में मनाया गया फार्मास्यूटिकल दिवस

**रांची।** धुर्वा स्थित पारस एचइसी अस्पताल में शनिवार को एक दिन पूर्व विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। बता दें कि हर साल 25 सितंबर को यह दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्टों की भूमिका का सम्मान करना है। पारस एचइसी अस्पताल में इस कार्यक्रम के आयोजन में अस्पताल के मेडिकल अध्यक्ष डॉ संजय कुमार, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ सुधाकर मानव, पारस अस्पताल के प्रबंधक डॉ नितेश कुमार और फामेर्सी की पूरी टीम मौजूद थी। बता दें कि इस वर्ष फार्मास्यूटिकल दिवस का थीम फार्मेसी यूनाइटेड इन एक्शन फॉर अ हेल्दीअर वर्ल्ड है। मेडिकल अध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में फार्मासिस्ट की भूमिका सर्वोपरि होती है। मरीजों को सही दवा देना और उन्हें डोज की सही जानकारी देना फार्मासिस्ट का ही काम होता है। इसलिए जरूरी है कि फार्मासिस्ट अपनी भूमिका को समझते हुए गंभीरता अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें, ताकि समाज को उसका समुचित लाभ मिल सके।

डॉ संजय ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल फेडरेशन की स्थापना 1912 में 25 सितंबर के दिन ही हुई थी। पारस एचइसी अस्पताल के सभी फार्मासिस्ट व अस्पताल प्रबंधन के अन्य अधिकारी समेत करीब 100 अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एसएसपी ने नामकुम थाने के मुंशी को किया निलंबित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना के मुंशी भूषण कुमार को घूस मांगने के आरोप में एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार को निलंबित कर दिया है। इससे पूर्व डीएसपी नीरज कुमार ने मुंशी के खिलाफ जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें आरोप सही पाया गया था। मुंशी भूषण कुमार पर चोरी की बाइक बरामद होने पर पीड़ित शशांक कच्छप से 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है। शशांक ने इसकी शिकायत एसएसपी से की थी। इसके बाद एसएसपी ने मुख्यालय प्रथम डीएसपी नीरज कुमार को जांच का आदेश दिया था।

अरगोड़ा के शशांक की बाइक लोवाडीह से 21 सितंबर को चोरी हुई थी। जब नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने गया तो उसे मुंशी ने 21 और 22 सितंबर तक दौड़ाया।

बाइक शुक्रवार को मौलाना आजाद कॉलोनी से बरामद की गयी थी। इसके बाद मुंशी ने शशांक से पैसे की मांग की। शशांक ने इसकी शिकायत एसएसपी से की। इसके बाद त्वरित करवाई करते हुए मुंशी को निलंबित कर दिया गया।

## वाइबीएन और विनोबा भावे विवि के बीच एमओयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के बीच एमओयू साइन हुआ है। इस समझौते का उद्देश्य अर्थशास्त्र के क्षेत्र में शिक्षण, अनुसंधान सहयोग स्थापित करना, विभागीय शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देना साथ ही विभाग के बीच ज्ञान साझा करना है। मीडिया से बात करते हुए विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार और डॉ कमलकांत पात्रा ने बताया कि इस एमओयू के साइन होने से दोनों यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा जो यूजी, पीजी और पीएचडी कर रहे विद्यार्थियों को जॉइंट रिसर्च प्रपोजल, सेमिनार, वर्कशॉप, कॉन्फ्रेंस, एकेडमिक मीटिंग के साथ-साथ लाइब्रेरी और जनरल के साथ-साथ उनके प्लेसमेंट में भी काफी मददगार होगा। इस अवसर पर वाइबीएन विश्वविद्यालय के डॉ मनोज कुमार और डॉ कमलकांत पात्रा एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय से डॉ प्रकाश चंद्र देवगढ़िया डॉ उमेंद्र सिंह और डॉ इप्सा खातून मौजूद थे। इस उपलब्धि के लिए वाइबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन रामजी यादव, सीइओ दीपक कुमार, रजिस्ट्रार डॉ रमन दुबे, डिप्टी रजिस्ट्रार संजय तिवारी,डीन एकेडमिक अंकिता कुमारी, वीसी एसपी यादव ने डिपार्टमेंट के सभी अधिकारी को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।



## एटीएस की टीम ने की मॉक ड्रिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच क्रिकेट मैच 9 अक्टूबर को होना है। इसके लिए सुरक्षा की तैयारियों को लेकर एटीएस (आतंकवाद निरोधी दस्ता) ने शनिवार को जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल में काल्पनिक रूप से बंधक बनाये हुए व्यक्तियों को एटीएस के अत्याधुनिक हथियारों से लैस टीम ने कौशल का प्रदर्शन करते हुए उन्हें रिहा कराया। इस दौरान जरूरी उपकरणों में अग्निशमन गाड़ी और एंबुलेंस की तैनाती की गयी थी। पूरे अभ्यास के दौरान ड्रोन कैमरे के साथ वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करायी गयी।



**महत्वपूर्ण न्यूज**

### सीआइपी में मना आयुष्मान भारत पखवाड़ा



रांची (आजाद सिपाही)। कांके केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआइपी) में आयुष्मान भारत पखवाड़ा के तहत शनिवार को संस्थान के ओपीडी प्रतीक्षालय में संस्थान के निदेशक प्रो (डॉ) बासुदेव दास ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार तथा राज्य सरकार की ओर से दी गयी एक महत्वपूर्ण सुविधा है, जो गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों के लिए एक संजीवनी की तरह है। उन्होंने संस्थान में आये सभी लोगों से आग्रह किया कि वो इस योजना का पूरा लाभ उठायें। उन्होंने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत मरीजों तथा उनके परिवार के सदस्यों से नेशनल डिजिटल हेल्थ आइडी (आभा आइडी) बनाने का भी अनुरोध किया और कहा कि ये दोनों सुविधाएं संस्थान में उपलब्ध हैं। संस्थान के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं ओपीडी प्रभारी डॉ अरविंद कुमार ने योजना से जुड़ी महत्वपूर्ण सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। आयुष्मान योजना के तहत वैसे परिवार जिनके पास लाल, हरा या पीला राशन कार्ड है वो इस योजना का लाभ ले सकते हैं। राज्य में झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के द्वारा संचालित इस योजना में मरीजों को अस्पताल में भर्ती से भर्ती के दौरान पूरा खर्च सरकार वहन करती है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साइकेट्रिक सोशल वेल्फेयर ऑफिसर बीडी गौतम ने और धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के प्रशासकीय पदाधिकारी डॉ अविनाश शर्मा ने दिया। इस कार्यक्रम में डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी, डॉ. सपना कुमारी, आरोग्य मित्र अमित कुमार, सिस्टर कविता ओझा उपस्थित थे।

### बीआइटी मेसरा में एक दिवसीय कार्यशाला



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को बुद्धा इंस्टीट्यूट, बीआइटी मेसरा और जेएसएलपीएस द्वारा विकासपरक उद्यम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय ने विकास परक उद्यम पर आधारित कई सरकारी योजनाओं पर चर्चा की। इसके अलावा सखी मंडल की महिलाओं ने तसर वैल्यू चेन पर स्टॉल लगाकर की अपने कार्यों प्रदर्शनी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विकासपरक उद्यममें सार्थक जुड़ाव तलाशने और छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाना था। इस पहल के जरिए शीर्ष 50 शैक्षणिक संस्थानों के लगभग 10,000 छात्रों तक पहुंच कर छात्रों को सामाजिक न्याय और गरीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया जायेगा। कार्यक्रम में बुद्धा संस्थान से हितेंद्र सिंह ने विकास क्षेत्र, उसमें उद्यमशीलता के अवसर और भूमिका पर चर्चा किया। वहीं आरिफ अख्तर ने जेएसएलपीएस द्वारा तसर वैल्यू चेन पर किये जा रहे कार्यों पर चर्चा की, उन्होंने बताया की कैसे अब ग्रामीण माहिलाएं तसर की वैज्ञानिकविधि से खेती कर अपनी आजीविका सशक्त कर रहीं है।

### रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक




कोलकाता (आजाद सिपाही)। पूर्व रेलवे में अप्रैल-जून, 2022 तिमाही की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक महाप्रबंधक अरुन अरोरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष सहित मंडलों एवं कारखानों के अपर मुराधि एवं उप मुराधि ने भाग लिया। समिति के पदेन सदस्य सचिव एवं उप महाप्रबंधक (राजभाषा) पीसी डांग ने सर्वप्रथम महाप्रबंधक को इस बैठक की अध्यक्षता करने और हिंदी को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए धन्यवाद दिया। बैठक में महाप्रबंधक ने कहा कि राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोये रखने में हिंदी अहम भूमिका निभाती है। मुख्य राजभाषा अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यालय पूर्व रेलवे अहिंदी भाषी क्षेत्र में स्थित है। अहिंदी भाषी क्षेत्र होने के कारण यहां राजभाषा के रूप में हिंदी को लागू करना एक चुनौती भरा कार्य है। हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता को महाप्रबंधक ने पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया। महेंद्र नाथ ओझा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(सिस्टम) ने रामधारी सिंह दिनकर की रचनाओं का काव्य पाठ किया। इसके अतिरिक्त अधिकारियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारियों ने भाग लिया। समिति के पदेन सदस्य सचिव एवं उप महाप्रबंधक (राजभाषा) पीसी डांग ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

**खुशी बांटी : आंगनबाड़ी केंद्र में खिलौने लेकर पहुंचे सांसद संजय सेठ**

# नमो टॉय बैंक से खिलौने पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

### सभी संस्थाओं के प्रति आभार जताया, जिन्होंने टॉय बैंक के लिए खिलौने प्रदान किये हैं

**रांची।** शनिवार को सांसद संजय सेठ ने नमो टॉय बैंक से पुंदाग स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 100 से अधिक खिलौने दिये। इस दौरान सांसद ने आंगनबाड़ी केंद्र में आनेवाले बच्चों और सेविकाओं से संवाद किया। उनकी समस्याओं को भी समझा और टॉय बैंक से संबंधित जानकारियां उन्हें उपलब्ध करायीं। इस दौरान सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर टॉय बैंक की स्थापना की गयी है, ताकि हर उस बच्चे के पास खिलौने पहुंचाएं जायें, जो किसी न किसी कारण से खिलौनों से वंचित रह जाते हैं। उनकी योजना है कि अपने लोकसभा क्षेत्र के हर आंगनबाड़ी केंद्र तक खिलौना पहुंच सके। ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी खिलौने पहुंचें, जहां के बच्चे खिलौनों से महफूज रहते हैं। सांसद सेठ ने कहा कि अब तक टॉय बैंक में 10,000 से अधिक खिलौने जमा हुए, जो विभिन्न विद्यालयों, सामाजिक संस्था और रांची के गणमान्य नागरिकों के द्वारा दिये गये। इन खिलौनों में 6000 से अधिक खिलौनों का वितरण किया जा चुका है। सांसद ने उन सभी नागरिक और संस्थाओं के प्रति आभार जताया, जिन्होंने टॉय बैंक के लिए खिलौने प्रदान किये हैं। रांची के हर नागरिक, संस्था और स्कूल से सांसद ने बैंक के लिए आगे आने की अपील की है, ताकि अधिक से अधिक खिलौने जमा कर हम अधिक से अधिक बच्चों तक उसे पहुंचा सकें।

## हरमू रोड श्री श्याम मंदिर में भंडारा का आयोजन



रांची(आजाद सिपाही)। आओ आओ भोग लगाओ, बाबा श्याम जी; थाली भर कर लाई खीचड़ो ऊपर घी की बाटकी जीमो म्हारा श्याम धणी जी मावे बेटी जाट की। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार 29 व श्री श्याम भंडारा का भोग मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को मनोहर करने हेतु उक्त भोग के भजनों के गायन से श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री राजेश शर्मा बुद्धू भोग के समय खाटू नरेश को पंखा डोलाकर भाव विभोर हो रहे थे। इसके बाद भोग प्रसाद श्री भंडारे में मिश्रित कर मंदिर के आचार्यों को प्रसाद रूपी खिलाया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आज का 29 वा श्री श्याम भंडारा की सेवा बाबा श्री श्याम के भक्त श्री राजेश शर्मा सीमा शर्मा अविरल शर्मा अपने परिवार के संग श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। साय 4:30 बजे से भक्तों की कतार लगनी शुरू हो गयी थी । राजेश शर्मा ने परिवार के साथ श्री श्याम भंडारे के प्रसाद वितरण का श्रीगणेश किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया , प्रदीप राजगढ़िया, उप मंत्री अनिल नारनौली, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया सर्वश्री राजीव मित्तल, रतन शर्मा, स्नेह पोद्दार, राजेश चौधरी, पूर्व सांसद अजय मारू, पवन गोयंका, राहुल मारू,अनुज मोदी, आशीष डालमिया, मनोहर केडिया, अमित सरावगी, मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा, आचार्य अनूप दाधीच, कमलेश सावा, मनोज खेतावत, सुभाष मंगल, राजेश कटरूका, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल, विशाल पोद्दार, रोशन खेमका, निखिल नारनौली, प्रदीप मोदी, राजकुमार केडिया, चंडी प्रसाद डालमिया, मनीष वर्मा, सुरेंद्र तोषनीवाल, अभिषेक गुप्ता, अमित शर्मा , प्रकाश अग्रवाल, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, रमा सरावगी, कल्पना मारू, नेहा सरावगी, स्वाति सरावगी, स्नेहा पोद्दार ने श्री श्याम भंडारे की व्यवस्था में अपना सहयोग दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### धर्मांतरण और जिहाद देश के लिए खतरा: सुधांशु पटनायक

रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत धर्म प्रसार विभाग की बैठक अपर बाजार स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री और धर्म प्रसार के केंद्रीय प्रमुख सुधांशु पटनायक ने कहा कि भारत की अखंडता को बनाये रखने के लिए समाज को धर्मांतरण एवं जिहाद जैसे कुकृत्यों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, धर्म प्रसार क्षेत्र प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा, प्रांत उपाध्यक्ष देवी प्रसाद शुक्ला, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, धर्म प्रसार प्रांत प्रमुख देवेंद्र गुप्ता, सह प्रमुख सच्चिदानंद प्रसाद, दिव्यानंद महाराज, रेनू अग्रवाल, शशि शर्मा, कामेश्वर चौधरी, अधिवक्ता सुनील कुमार, अनूप यादव, शंकर राव मौजूद थे।

### झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन का नेशनल कैटरर्स डे का आयोजन 25 को



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में नेशनल कैटरर्स दिवस का आयोजन 25 सितंबर रविवार को मोराबादी स्थित सुविधा बैंक्विट हॉल में किया जायेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल कुमार अग्रवाल और सचिव अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि इस वर्ष कैटरर डे बड़े ही भव्य रूप से मनाया जायेगा। 10वीं और 12वीं में अव्वल बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। गेस्ट स्पीकर के रूप में इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रांची के डॉक्टर भूपेस कुमार द्वारा कैटरिंग व्यवसाय के आधुनिकरण की महत्व पर प्रकाश डाला जायेगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के एसोशिएट रजिस्ट्रार पंकज चटर्जी कैटरिंग व्यवसाय में सर्विस संचालन विषयक व्याख्यान में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालेंगे। मौके पर उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। प्रेस वार्ता में झारखंड कैटरर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष निर्मल कुमार मोदी, संयुक्त सचिव डिपेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष वकील साव, रोशन सिंह, नवीन कुमार शर्मा, राजेश कुमार, यशवंत पांडे, राजेश निषाद, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार कश्यप मौजूद थे।

### आज रांची आयेंगे जदयू के राज्य प्रभारी श्रवण कुमार, ललन सिंह का झारखंड दौरा 16 को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड जदयू सूबे में संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति बनाने में जुट गया है। 16 अक्टूबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह का कार्यक्रम तय किया गया है। कार्यक्रम को लेकर झारखंड जदयू के नेता तैयारियों में जुट गये हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू के प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार रविवार को रांची आयेंगे। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह जनता दल यूनाइटेड झारखंड के प्रभारी श्रवण कुमार रविवार को रेल मार्ग से रांची पहुंचेंगे। जदयू मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर बैठक आयोजित किया गया है। इसमें प्रदेश पदाधिकारी, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य और विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष शामिल होंगे। उक्त बैठक की अध्यक्षता सांसद सह जदयू झारखंड के अध्यक्ष खीरू महतो करेंगे।

### पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार के साथ कई लोगों ने थामा झापा का दामन



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार झारखंड पार्टी (झापा) का सदस्यता ग्रहण की। शनिवार को डिबडीह स्थित मैरेज हॉल में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार के अलावा जय झारखंड अभियान के सदस्य संतोष महतो, आजसू पार्टी की प्रदेश महिला अध्यक्ष वायलेट कच्छप ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अजीत कुमार का उनके आवास पर स्वागत किया। पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार पार्टी जॉइन करने से पहले बिरसा चौक जाकर भगवान बिरसा की मूर्ति पर माला पहना कर आशीर्वाद लिया। पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष रिजवान अहमद ने कहा कि पार्टी राज्य के सभी 81 विधानसभा सीट पर चुनाव लडेगी। झापा के प्रधान महासचिव अशोक कुमार भगत ने कि खतियान आधारित स्थानीय नीति के मामले में सरकार के द्वारा नौटंकी नहीं होना चाहिए। इसे कानून बनाकर धरातल पर लाना होगा। झापा खानदानी खतियानी पार्टी है। वह इस मामले में सरकार का समर्थन करती है। मौके पर पवन, लियोनार्ड, राम सुर्य मुंडा, नीरज टोप्पो, गॉडविन कंडुलना, राहुल भर्ती, बसंत गुड़िया, ज्योति लकड़ा, आशा लकड़ा, अनेथेसिया, अरविंद कुमार भगत, घनश्याम, ऊदय कुमार भगत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रेरा ने मांगी बिल्डरों से तिमाही रिपोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड रियल इस्टेट रेगुलेटरी आथोरिटी (झारेरा) ने लोगों को बिल्डरों की मनमानी से बचाने के लिए सख्ती शुरू कर दी है। अब रेरा ने राज्य भर में चल रहे प्रोजेक्ट की तिमाही रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। यह रिपोर्ट 30 सितंबर 2022 तक की मांगी गयी है। वहीं इसके लिए 1 अक्टूबर से 10 अक्टूबर की डेडलाइन दी गयी है। ऐसा नहीं करने की स्थिति में रेगुलेशन के सेक्शन 61 के अंतर्गत सेक्शन 11 रियल इस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट) एक्ट 2016 का उल्लंघन करने पर फाइन लगाया जायेगा। बिल्डर्स प्रोजेक्ट में देरी का बहाना बना कर ग्राहकों को ठगने का काम कर रहे थे। ऐसे बिल्डर्स की मनमानी पर रोक लगाने को लेकर रेरा की ओर से सभी बिल्डर्स को कुछ महीने पहले ही नोटिस जारी कर दिया गया था। इसमें कहा गया था कि प्रोजेक्ट के बारे में पल-पल की जानकारी दें। साथ ही यह भी बतायें कि अभी प्लॉट की क्या स्थिति है। अगर कहीं अपार्टमेंट बनाया जा रहा है तो उसकी जानकारी दें कि अब तक क्या काम हुआ है। इन सबके अलावा तीन-तीन महीने पर बिल्डर्स अपने प्रोजेक्ट की जानकारी दें। रेरा के तहत झारखंड के अलग-अलग शहरों में बिल्डर ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते है। सभी बिल्डर्स के लिए काम शुरू करने से पहले या फिर बाद में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

### सड़क पर बिना बैरिकेटिंग किया गया गड्ढा, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

रांची (आजाद सिपाही)। रांची शहर में इन दिनों कई जगहों पर केबलिंग के लिए खुदाई का काम चल रहा है। ठेकेदार द्वारा सड़कों पर की गयी खुदाई में कई जगह किसी तरह का कोई बैरिकेटिंग नहीं की है। इस लापरवाही से कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। अभी त्योहारों का भी मौसम है। राजधानी में दुर्गोत्सव की तैयारी जोरों पर है। रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के सह संयोजक अमरनाथ साहू ने बताया कि रांची के लाइन तालाब में भी मां दुर्गा की मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है। वर्तमान में कंपनी के द्वारा गड्ढे खोदकर दिन में ही काम किए जा रहे हैं और तो और बैरिकेटिंग गड्ढे से दूर किया गया है। इससे यातायात भी प्रभावित हो रही है. क्योंकि इस तालाब में बहुत से पूजा पंडालों की मूर्तियां विसर्जित की जाती हैं और अभी बरसात का भी समय है। गड्ढे में पानी भरने के कारण दुर्घटना की सम्भावनाये बढ़ गयी है। पूजा समिति के सदस्यों ने नगर निगम और जिला प्रशासन से मांग किया है कि इस गड्ढों को जल्द से जल्द भरा जाये या तत्काल त्योहारों तक खुदाई के कामों पर रोक लगायी जाये।

---

छापर नदी बालू घाट से लेवी वसूली का मामला

# टीपीसी और जेजेएमपी आमने-सामने, खून-खराबे की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित छापर नदी बालू घाट से होनेवाली लेवी वसूली को लेकर टीपीसी और जेजेएमपी उग्रवादी संगठन आमने-सामने हो गया है। वर्चस्व की लड़ाई में जहां टीपीसी उग्रवादियों ने जेजेएमपी के एरिया कमांडर विकास लोहरा उर्फ अभिजीत की हत्या कर दी, वहीं आने वाले दिनों में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर खूनी संघर्ष की आशंका तेज हो गयी है। विकास लोहरा की हत्या में ना सिर्फ पुरानी रंजिश, बल्कि बालू घाट से मोटी वसूली का मामला भी जुड़ा है। अवैध बालू खनन से इन दोनों उग्रवादी संगठनों को मोटी कमाई होती है।

**वर्चस्व जमाने को लेकर जेजेएमपी उग्रवादियों ने मजदूर की पिटाई की थी**

**जानकारी के मुताबिक बीते 26 अगस्त की शाम प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के द्वारा बुढ़मू थाना क्षेत्र के छापर स्थित बालू घाट मं लगे मजदूरों की पिटाई करते हुए काम बंद करने और मैनेज करने की बात कही गयी थी। इस पर उग्रवादी संगठन टीपीसी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए, जेजेएमपी को चेतावनी दी थी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया था कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन हमसे मुकाबला करे। टीपीसी ने जेजेएमपी को चेतावनी देते हुए कहा, आम जनता को परेशान करना बंद करें, अगर मुकाबला करना है तो टीपीसी से करें।**

**टीपीसी संगठन जेजेएमपी से लड़ने को तैयार :** टीपीसी के सब जोनल कमांडर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया था कि छापर की आम जनता का दूर-दूर तक कोई रोजगार नहीं है। एकमात्र छापर बालू घाट से अपनी मेहनत मजदूरी से घर परिवार और बच्चों की पढ़ाई लिखाई और जीविका चलाते थे। 26 अगस्त की रात को जेजेएमपी के नाम पर कुछ लोगों ने छापर बालू घाट में मेहनत करने वाले मजदूरों को मार पीट कर बेरोजगार कर दिया एवं इस महंगाई में दाने-दाने को मोहताज बना कर एवं आमजनों को काम बंद रखने के लिए फोन कर के जान से मारने की धमकी देकर जेजेएमपी अपने आपको क्या साबित करना चाहता हैं। अगर वर्चस्व कायम करना हैं, तो आम जनता को धमकाना छोड़ के आये, टीपीसी संगठन जेजेएमपी के विरुद्ध में आम जनता के पक्ष मे लड़ने के लिए तैयार है।

## पत्रकार अमित मिश्रा का निधन, कैंसर से थे पीड़ित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पत्रकार अमित मिश्रा का शनिवार को निधन हो गया। अमित मिश्रा कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। ओरमांझी स्थित अब्दुल रज्जाक कैंसर हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। अमित मिश्रा वर्तमान में दैनिक भास्कर समाचार पत्र में कार्यरत थे। उनके पिता ज्ञानवर्धन मिश्रा झारखंड बिहार के चर्चित पत्रकार हैं। अमित मिश्रा कैंसर की बीमारी से ग्रसित थे।



**सीएम हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकार अमित मिश्रा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। वहीं मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटु ने शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि अमित मिश्रा का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। अमित मिश्रा एक सुलझे हुए अनुभवी पत्रकार थे। उनके परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

## दो रात में 15 दुकानों में चोरी

### राजधानी के हाई सिक्योरिटी जोन में हुई घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के एचइसी इलाके के दो थाना क्षेत्रों में बीते दो दिनों में 15 दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पहली घटना जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पंचमुखी मंदिर के समीप की है, जहां पर चोरों ने पांच दुकानों का शटर काट कर सामान और नकदी की चोरी कर ली। वहीं अज्ञात चोरों ने दूसरे दिन भी महज दो किलोमीटर के दायरे में धुर्वा थाना क्षेत्र के हाई सिक्योरिटी जोन में 10 दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

**पुलिस की पेट्रोलिंग पर उठ रहे सवाल :** चोरों ने बीती रात लगभग 1 से 3 बजे के बीच घटना को अंजाम दिया। रोड के किनारे कंप्यूटर दुकान, फल की दुकान, सैलून सहित कई दुकानों को निशाना बनाया गया। शटर और ताला तोड़ कर सामान और पैसे की चोरी की गयी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पेट्रोलिंग नहीं होती है। अगर होती, तो इस तरह की घटना नहीं घटती। बता दें कि घटनास्थल के पास कई बैंक, कॉलेज, जेल आइजी का कार्यालय सहित कई प्रमुख विभाग स्थित हैं। बावजूद चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

### झारखंड आंदोलनकारियों ने सत्याग्रह किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में शनिवार को 11 सूत्री लंबित मांगों के समर्थन में सत्याग्रह किया गया। इसमें उन्होंने राज्य सरकार से मान-सम्मान, नियोजन, पेंशन और उनकी अलग पहचान सुनिश्चित करने की मांग की। सत्याग्रह के दौरान मोर्चा ने हस्ताक्षर युक्त 11 सूत्री मांग पत्र झामुमो सुप्रीमो सह स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष शिबू सोरेन को सौंपा। मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समीप बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद सत्याग्रह शुरू हुआ। इस मौके पर राजू महतो ने झारखंड आंदोलनकारियों से मान-सम्मान और उनकी पहचान के लिए गोलबंद होने की अपील की। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के कारण ही राज्य की पहचान बनी है, लेकिन आंदोलनकारियों के संघर्ष को भुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री झारखंड आंदोलनकारियों के प्रति संवेदनशील बनें। वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी की स्थिति आज हाशिए पर है। कयूम खान ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी आज अपने ही राज्य में परदेशी की भूमिका में जीवन यापन कर रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय सचिव भुनेश्वर केवट, रूपलाल महतो, भरत गोप, बी महतो, लोहरदगा से अमर किंडो, मंगलेश्वर उरांव, सिमडेगा से भुनेश्वर सेनापति, सुरेंद्र प्रसाद, विनीता खलखो, बालोमुनी बाखला, कालीचरण महतो, जाफर खान, सुखदेव उरांव, विद्याधर महतो, धनबाद जिला अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा आदि उपस्थित थे। मौके पर एरेन कच्छप, रुस्तम खान, दिनेश साहू, सीता देवी, छत्रपति महतो, फागू महतो, सुरेश कुमार महतो, स्वानंद कोटवार, जितेन्द्र नाथ महतो, कुमार महतो, विशेषण भगत समेत बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी मौजूद थे।

मिथुन चक्रवर्ती ने फिर किया दावा

## तृणमूल के 21 विधायक भाजपा के संपर्क में हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में साल 2021 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होने वाले दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने शनिवार को एक बार फिर दावा किया कि सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 21 विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। करीब दो महीने बाद कोलकाता के हेस्टिंग्स स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे मिथुन ने दुर्गा पूजा से पहले पार्टी नेताओं के साथ सांगठनिक बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत में यह दावा किया। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य मिथुन ने कहा कि मैं अपने बयान पर आज भी कायम हूं। टीएमसी के 21 विधायक सीधे मेरे संपर्क में हैं। इस संख्या में कोई कमी नहीं आई है। समय की अपेक्षा करें। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल में अपनी लड़ाई जारी रखेगी। निराश होने के लिए कोई जगह नहीं है। बता दें कि दो महीने के भीतर यह दूसरी बार है जब मिथुन ने टीएमसी के 21 विधायकों के भाजपा के संपर्क में होने का दावा किया है।

**मिथुन चक्रवर्ती के दावे में कोई वास्तविकता नहीं हैं : तृणमूल**

इधर, मिथुन के दावे पर टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि इसका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि मिथुन एक अच्छे अभिनेता हैं, लेकिन राजनीतिक रूप से सुविधाभोगी और अवसरवादी हैं। चुनाव में हार से विक्षिप्त हो चुकी भाजपा को वह सांत्वना दे रहे हैं।

योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के संन्यासी का आध्यात्मिक व्याख्यान

## गीता का संतुलित मार्ग है ध्यान और सम्यक कर्म : स्वामी ईश्वरानंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ईश्वर की ओर वापसी के पथ पर व्यक्ति जहां कहीं भी हो, गीता यात्रा के उस खंड पर अपना प्रकाश डालेगी। यह बात योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी ईश्वरानंद गिरि ने शनिवार को वाइएसएस के रांची आश्रम में भगवद्गीता पर सत्संग में पांच सौ से अधिक लोगों को संबोधित करते हुए कही। योगदा के ऑनलाइन ध्यान केंद्र के माध्यम से लाइवस्ट्रीम किये गये इस सत्संग में करीब तीन हजार अन्य लोगों ने भाग लिया। स्वामी ईश्वरानंद गिरि ने भगवद्गीता पर श्रीश्री परमहंस योगानंद द्वारा की गयी एक विशिष्ट व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' की पुस्तक का परिचय दिया। योगानंदजी विश्व में सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक गौरवग्रंथ 'योगी कथामृत' के लेखक तथा वाइएसएस के संस्थापक और गुरु हैं। इस अवसर पर स्वामीजी ने योगानंदजी की पुस्तक 'ईश्वर-अर्जुन संवाद'के इ-बुक प्रारूप का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता पूर्व और पश्चिम दोनों ही के सत्यानवेषियों द्वारा पूजित है, फिर भी इसका गहन अर्थ, उपमाओं से आच्छादित, अस्पष्ट बना हुआ है। उन्होंने आगे बताया, ईश्वर-अर्जुन संवाद में योगानंदजी ने इसका जो अनुवाद और व्याख्या प्रस्तुत की है, वह अद्वितीय रूप से विस्तृत और कल्पनातीत है। ब्रह्मांड का संपूर्ण ज्ञान गीता में समाया है। अत्यंत गूढ़ तथा सांत्वनादायक भाषा में व्यक्त गीता को मानवीय प्रयास और आध्यात्मिक संघर्ष के सभी स्तरों पर समझा और प्रयुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि भिन्न स्वभावों और आवश्यकताओं वाले मनुष्यों की एक विस्तृत श्रेणी को आश्रय देती है। योगानंदजी के वचन साझा करते हुए उन्होंने समझाया कि भगवद्गीता आध्यात्मिक युद्ध और दैनिक जीवन में विजय प्राप्त करने में हमारा मार्गदर्शन किस प्रकार करती है।



अपने व्याख्यान में स्वामी ईश्वरानंदजी ने परमहंसजी की टिप्पणी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने उपाख्यानों के माध्यम से समझाया कि कैसे हमारे अंदर कौरवों (बुरी प्रवृत्तियों) की उपस्थिति हमारी आध्यात्मिक प्रगति में बाधा डालती है और हमारे अंदर पांडवों (अच्छी प्रवृत्तियों) का पोषण करने से अंततः कुरुक्षेत्र की आंतरिक लड़ाई में उन कौरवों की हार कैसे होगी। और इस प्रकार यह आत्म-साक्षात्कार के अंतिम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें अग्रसर करेगा।

---

## महत्वपूर्ण न्यूज

### साईंनाथ विवि ने 15 संस्थानों के साथ किया एमओयू



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को विश्वविद्यालय छात्रों को अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर, ट्रेनिंग और शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से शत-प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने कराने के उद्देश्य से साईंनाथ विवि ने पन्द्रह प्रतिष्ठित संस्थाओ तथा कम्पनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया। साथ ही विश्वस्तरीय क्लीनिकल ट्रेनिंग के लिए राजधानी के आसपास जुड़े हुए क्षेत्रों के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों जैसे- अपोलो, फोर्टिस, रिम्स, पारस अस्पताल, सदर अस्पताल, सीसीएल और रिनपास के साथ भी एमओयू किया जा चुका है। साथ ही साईं नाथ विश्वविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों के लिए भारत सरकार के अधीन इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, देहरादून द्वारा संचालित आउटरीच कार्यक्रमों के लिए एमओयू किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एस पी अग्रवाल विश्वविद्यालय में संचालित रोजगारपरक पाठ्यक्रमों सहित विद्यार्थियों के सरकारी और गैर-सरकारी प्रतिष्ठित कम्पनी, संस्थानों में रिकार्ड प्लेसमेंट के साथ विद्यार्थियों के चतुर्दिक विकास के लिए हमेशा प्रयासरत है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए अलग-अलग प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये है।

### सरला बिरला विवि में अंत्योदय दिवस आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक की अध्यक्षता में एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वी जयंती पर विवि के सभागार में अंत्योदय दिवस आयोजित की गयी। इसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि समर्पित की गयी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने पंडित दीनदयाल को नमन करते हुए सभी को अंत्योदय की शुभकामनाएं दी और पंडित दीनदयाल की जीवनी चिंतन और उनके विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन प्रारंभ से ही विभिन्न त्रासदी और कठिनाइयों से भले ही भरा रहा, लेकिन अपने नेक इरादों व हौसलों की बदौलत उन्होंने कभी भी अपने आप को विचलित नहीं होने दिया। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने संदेश दिया कि आज का भारत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों के भारत के निर्माण की दिशा में प्रगतिशील है। आज प्रत्येक देशवासी गर्व के साथ एकात्म मानववाद और अंत्योदय के भाव से परिचित होकर राष्ट्र को आगे बढ़ाने में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहा है। अंत्योदय दिवस के आयोजन का संचालन विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रबंधन विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ नीतू सिंघी ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कि औपचारिकता सिविल इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रो एस. जीवा चिदंबरम ने पूरी की। इस अवसर पर प्रोफेसर नीलिमा पाठक, हरी बाबू शुक्ला, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ राधा माधव झा, डॉ संदीप कुमार, डॉ रिया मुखर्जी, प्रो अमित गुप्ता, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ अभिषेक चौहान, डॉ प्रमोद कुमार होता, सुभाष नारायण शाहदेव, अनुभव अंकित आदि उपस्थित थे।

### पर्यटन मित्रों को साफ-सफाई सामग्री दी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा मित्र के द्वारा जोन्हा फॉल (जलप्रपात) के समक्ष प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय, जोन्हा के प्रांगण में साफ सफाई सामग्री पर्यटन मित्र को वितरण किया गया एवं सुरक्षा रथयात्रा रवाना किया गया ।मुख्य अतिथि श्री जमाल मुंडा, जन जातीय सलाहकार परिषद (टीसीआर), झारखंड सरकार, विशिष्ट अतिथि जोन्हा पंचायत मुखिया विजय उरांव, कृष्णा मुंडा , प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय जोन्हा के प्राचार्य मनीषा मिंज, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, पर्यटन मित्र को पूरे पंचायत में साफ सुथरा रखने की जिम्मेदारी दी गयी। मौके पर पर्यटन मित्र जॉन्हा फॉल के राजेंद्र महतो, धनंजय महतो, उषा मार्टिन विश्व विद्यालय स्काउट एंड गाइड प्रियंका, खेल पदाधिकारी कार्यालय के मुकेश कुमार उपस्थित थे।

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में भोग का वितरण




रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तलाब के मंदिर परिसर मे प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार को भी श्री चैती दुर्गा मंदिर में खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। इसमें खिचड़ी, हलवा, अचार, चीफ एवं आलू चोखा वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता संदीप वर्मा, हिंदू सम्राट भैरव सिंह, महावीर मंडल उपाध्यक्ष राहुल सिन्हा (चिंकी), समिति के अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया, सयोजक संजय सिंह (लल्लू), कार्यकारणी अध्यक्ष राहुल सिंह। वितरण कार्यक्रम में संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य संजय सिंह (लल्लू), उमंग सुल्तानिया, राहुल सिंह, नमन भारतीय, करण सिंह, मोहित रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरव रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा उपस्थित थे।

### भाजमो मनायेगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती


रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के नगर कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को हुई। इसमें 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही दुर्गा पूजा प्रारंभ हो रहा है। 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के दिन 11 बजे सभी मोराबादी मैदान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बापू वाटिका पहुंचकर बापू के चरणों में पुष्प अर्पित करेंगे। बैठक में आशीष शीतल मुंडा, महामंत्री मनोज सिंह, जिला महामंत्री अविनाश कुमार, शिवानी लता, अधिवक्ता शिव शंकर, आरपी मिश्रा, दुर्गेश कुमार चंद्रवंशी, सुभम तिवारी आदि मौजूद थे ।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में कुकिंग प्रतियोगिता




रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में पोषण माह के अंतर्गत उत्तम भोजन, उत्तम पोषण की थीम पर फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एक और दो के विद्यार्थी शामिल हुए। उन्हें अपनी शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में तथा अपने माता-पिता के सहयोग से विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किया। प्राचार्य विनय कुमार पांडेय ने कहा कि उत्तम पोषण एवं उत्तम भविष्य की नींव है।

### लीड्स के एसडीजी गोल्स पर प्रतिनिधियों के साथ बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को लीड्स के एसडीजी गोल्स पर विभिन्न जिले के प्रतिनिधि के साथ बैठक हुई। शुरुआत मिलेनियम डेवलपमेंट गोल से की गयी। एके सिंह ने बताया गया कि डब्ल्यूएमटी और लीड्स के संयुक्त से वीएनआर रिपोर्ट को 2020 में प्रकाशित किया गया। लीड्स के डायरेक्टर ए के सिंह ने कहा की हमें लक्ष्य संख्या 1 से लक्ष्य संख्या 16 तक मे आने वाले विभिन्न विकास संबंधित सूचकों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

# पायलटों की झपकी

पायलटों के बीच करवाये गये एक ताजा सर्वे में हुआ यह खुलासा चिंताजनक है कि करीब 66 फीसदी पायलट उड़ान के दौरान क्रू मेंबर्स को सतर्क किये बगैर कॉकपिट में ही झपकी ले लेते हैं। घरेलू, क्षेत्रीय और वैश्विक उड़ानों पर जाने वाले इन पायलटों के जवाब के आधार पर माना गया कि इनमें से 54 फीसदी दिन में ऊंघने की गंभीर आदत से पीड़ित हैं, जबकि 41 फीसदी में यह हलके-फुलके रूप में है। इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन इसे ऐसी शारीरिक अवस्था मानता है, जो नींद की कमी या लंबे समय तक लगातार जागते रहने से पैदा होती है और जिसमें शरीर की कार्यक्षमता घट जाती है। निश्चित रूप से यह हवाई यात्रा की सुरक्षा से जुड़ा अत्यधिक गंभीर मसला है। अध्ययन बताते हैं कि विमान दुर्घटनाओं के करीब 80 फीसदी मामले मानवीय भूलों का परिणाम होते हैं, जिनमें से अनुमान के मुताबिक करीब 15-20 फीसदी किसी न किसी रूप में पायलटों की थकान से जुड़े होते हैं। पायलटों के नींद में होने की वजह से लैंडिंग में गड़बड़ी की खबरें आती ही रहती हैं। पिछले महीने ही सूडान से इथियोपिया जा रहे इथियोपियाई एयरलाइंस का एक विमान लैंडिग मिस कर गया, क्योंकि पायलट सो गये थे और वे एयर ट्रैफिक कंट्रोल के निर्देश नहीं सुन सके। संयोगवश कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन ऐसे संयोग हर बार नहीं होते। इस वजह से बड़े हादसे भी कम नहीं हुए हैं। मिसाल के तौर पर 2010 के मैंगलोर विमान हादसे को याद किया जा सकता है, जिसमें 158 लोग मारे गये थे। जांच के बाद पाया गया था कि उस हादसे में नींद के चलते फैसले में हुई गड़बड़ी की भी भूमिका थी। पता चला 2 घंटे 5 मिनट की उस फ्लाइट में कैप्टन 1 घंटे 40 मिनट सोते रहे थे। पायलटों की इस स्थिति के लिए अन्य बातों के अलावा कुछ भूमिका उनके ड्यूटी आवर्स की भी है। इस सर्वे में जब पायलटों से पूछा गया कि छह बजे सुबह की फ्लाइट हो तो वह कितने बजे सोकर उठते हैं। ज्यादातर पायलटों ने उठने का वक्त तीन से साढ़े तीन बजे बताया। जाहिर है ऐसी स्थिति में उनका शरीर आराम की सबसे महत्वपूर्ण अवधि से वंचित हो जाता है। पिछले कुछ समय से विमानों में गड़बड़ियों की घटनाएं खबरों में रहीं तो डीजीसीए ने उन्हें संज्ञान में लेते हुए कई तरह के निर्देश जारी किये। मगर पायलटों की थकान भी हवाई यात्रा की सुरक्षा के लिहाज से कम महत्वपूर्ण नहीं है। भारत में उड्डयन काफी संभावनाशील क्षेत्र है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुताबिक 2027-28 तक यहां पैसेंजर फ्लो 54 करोड़ से ऊपर चले जाने की उम्मीद है, जबकि महामारी से पहले यह संख्या महज 20 करोड़ थी। मगर इस संभावना के फलित होने के लिए जरूरी है कि लोग हवाई यात्रा की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह आश्वस्त महसूस करें।

**एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुताबिक 2027-28 तक यहां पैसेंजर फ्लो 54 करोड़ से ऊपर चले जाने की उम्मीद है, जबकि महामारी से पहले यह संख्या महज 20 करोड़ थी। मगर इस संभावना के फलित होने के लिए जरूरी है कि लोग हवाई यात्रा की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह आश्वस्त महसूस करें।**

## सिंहभूम चैंबर ने 'चलो बाजार चलें' और 'वोकल फॉर लोकल' जागरूकता कार्यक्रम के तहत पोस्टर का किया विमोचन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा चलो बाजार चलें, वोकल फॉर लोकल के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मुनका के नेतृत में आयोजित पोस्टर का विमोचन कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त राज्यकर पारिजात मंजुल उपस्थित हुए। मौके पर मुख्य अतिथि संयुक्त आयुक्त राज्यकर पारिजात मंजुल व चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रुप से पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने कहा वर्तमान परिपेक्ष्य में स्थानीय दुकानदारों के समक्ष ऑनलाईन व्यापार एक चुनौती ला दिया है। स्थानीय दुकानदार दुकानें खरीदकर या किराये पर लेकर भारी मात्रा में स्टॉक रखते हैं। अपने-अपने कर्मचारियों को रोजगार उपलब्ध कराते हैं। कर्मचारियों और उनके परिवार के भरण-पोषण की भी जिम्मेदारी लेते हैं। इस तरह सभी दुकानदार राज्य एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में अहम भागीदारी निभाते हैं। स्थानीय दुकानदार हमारे दुख-सुख के साथी भी हैं। लेकिन ऑनलाइन दुकानदारी के कारण स्थानीय दुकानदारों का परेशानी बढ़ गया है। मौके पर उपाध्यक्ष नितेश धूत, मुकेश मित्तल, उपाध्यक्ष किशोर गोलछा, सचिव भरत मकानी, पीयूष चौधरी ने भी अपनी बातों को रखा। मौके पर विपिन भाई अडेसरा, राजा सिंह, किशोर सिंहानिया, विशाल सारडा, दिलीप अग्रवाल, इन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा, हर्ष अग्रवाल ने अपने विचार रखे। समारोह का संचालन मानद महासचिव मानव केडिया ने किया। इस अवसर पर बी.एन. शर्मा, पवन शर्मा, पवन नरेडी, कमल सिंहानिया, शंकरलाल गुप्ता, राजेश अग्रवाल, मदन गुप्ता, किशन संघी, अनिल रिंगसिया, चन्द्रकांत जटाकिया, करण ओझा, विनोद सावा और विमल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।


**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे विरल राजनीतिक चिंतक और संवेदनशील बुद्धिजीवी थे, जिन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश के राजनीतिक परिदृश्य पर स्पष्ट छाप छोड़ी। राष्ट्रजीवन के विविध क्षेत्रों से संबंधित उनके विचार सनातन भारतीय चिंतनधारा की अगली कड़ी के रूप में विकसित हुए। 'सादा जीवन उच्च विचार' जीवन दर्शन की वह साक्षात प्रतिमूर्ति थे। वस्तुतः उनका जीवन ज्ञान कर्म व तप का त्रिवेणी संगम था।**

# ज्ञान, कर्म व तप के त्रिवेणी संगम : पंडित दीनदयाल उपाध्याय



बलबीर दत्त




दीनदयाल जी के साथ नानाजी के लंबे सान्निध्य के आरंभिक दिनों की एक छोटी सी घटना उनके अर्थ शुचिता के उस बड़े आदर्श की परिचायक है जिसकी आज के हमारे राष्ट्र जीवन में गहरी आवश्यकता है। नानाजी के शब्दों में किस्सा इस प्रकार है : एक दिन प्रातः हम दोनों मिलकर सब्जी खरीदने बाजार गये। दो पैसे की सब्जी खरीदी। लौट कर घर पहुंचने को ही थे कि दीनदयाल जी एकाएक रुक गये। उनका एक हाथ जेब में था। वह बोले- 'नाना'! बड़ी गड़बड़ हो गयी। मेरे पूछने पर उन्होंने कहा- मेरी जेब में चार पैसे थे। उनमें से एक पैसा खोटा था। वह खोटा पैसा ही उस सब्जी वाली को दे आया हूं। मेरी जेब में बचे दोनों पैसे असली हैं। वह क्या कह रही होगी। चलो, उसे ठीक पैसा दे आयें। उनके चेहरे पर एक अपराधी जैसा भाव उभर आया था। हमलोग वापस सब्जी वाली के पास पहुंचे। उसे वास्तविकता बतायी तो वह कहने लगी- 'कौन ढूढ़ेगा तुम्हारा खोटा पैसा? जाओ ठीक है जो दे दिया। किंतु दीनदयाल जी नहीं माने। उन्होंने उस बुढ़िया के पैसे के ढेर में से अपना चिकना, काला और खोटा पैसा ढूंढ निकाला। उसके बदले में अपनी जेब में से दूसरा अच्छा पैसा उस बुढ़िया को दे दिया। तब कहीं उनके चेहरे पर संतोष का भाव उभरा। बुढ़िया की भी आखें डबडबा आयीं। वह कहने लगी- 'बेटा, कितने अच्छे हो तुम। भगवान तुम्हारा भला करे। ( पंडित दीनदयाल उपाध्याय , व्यक्ति दर्शनः प्रस्तावना - नानाजी देशमुख)।

**आज 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक ऐसे विरल राजनीतिक चिंतक और संवेदनशील बुद्धिजीवी थे, जिन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश के राजनीतिक परिदृश्य पर स्पष्ट छाप छोड़ी। राष्ट्रजीवन के विविध क्षेत्रों से संबंधित उनके विचार सनातन भारतीय चिंतनधारा की अगली कड़ी के रूप में विकसित हुए। 'सादा जीवन उच्च विचार' जीवन दर्शन की वह साक्षात प्रतिमूर्ति थे। वस्तुतः उनका जीवन ज्ञान कर्म व तप का त्रिवेणी संगम था।

सन 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना के समय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और नानाजी देशमुख को उत्तर प्रदेश (उस समय संयुक्त प्रांत) का कार्यभार सौंपा। उस समय दोनों की उम्र 35 वर्ष थी। दोनों का जन्म सन् 1916 में हुआ था। दीनदयाल जी का जन्म 25 सितंबर को हुआ था और उसके दो सप्ताह बाद 11 अक्तूबर को नानाजी का डॉ हेडगेवार के स्वर्गवास के ठीक उपरांत सन 1940 में संघकार्य आरंभ करने के लिए नानाजी को आगरा भेजा गया था। उसी समय एमए की शिक्षा प्राप्त करने दीनदयाल जी भी वहां पहुंचे। एक कमरा किराये का लेकर दोनों एक साथ रहने लगे। इसके बाद लगातार 28 वर्षों तक दानों का साहचर्य रहा। दोनों सादा जीवन उच्च विचार के आदर्श के मूर्त रूप थे।

संसार में वे ही लोग अमर होते हैं, जिनकी आस्था महान होती है और जो संसार में अपने पीछे ऐसे आदर्श छोड़ जाते हैं, जो समाज के लिए अनुकरणीय होते हैं। देखा गया है कि ऐसे सभी व्यक्ति अकसर अमीर घरानों के नहीं होते। बहुधा वे मध्यवर्ग के घरों में पलते हैं, परंतु इतने सादे जीवन में भी उनमें उच्च विचार जन्म लेते हैं और उन्हीं में वे उत्तरोत्तर विकसित होते हैं।

### प्रतिनिधि और निधि

नानाजी स्वयं भी अर्थ शुचिता पर जोर देते थे। वह जनसंघ के कोषाध्यक्ष भी रहे। दिसम्बर 1969 में पटना में जनसंघ के अखिल भारतीय अधिवेशन में कार्यकर्ता प्रतिनिधियों से अलग से बात करते हुए उन्होंने कहा- आप प्रतिनिधि हैं।' प्रतिनिधि ' में 'निधि' शब्द मौजूद है। आपको दल के लिए निधि संग्रह और उसके उपयोग में पारदर्शिता बरतनी है। एक - एक पैसे का हिसाब रखना है। यह उन दिनों की बात है जब जनसंघ के अधिवेशन तंबुओं में होते थे और बड़े नेता भी तंबुओं में ठहरते थे और प्रवास के दौरान कार्यकताओं के यहां डेरा डालते थे। उस समय 'फाइव स्टार होटल कल्चर' का प्रचलन आरंभ नहीं हुआ था

### सिरहाने ईंट रख कर सो जाते थे!

स्वाधीनता के कुछ ही पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक गुरुजी गोलवलकर ने देश में नवजागरण उत्पन्न करने और सामूहिक चेतना का शंखनाद करने के लिए लखनऊ से ' राष्ट्रधर्म ' नाम से मासिक पत्रिका निकालने की योजना बनायी । इसका कार्यभार दीनदयाल जी को सौंपा गया। वह इसके प्रबंध निर्देशक बनाए गये। उन्होंने इस कार्य को चुनौती के रूप में स्वीकार किया।

चंद्रिका प्रसाद शर्मा ने अपनी पुस्तक ' कवि राजनेता अटल बिहारी वाजपेयी ' में इस प्रसंग में लिखा है कि दीनदयाल जी में इतना अधिक उत्साह था कि उन्होंने कंपोजिंग सीख ली। वह रात के समय स्वयं कंपोजिंग करते थे। उन्होंने पत्र के संपादकों को भी कंपोजिंग सिखायी, जिससे कंपोजिटरों के न आने पर काम में रुकावट न हो। अटल जी कहा करते थे कि दीनदयाल जी स्वयं प्रेस का काम सीखते रहते थे और हमें भी सिखाते रहते थे।

दीनदयाल जी के जुड़ जाने से मासिक 'राष्ट्रधर्म के अलावा साप्ताहिक' पांचजन्य' और दैनिक 'स्वदेश' सभी को नये आयाम मिले। भारत प्रेस से 'राष्ट्रधर्म' और 'पांचजन्य' जिन दिनों निकलते थे, तब वहां एक ही हॉल था। उसी में प्रेस था, टाइप के रैक थे, बाइंडर का स्थान था और संपादकों की बैठक भी थी।

संघ के समर्पित कार्यकर्ता राधेश्याम कपूर ने उस समय की दिक्कतों का उल्लेख करते हुए बताया था मैं 'राष्ट्रधर्म' प्रकाशन में ही लगा रहता था। उन दिनों 'राष्ट्रधर्म' प्रकाशन का कार्य हम लोगों के प्राणों में बसा था। हम लोगों के सामने अनेक दिक्कतें थी। अभावों के कारण कभी - कभी दीनदयाल जी और अटल जी जमीन पर चटाई बिछा कर सिरहाने ईंट रखकर सो जाते थे । अटज जी 'पांचजन्य ' के प्रथम संपादक थे।

### गहरी विनोद भावना

प्रखर चिंतक, एकात्म मानववाद के प्रणेता और बहुआयामी पुष्ट सोच के धनी दीनदयाल जी में अच्छी खासी विनोद भावना भी थी। इसके कई रोचक प्रसंग हैं। दीनदयाल जी की तरह ही स्व. अश्विनी कुमार भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित कार्यकर्ता और जीवनव्रती या जीवनदानी थे। वह बरसों रांची में रहे, बिहार प्रदेश जनसंघ के संगठन मंत्री और बाद में अध्यक्ष और राज्यसभा के सांसद भी बने। एक बार शिमला में जनसंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक थी। एक युवक अश्विनी जी से मिलने वहां पहुंचा। अश्विनी जी कहां पर हैं, वह तत्काल यह पता नहीं चला पाया। युवक ने एक कमरे में झांक कर देखा तो वहां दीनदयाल जी मौजूद थे। उन्होंने युवक से पूछा- तुम कौन हो, किसको खोज रहे हो। युवक ने कहा- मेरा नाम सुरेश है, मैं एयर फोर्स में हूं। अश्विनी जी से मिलना है। दीनदयाल जी ने पूछा- अश्विनी जी से तुम्हारा क्या संबंध है? उक्त युवक रांची में अंग्रेजी मीडियम के बिशप वेस्टकॉट स्कूल में पढ़ा था। अंग्रेजी मीडियम के बच्चों के मन-मस्तिक में ज्यादातर अंग्रेजी ही छायी रहती है। बहुत से बच्चे तो एक से निन्यानबे तक हिंदी की संख्याएं भी न तो बोल पाते हैं, न समझ पाते हैं।

अश्विनी जी से संबंध पूछे जाने पर युवक ने कहा- मैं उनका 'ब्रदर इन लॉ' हूं। इस पर दीनदयाल जी ने पूछा- 'ब्रदर इन लॉ 'का मतलब क्या?' ब्रदर इन लॉ' के तो कई अर्थ हैं। युवक' ब्रदर इन लॉ' का हिंदी समानार्थक शब्द सोचने लगा और कुछ क्षण बाद बोला- मैं उनका साला लगता हूं। इस पर दीनदयाल जी ने मंदसित मुस्कुराते हुए कहा जहां तक मैं जानता हूं , अश्विनी जी ने तो शादी नहीं की, फिर तुम उनके 'साला' कैसे हुए ? तब युवक को समझ में आया कि वह हिंदी का गलत समानार्थक शब्द बोल गया है। उसने कहा- 'नहीं, मैं उनका बहनोई हूं।

'भारतीय समाज के विपरीत अंग्रेजी समाज में रिश्ते काफी ढीले ढाले होते हैं । सब रिश्तों के अलग - अलग नाम भी नहीं होते। 'ब्रदर इन लॉ' में बहनोई, साला, जेठ, देवर, नंदोई और साढू आदि सब आ जाते हैं। इसे अंग्रेजी की खूबसूरती कहें या बदसूरती?

### अंग्रेजी भाषा पर अधिकार

अंग्रजी भाषा पर दीनदयाल जी का भरपूर अधिकार था। दिसंबर 1964 में पटना में जनसंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के बाद प्रिंस होटल में उनकी एक प्रेस कांफ्रेस हुई। उन दिनों प्रेस कांफ्रेसों में अंग्रेजी कुछ अधिक ही चलती थी, खासकर अंग्रेजी अखबारों के संवादताओं और स्वयं को अंग्रेजीदां पत्रकार समझने वाले पत्रकारों के कारण मुझे ऐसा लगा कि जनसंघ के तत्कालीन अन्य सभी नेताओं से दीनदयाल जी की अंग्रेजी बहुत ही अच्छी थी। उनका शब्दों का चयन बिल्कुल उपयुक्त था। एक बार उनके बताये एक शब्द पर हलका सा विवाद छिड़ गया, तो तत्काल मौके पर उपलब्ध अंग्रेजी की प्रसिद्ध व प्रामाणिक चेबर्स डिक्शनरी मंगा कर उन्होंने उसका समाधान किया। इसलिए उन्हें कुछ लोग 'जीवंत शब्द सागर' कहते थे । शायद बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी होगी कि जनसंघ के मुख पत्र माने जाने वाले अंग्रेजी साप्ताहिक 'आर्गनाइजर' में वह अतिथि संपादकीय और 'पोलिटकल डायरी' लिखा करते थे। बाद में इनमें से कई लेखों का संकलन भी छपा।

दीनदयाल जी स्वभाव से ही विद्वान और मुक्त ह्रदय थे। जुलाई 1967 में 'आर्गनाइजर' के प्रकाशन के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक सादा समारोह आयोजित करने का निर्णय किया गया । उन दिनों मेरे कई लेख 'आर्गनाइजर' में छपा करते थे। अतः दिल्ली प्रवास के दौरान कार्यालय में यदा - कदा आना - जाना होता था। इस आयोजन के लिए किसी मुख्य अतिथि की खोज की जाने लगी। पत्र के संपादक केवलराम मल्कानी ने दीनदयाल जी से पूछा कि क्या वह कोई नाम बता सकते हैं। दीनदयाल जी ने एक क्षण भी विलंब किए बिना उत्तर दिया- डॉ जाकिर हुसैन को क्यों नहीं बुला लेते? श्री मल्कानी मुस्करा पड़े। उन्होंने कहा- 'केवल दो मास पूर्व राष्ट्रपति के चुनाव में हमने उनके विरुद्ध प्रचार किया था। परंतु दीनदयाल जी अड़े रहे, उन्होंने कहा - 'हां, हां क्यों नहीं?' यह दूसरी बात है कि अंत में यह निर्णय किया गया कि समारोह में कोई भी मुख्य अतिथि नहीं होगा। असल में राष्ट्रपति पद के चुनाव में संपादक मकानी डॉ जाकिर हुसैन के विरुद्ध कुछ ज्यादा ही कड़वी बातें लिखते रहे।

### सिद्धांतदर्शी राजनीतिज्ञ

दीनदयाल जी जात - पात एवं सांप्रदायिकता की राजनीति से हमेशा दूर रहे। वर्ष 1963 में उत्तर प्रदेश से लोकसभा के तीन उनचुनावों में विरोधी दलों ने फरुर्खाबाद से डॉ राम मनोहर लोहिया अमरोहा से आचार्य कृपलानी और जौनपुर से दीनदयाल जी को खड़ा करने का निर्णय किया। दीनदयाल जी पहले तो तैयार नहीं हुए। फिर इस शर्त पर राजी हुए कि सिद्धांत की दृष्टि से कोई अनुचित कार्य चुनाव में नहीं होगा, इसी का परिणाम था कि जब चुनाव प्रचार अभियान के दौरान एक जगह उन्हें यह कहा गया कि आगे नजदीक में ब्राहमणों की एक बस्ती है, वहां से होते हुए जाइये तो चुनाव में इसका लाभ होगा। उन्होंने जाने से इनकार कर दिया और कहा कि मैं जाति, धर्म आदि के नाम पर चुनाव नहीं लड़ना चाहता। अपनी ऐसी कई बातों के अग्राह के कारण वह चुनाव हार गये, जबकि डॉ लोहिया एवं कृपलानी जीत गये।

दीनदयाल जी कई बार रांची आये। अगस्त 1967 में रांची में भीषण सांप्रदायिक दंगे हुए थे, जिनमें बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के अलावा विपक्ष के कई नेता राम मनोहर लोहिया और दीनदयाल उपाध्याय भी अलग - अलग रांची पहुंचे थे। रांची में बिहार क्लब में दीनदयाल जी का भाषण हुआ था, जिसमें उपस्थित जनसमूह में कई मुस्लिम धर्मावलंबी भी थे। भाषण के बाद सबने दीनदयाल जी के विचारों की सराहना की। कइयों ने कहा कि वे वह अनुमान नहीं लगा पाये थे कि दीनदयाल जी कितने असाधारण व्यक्ति हैं। वस्तुतः दीनदयाल जी ज्ञान, कर्म व तप के त्रिवेणी संगम थे।

### हत्या का भयंकर रहस्य

जिन परिस्थितियों में दीनदयाल जी की मृत्यु हुई उन्हें ह्रदय विदारक कहा जायेगा। बिहार प्रदेश भारतीय जनसंघ के तत्कालीन संगठन मंत्री अश्विनी कुमार ने लखनऊ में मौजूद दीनदयाल उपाध्याय से फोन पर अनुरोध किया था कि वह 11 फरवरी 1968 को पटना में होने वाली जनसंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लें। दीनदयाल जी के लिए पठानकोट- स्यालदह एक्सप्रेस में प्रथम श्रेणी की एक सीट रिजर्व करा ली गयी थी। वह सायंकाल 7 बजे अकेले ही पटना के लिए रवाना हुए। यह गाड़ी सीधे पटना नहीं जाती थी। मुगलसराय स्टेशन पर इस गाड़ी से दीनदयाल जी वाली बोगी को काटकर शटिंग करके दिल्ली - हावड़ा ट्रेन में जोड़ दिया गया। जब दीनदयाल जी पटना में सुबह लखनऊ वाली बोगी में नहीं पाये गये तब दौड़ - धूप शुरू हुई। अफरा - तफरी मच गयी। अंत में पता लगा कि मुगलसराय रेलवे यार्ड की पटरियों पर बिजली के एक खंभे के पास पाया गया एक अज्ञात व्यक्ति का शव दीनदयाल जी का था। ऐसा समझा जाता है कि किसी कारणवश जिस समय वह बोगी के गेट पर मौजूद थे, उन्हें धक्का दे दिया गया था। इस कांड से सारा देश स्तब्ध रह गया। दीनदयाल जी की असामयिक मृत्यु से देश की एकता वह अखंडता को घोर क्षति पहुंची है।

**(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### अखिल झारखंड महिला संघ का किया गया विस्तार, कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हुए शामिल

# महिला संघ के विस्तार से पार्टी को मिलेगी मजबूती : रामचंद्र सहिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित ग्राम संसद भवन में आजसू पार्टी की अनुसंगी इकाई अखिल झारखंड महिला संघ के विस्तार के लिए महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। शनिवार को पटमदा में आयोजित सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस शामिल हुए। महिलाओं ने मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस को गुलदस्ता देकर स्वागत किया है। मौके पर पटमदा प्रखंड में सम्मेलन के दौरान सर्वसम्मति से महिला प्रखंड पदाधिकारीयों का चयन किया गया। मौके पर सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के पदभार आरती महतो को सौंपा गया। वहीं प्रधान सचिव-कौशल्या सिंह, सचिव- छवि रानी महतो, संजली टुडू,जोशना कालिंदी, दुखनी सोरेन, जोशना रानी सहिस,संगठन सचिव - नियति महतो ,प्रवक्ता - द्रौपदी महतो, कोषाध्यक्ष माधुरी कुंभकार, सोशल मिडिया प्रभारी- जगधात्री महतो, पुष्परानी महतो, आशालता महतो,उपाध्यक्ष - पुष्परानी मांडी, कुंती महतो, लक्ष्मी सहिस,पिंकी रानी महतो,पंचमी महतो ,कार्यकारी सदस्य - बंदना महतो, बालिका महतो, मंजुरानी महतो, सेफाली महतो, ठाकुरमनी महतो, सुंदरी महतो, नमिता माझी, पुर्णिमा महतो,नियति माझी, शकुंतला महतो को पदभार सौपा गया।

मौके पर मौजूद संघ के महिला कार्यकताओं ने सभी महिला पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा महिला शक्ति से ही पार्टी को मजबूती मिलती है। उन्होंने बताया संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को एकत्रित होना होगा। उन्होंने बताया संगठन को मजबूत करने के लिए प्रखंड स्तर से महिलाओं को चयनित किया गया। उन्होंने अखिल झारखंड महिला संघ के सभी नवनिर्वाचित महिला पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# गोविंदपुर मुख्य सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर मुख्य सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो गयी थी। इसके लिए स्थानीय लोगों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग की थी। विगत 24 जून को पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा स्थानीय लोगों की परेशानियों को देखते हुए जिले के उपायुक्त से शिकायत की गयी।

वहीं 6 सितंबर को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रामबाबू सिंह, उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह एवं समिति के सदस्यों द्वारा गोविंदपुर के जर्जर सड़क की वस्तु स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराया गया था। इसके आलोक में 12 सितंबर को अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा संबंधित कंपनियों को सड़क मरम्मत के लिए आदेश जारी किया गया था। शनिवार को कार्य शुरू होने पर स्थानीय लोगों में खुशी जाग उठी। गोबिंदपुर क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन, कंपनी के पदाधिकारियों, क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था ने गढ़वा के रेहला रोड में स्वागत बोर्ड लगाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था के तत्वावधान में जायंट्स विश्व सेवा सप्ताह के सातवें दिन 23 सितंबर दिन शुक्रवार को गढ़वा के रेहला रोड में जायन्ट्स आस्था का स्वागत बोर्ड लगाया गया। आस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सोनी ने बताया कि आस्था ने गढ़वा में समाजसेवा में एक नया कीर्तिमान बनाया है और इस तरह का स्वागत बोर्ड लगने से बाहर से जो लोग इस रोड पर जाते हैं उनको भी जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा आस्था का वेलकम बोर्ड आकर्षक लगेगा। कार्यक्रम में डॉ आशीष गुप्ता, डॉक्टर आलोक कश्यप, विराट राजा बिस्वास, प्रवीण जयसवाल, गौतम जयसवाल, दीपक कश्यप, गौतम रौनियार, डॉक्टर संजय सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, उत्तम जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन ने 150 गरीब व जरूरतमंदों के बीच किया भोजन का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के तत्वावधान में फूड फॉर हंगर कार्यक्रम के अंतर्गत लगातार 15वां सप्ताह जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम स्व. पदुम लाल अग्रवाल जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष में पुत्र राजीव रंजन अग्रवाल के द्वारा किया गया। रामासाहू उच्च विद्यालय के पास लगभग 150 जरूरतमंदों के बीच आज भोजन वितरण किया गया। लायन अमित कश्यप ने बताया कि लायंस ग्रीन के द्वारा अपनी सामाजिक सेवा भावना से हमेशा जरूरतमंदों के बीच भोजन, वस्त्र आदि का वितरण करता है और लोगों की जन्मदिन, सालगिरह, पुण्यतिथि आदि के अवसर पर इस तरह का आयोजन निरंतर किया जाता है। मौके पर सचिव और पूर्व जोन चेयरपर्सन हर्ष अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन जयशंकर ब्रेजियर, पूर्व जोन चेयरमैन लायन अमित कश्यप, प्रोजेक्ट सह चेयरमैन लायन आशुतोष अग्रवाल, लायन विनय कश्यप, संतोष अग्रवाल, पूर्व लियो डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनूप कुमार और लियो मानस अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### सेवा सप्ताह के अंतिम दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा ने मजदूरों के बीच किया फल का वितरण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स सेवा सप्ताह के तहत सातवें एवं अंतिम दिन जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के द्वारा ग्रुप उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू जी की अध्यक्षता में मुख्य पथ स्थित दीपक एलेक्ट्रिक के पास कोषाध्यक्ष अशोक केशरी की नतीनी बेबी इशानी केशरवानी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में अशोक केशरी के सौजन्य से सैकड़ों दिहाड़ी मजदूरों के बीच सेब एवं केला का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन विनोद कमलापुरी एवं मनोज कुमार केशरी व दीपक केशरी की अहम भूमिका रही। इस कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावे सेंट्रल कमिटी सदस्य अजयकांत पाठक, फेडरेशन सचिव नंद कुमार गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी मनोज केशरी (हिंदुस्तान सेनेटरी), स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, दीपक तिवारी, राकेश केशरी, रविंद्र केशरी, सुनील कुमार अग्रवाल, अवधेश कुशवाहा, चंदन चंद्रवंशी, चंद्रभूषण सिंहा, उमेश केशरी आदि उपस्थित थे।

### वनांचल ग्रामीण बैंक ने मृतक के आश्रित को 20 लाख की बीमा राशि का चेक प्रदान किया



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के रंका खुर्द गांव निवासी स्व. राकेश चंद्रवंशी के पत्नी को वनांचल ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय पदाधिकारी शिवानी सिंह ने 20 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। बताते चलें कि पिछले वर्ष स्व. राकेश चंद्रवंशी की मोटरसाइकिल दुर्घटना में बजनवा हनुमान मंदिर खरडीहा राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर मृत्यु हो गयी थी। स्व. राकेश कुमार चंद्रवंशी वनांचल ग्रामीण बैंक के खाताधारी थे। उन्होंने बैंक द्वारा 20 लाख का बीमा कराया था। जो जांच प्रक्रिया करते हुए उनकी पत्नी को ग्रामीण बैंक के जनरल मैनेजर शिवानी सिंह एवं इनके साथ शाखा प्रबंधक सौरभ कुमार के द्वारा 20 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर शिवानी सिंह ने बताया कि सभी लोगों को पॉकेट के हिसाब से बीमा करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि 500 के बीमा पर 10 लाख एवं 1000 की बीमा पर 20 लाख एक्सीडेंटल डेथ एसबीआई की ओर से दी जाती है। रंका खूर्द गांव के राकेश चंद्रवंशी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई थी। उनके द्वारा बीमा करायी गयी थी जिसका बीस लाख रुपए का चेक उनकी पत्नी को प्रदान किया गया। मौके पर ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक सौरभ कुमार, अनुज कुमार यादव, रफीक अंसारी आदि उपस्थित थे।

## बैठक : नगर परिषद अध्यक्ष ने की पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक, कहा

# गाइड लाइन का पालन करने वाले पूजा पंडाल को किया जायेगा सम्मानित

**नगर परिषद की ओर से टीम बनाकर रात-दिन पूजा पंडालों में सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी : पिंकी केशरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नगर परिषद के सभागार कक्ष में अध्यक्ष पिंकी केसरी की अध्यक्षता में नगर परिषद क्षेत्र में दुर्गा पूजा पंडाल समिति की पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई। जिसमें सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य ने अपने-अपने पूजा पंडाल की व्यवस्था को लेकर बातें रखीं। सबसे पहले सभी पंडालों के अध्यक्ष व सचिव की समस्याओं की जानकारी ली गई।

सभी पंडालों पर समितियों के पदाधिकारियों के द्वारा जो बातें सामने आयी उसे नगर परिषद के द्वारा संज्ञान में लेते हुए अध्यक्ष पिंकी केशरी ने कहा कि नगर परिषद गढ़वा के द्वारा एक गाइड लाइन जारी की गई है, इसका पालन सभी पूजा पंडाल के अधिकारियों को करना अनिवार्य है। पूजा पंडालों को सजाने एवं संवारने के लिए सिंथेटिक कपड़ा के बजाय कॉटन कपड़ा का प्रयोग करें। पूजा पंडालों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने के लिए प्लास्टिक की जगह पतल का दोना प्रसाद वितरण के लिए करें, सभी पंडालों पर दो-दो डस्टबिन रखना अनिवार्य है। सभी पूजा पंडाल पर अपने-अपने ध्वनि यंत्र को धीमी गति से बजायें, जिससे कि लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

नगर परिषद गढ़वा के द्वारा टीम बनाकर रात-दिन सफाई प्रभारी के साथ पंडाल की साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। खराब पड़े स्ट्रीट लाइट ठीक की जाएगी।

नगर परिषद के द्वारा जारी गाइड लाइन को जो पूजा पंडाल मानेंगे उन्हें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से नगर परिषद के उपाध्यक्ष मीरा पांडे, कार्य पालक पदाधिकारी सुशील कुमार, नगर प्रबंधक ओंकार यादव, राहुल रोहित, जेई संदीप कुमार, सीएलटीसी अजीत कुमार एवं लेखापाल विकास दुबे, सहायक अरशद अंसारी, पूजा पंडाल के जय भवानी अध्यक्ष छोटू चंद्रवंशी, पूनम कांस्यकार, विश्वनाथ सिंह, प्रदीप केसरी, विवेक सिन्हा, मुकेश दास, दीपक शर्मा, छोटू कुमार, उमेश केसरी, सरजू केसरी, राजेश गुप्ता एवं अन्य सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण के साथ-साथ वार्ड पार्षद गजाला सिद्दीकी, वार्ड प्रतिनिधि सुनील कुमार एवं सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# जिले भर में बूथ स्तर पर मनायी जायेगी पं. दीनदयाल की जयंती



**पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मन की बात कार्यक्रम का भी होगा आयोजन : रितेश चौबे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय गढ़वा में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से नगर मंडल गढ़वा, ग्रामीण मंडल डंडा व गोवावल मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष सह सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के जिला प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान भाजपा के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती 25 सितंबर को जिला भर में बूथ स्तर पर मनायी जाएगी। इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने महापुरुषों की जयंती सेवा कार्य कर मनाती है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन करेगी। हर कार्यक्रम के लिए जिला, विधानसभा, मंडल एवं बूथ स्तर पर प्रभारी भी बनाये गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर रंका मेराल सहित अन्य जगहों पर बैठक की गयी।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता जवाहर पासवान, गढ़वा विधानसभा विस्तारक बनवारी सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री सह कार्यक्रम संयोजक विकास तिवारी, गोवावल मंडल अध्यक्ष शिवनारायण चंद्रा, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, विकास शर्मा, रंजीत चौरसिया सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली ने पेंटिंग, फैंसी ड्रेस और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया

**सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर किया गया पुरस्कृत**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** जायन्ट्स सेवा सप्ताह के अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा स्थानीय ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में स्कूली बच्चों के बीच पेंटिंग, फैंसी ड्रेस एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूल के लगभग साठ बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहेली अध्यक्ष रितु जायसवाल ने एवं संचालन सहेली के प्रशाशनिक निदेशक रंजना जायसवाल ने किया। आजादी के अमृत महोत्सव विषय पर बधाई कार्ड पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जेम्स मिशन स्कूल की छात्रा एंजेल डेविड क्लास 7 को प्रथम स्थान, जेम्स मिशन स्कूल की छात्रा अनुष्का सागर क्लास 7 को द्वितीय स्थान एवं ज्ञान निकेतन स्कूल की तान्या कुमारी क्लास 8 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार फैंसी ड्रेस कंपटीशन में हमारे देश के नायक नायिका विषय पर, प्रथम स्थान डीएवी स्कूल की वैभवी गुप्ता क्लास 4, जेम्स मिशन स्कूल की कौटिल्य सागर क्लास 2 को दूसरा स्थान एवं जेम्स मिशन स्कूल से ही अफसर हुसैन को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार हर घर तिरंगा विषय पर भाषण प्रतियोगिता में ज्ञान निकेतन की छात्रा दिव्या दीप सोनी एवं तनुप्रिया को क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के पूर्व अध्यक्ष रीता केसरी, माला केसरी, रश्मि गुप्ता, लता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, सीमा केसरी, सुनीता केसरी, अनसुइया केशरी, सुषमा केसरी के अलावे जायन्ट्स सहेली की उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल,कोषाध्यक्ष वीणा केशरी, चांदनी केसरी, रीमा स्वरूप, संगीता गुप्ता, आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थी।

# स्कूल में शिक्षक की पिटाई से छात्रा हुई बेहोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**छात्रा की मां ने थाने में शिक्षक के विरुद्ध दिया आवेदन**

**बिशुनपुरा।** संध्या उत्क्रमित मध्य विद्यालय की वर्ग सात की छात्रा बिकी कुमारी को सहयोगी शिक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा बेहरहमी से मारपीट की गयी। शिक्षक के मारपीट से छात्रा विद्यालय में ही बेहोस हो गयी।

छात्रा की बेहोश होने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक रविंदर सिंह ने निजी चिकित्सक के पास इलाज करवाया, लेकिन घटना की जानकारी विद्यालय के द्वारा परिजनों को नहीं दी गयी। छात्रा की मां कुलवंती देवी ने शिक्षक के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में बताया गया है कि छात्रा बिकी कुमारी उम्र 13 के साथ बीते शुक्रवार को विद्यालय के ही सहयोगी शिक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा मारपीट की गयी है। मारपीट के बाद छात्रा विद्यालय में ही बेहोश हो गयी। छात्रा को गर्दन, पीठ में गंभीर चोट आयी है। जिससे छात्रा की गर्दन हल्की टेढ़ी हो गयी है। वहीं मामले की जानकारी पाकर बीडीओ हीरक मन्ना केरकट्टा, सीआरपी महेंद्र गुप्ता एवं थाना प्रभारी बुद्धराम सामद ने शिक्षक के द्वारा मारपीट के मामले की जांच की। जांच के दौरान बीडीओ ने शिक्षक को कड़ी फटकार लगायी। उन्होंने शिक्षक पर कार्रवायी करने की बात कही। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन के आलोक में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### टेंपो एवं जीप की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल

**मझिआंव/बरडीहा (आजाद सिपाही)।** मझिआंव बरडीहा मुख्य पथ पर बभनी गांव के पास कमांडर जीप एवं टेंपो के आमने-सामने की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल हो गये। इनमें लावा चंपा गांव निवासी बिगनी देवी (50), बरछाबांध गांव की उर्मिला देवी (50), कुंदरहे गांव निवासी महेंद्र यादव (30), लेभरी गांव निवासी टेंपो चालक अनूप कुमार मेहता (24), पलामू जिले के मुरमा कला गांव निवासी राजमती देवी (60) एवं रामकेश बैठा (60) वर्ष को मझिआंव रेफरल अस्पताल में लाया गया। जहां पर अस्पताल प्रभारी डॉ गोबिंद प्रसाद सेठ द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद गंभीर रूप से घायल राजमती देवी, बिगनी देवी, महेंद्र यादव एवं उर्मिला देवी को बेहतर चिकित्सा के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया। बताया जाता है कि कमांडर जीप बरछा बांध गांव से गढ़वा की तरफ जा रही थी जबकि टेंपो मझिआंव से बरडीहा की तरफ सवारी लेकर जा रहा था। घटना का कारण दोनों वाहनों के चालकों की लापरवाही का परिणाम बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मझिआंव बरडीहा कांडी मुख्य पथ दो लेन का चौड़ा सड़क है और घटनास्थल के समीप कोई घर नहीं होने के कारण सड़क खाली रहती है। इसके बाद भी आमने सामने की टक्कर होना चालक की लापरवाही बतायी जा रही है।

### बीडीओ ने एसीजेएम नगर ऊंटारी कोर्ट में उनके बच्चों की हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर उंटारी बीडीओ श्रवण राम ने एसीजेएम नगर ऊंटारी की कोर्ट में तीसीबार ग्राम, थाना पांडु निवासी विकास कुमार दूबे पिता दशरथ दुबे और पत्नी प्रीति देवी पिता देव कुमार रवि व एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध परिवाद पत्र दायर किया है। परिवाद पत्र बीडीओ श्री राम ने विकास कुमार दूबे, प्रीति देवी व अज्ञात के विरुद्ध पूर्व में मेदिनीनगर थाने में दर्ज मुकदमे को उठाने की धमकी व घर में घुसकर उनके दो नाबालिग बच्चों के कथित अपहरण के प्रयास करने जैसे गंभीर आरोप लगाये हैं। कोर्ट में दायर उक्त परिवाद पत्र के आलोक में उपरोक्त तीनों के विरुद्ध नगर ऊंटारी थाने में एफआईआर दर्ज हो गया है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बीडीओ श्री राम ने अपने परिवाद पत्र में उल्लेख किया है कि विगत 18 अप्रैल 2022 को मेदिनीनगर टाउन थाने में विकास कुमार दूबे और प्रीति देवी के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज कराया था। जिसके गवाह उनके दोनों नाबालिग बच्चे हैं। परिवादी से दोनों की जान खतरे में है। बीडीओ श्रवण राम ने कोर्ट से अपनी और अपने बच्चों की जान की रक्षा के साथ साथ दोषियों के विरुद्ध संज्ञान लेकर समुचित दंड देने का अनुरोध किया है।

Tel. No. (Election Office) – 06562-231044
E-mail ID –dc-pal@nic.in
**OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE –CUM- DEPUTY COMMISSIONER, PALAMU**
(District Nazarat Section)

***Tender Notice for Housekeeping & Catering service in Old Circuit house, Nutan Circuit House, Medininagar***
***Very short Tender***

Sealed Tenders are invited from reputed parties having relevant for round the clock housekeeping, gardening, cleaning, catering and maintenance of reception desk of the following house :-
1. Old circuit house, Medininagar – Comprises of 04 standard rooms.
2. Nutan circuit house, Medininagar – Comprises of 08 standard rooms.

Prescribed tender forms along with Terms and Condition, Scope of work, Qualification criterion etc can be obtained from the office of District Nazarat Deputy Collector, Collectorate Palamu from the date of publication of this advertisement on all working days during office hours.

Cost of the form is Rs. 500/- and to be paid in cash or through Bank Draft in favour of Deputy Commissioner, Palamu payable at Daltonganj.

Filled up tender form along with Bank Draft of Rs. 50,000/- (Fifty thousand) for house drawn in favour of Deputy Commissioner, Palamu. Towards refundable earnest money should be submitted in two separate covers each containing Technical Bids and Financial Bids separetaly in the office of District Nazarat Deputy Collector, Palamu latest by 12.30 pm on 07/10/2022 The received tenders shall be opened at 03.30 pm on the same day i.e. 07/10/2022 at Collectorate conference hall before the bidders or their authorised representatives.

**Deputy Commissioner**
**Palamu**

PR 278624 Palamu (22-23)_D

### मुखिया ने किया प्रतिपूर्ति राशि का वितरण

**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेलाबार में शनिवार को 55 छात्र-छात्राओं के बीच प्रतिपूर्ति का राशि वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया मूंगा साह, व पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून मौजूद थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा सुप्रिया सिंह, छात्र कासिम अंसारी, राहत अंसारी, मोहम्मद हसीब अली, नवेज आलम, मुजाहिद अली, शादाब अंसारी, सहित 55 बच्चे शामिल थे। जिसमें 37 बच्चे को 1123 रुपए और 18 बच्चे को 665 रुपए के हिसाब से राशि उक्त जनप्रतिनिधियों के हाथों से वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक रामसागर सिंह, शिक्षक असीम अंसारी, मुजफ्फर हुसैन, अनिल कुमार सिंह कुंडल कुमार सिंह भारद्वाज साह, इम्तेयाज अंसारी, खुर्शीद अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

**कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)**

**आवश्यक सूचना**

स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वच्छ अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण – 2023 को देखते हुए सर्वेक्षण में आम नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कचड़ा मुक्त शहर बनाने के उद्देश्य से नागरिकों को जागरूक करने के निमित्त जागरूकता अभियान के तहत् बुण्डू नगर पंचायत अन्तर्गत अधिष्ठापित दुर्गापूजा पंडालों/समितियों के बीच "सर्वश्रेष्ट पंडाल / पूजास्थल" के चयन हेतु प्रतियोगिता आयोजित की जानी है। समिति एवं उनके द्वारा अधिष्ठापित पंडालों का मूल्यांकन निम्नलिखित मापदण्डों के आधार पर किया जाएगा:–

| क्र०सं० | विषय | अंक |
|---|---|---|
| 01 | कोविड (Covid–19) प्रोटोकॉल एवं दिशानिर्देशों का अनुपालन। | 10 |
| 02 | पूजा स्थल/पंडाल की साफ–सफाई | 15 |
| 03 | पूजा स्थल पर गीले / सूखे कचरे हेतु अलग–अलग कूड़े दान/पात्र संधारित करना | 05 |
| 04 | गीले एवं सूखे कचड़े को अलग करके विनिर्दिष्ट कूड़ा पात्र में रखा जाना (Source Segregation) | 20 |
| 05 | अराध्य मूर्ति एवं पूजा स्थल की साज–सज्जा में प्राकृतिक रंगों, स्वतः / जैविक रूप से सड़नशील (Biodegradble) एवं इको फ्रेंडली (Eco Friendly) सामग्री का उपयोग | 10 |
| 06 | प्रसाद वितरण, पेयजल वितरण, पूजा सामग्री संग्रहण जैसे कार्यों हेतु एकल इस्तेमाल वाले प्लास्टिक (Single use Plastic)/ प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करना | 30 |
| 07 | मूर्ति विसर्जन (Idol Immersion) हेतु सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन | 10 |
| | कुल प्राप्तांक | 100 |

उपरोक्त मापदंडों के आलोक में नगर निकाय स्तर पर गठित समिति द्वारा अंक प्रदान किए जाएगें । अधिकतम अंक अर्जित करने वाले तीन श्रेष्ट पंडाल / पूजा समिति को सम्मानित किया जाएगा ।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पंचायत बुण्डू**

PR 278628 (Urban Development)22-23*D

## कार्यक्रम : एसपीडी कॉलेज में एनएसएस के स्थापना दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

# भाषण व पोंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाये टैलेंट

**शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में किया पौधरोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज में शनिवार को एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्वयंसेवकों के बीच भाषण प्रतियोगिता तथा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी। साथ ही महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। भाषण प्रतियोगिता में विवेक गुप्ता, विनित चौबे, दीपिका तथा मुस्कान एवं पेंटिंग में दिव्या, अंजली, मुस्कान एवं खुशी को क्रमशः प्रथम, दितीय, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा सभी क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनएसएस के युवा वर्ग समाज को जागरूक करने का कार्य करते हैं। महाविद्यालय द्वारा उन्हें हर क्षेत्र में सहयोग किया जाता है।

मौके पर मुख्य वक्ता डा. सत्यदेव पाण्डेय ने कहा कि महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा कोविड जैसी आपदा के समय बढ़-चढ़ कर कार्य किया गया। उन्होंने नवागंतुक बच्चों को इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा ने कहा कि 24 सितम्बर 1969 को एनएसएस की स्थापना हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व का विकास करना है। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुए लोगों को जागरूक करना है। मौके पर निर्णायक की भूमिका प्रो. सत्यदेव कुमार, प्रो. नीलम गुप्ता तथा डा. सत्यदेव पाण्डेय ने निभायी।

इस मौके पर डा. बिनोद कुमार द्विवेदी, डा. अरुण कुमार तिवारी, सिनियर वॉलंटियर शुभम कुमार तिवारी, अनित कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में अभिषेक विश्वकर्मा, सकेन्द्र कुमार, नेहा कुमारी, सोनू कुमार, मोहाजीम अंसारी, विकास कुमार गुप्ता, अखिलेश कुमार आदि ने भाग लिया।

## खलारी डीलर संघ अपनी मांगों को लेकर खाद्य सचिव व रांची डीसी को सौपेंगा ज्ञापन



डकरा (आजाद सिपाही)। खलारी डीलर संघ की बैठक शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में हुई। बैठक कामता प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई। वक्ताओं ने कहा कि डीएसओ द्वारा आश्वासन दिया गया था कि शनिवार को वे आएंगे और राशन डीलरों के साथ एक समीक्षा बैठक कर उनकी समस्याओं को जानेंगे। लेकिन उनके बैठक में नही आने पर राशन डीलरों द्वारा निर्णय लिया गया कि सोमवार को क्षेत्र के राशन डीलर अपनी मांगों को लेकर खाद्य सचिव एवं रांची डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही राशन वितरण में होने वाली समस्याओं से भी अवगत कराएंगे। बैठक में मुंशी प्रसाद साहू, मोहन कुमार यादव, नारायण सिंह, विश्वनाथ यादव, शिवनंदन साहू, उपेन्द्र कुमार, सीपी पासवान, रामजन्म यादव, दीपक कुमार, विनोद कुमार गिरि, विरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, देवेन्द्र प्रसाद गुप्ता, दिनेष सिंह, कन्हाई प्रसाद साहू, मनोज कुमार गिरि, अशोक कुमार सिंह, लालेश्वर यादव, पंचम प्रसाद और संजय कुमार चौधरी सहित महिला समूह के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कोयला तस्करी की रोकथाम को लेकर सीआइएसएफ ने किया पैदल मार्च



डकरा (आजाद सिपाही)। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) की ओर से सीसीएल एनके क्षेत्र में कोयला तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत सीआइएसएफ अधिकारियों व जवानों ने केडीएच के डंप यार्ड व चेक पोस्ट के आसपास एरिया में पैदल मार्च किया। सीआइएसफ के उप समादेष्टा मृत्युंजय स्वामी के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि केडीएच के डंप यार्ड व चेक पोस्ट के अगल बगल इलाको से कोयला चोरी के रोकने के लिए यह पैदल मार्च किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में सीआइएसएफ ने विशेष अभियान चलाकार कई कोयला तस्करों के साथ काफी संख्या में बाइक व कोयला जब्त किया गया था। कोयला चोरी के रोकथाम के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में सीआइएसएफ के निरीक्षक नागेंद्र प्रसाद, उप निरीक्षक अनूप सिंह सहित कुल 50 जवान शामिल थे।

## विहिप की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

खलारी (आजाद सिपाही)। तुमांग पंचायत के रोहिणी स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को विहिप सह बजरंग दल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पंकज यादव और संचालन शशि कुमार तुरी ने किया। बैठक में संगठन के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही क्षेत्र में हो रहे धर्म परिवर्तन पर गंभीर चर्चा की गई। सक्रिय कार्यकर्ता प्रताप यादव ने कहा कि प्रत्येक समाज की शिक्षा का स्वरूप उस समाज की धर्म-संस्कृति पर निर्भर करता है। शिक्षा के अभाव में कोई भी समाज न तो धर्म-संस्कृति को सुरक्षित रख सकता है और न ही उसका विकास कर सकता है।

### खलारी सीओ ने किया पूजा पंडालों का निरीक्षण, दिये दिशा-निर्देश

# पंडालों में सीसीटीवी कैमरा व सुरक्षा पर विशेष ध्यान देंगे पूजा आयोजक

आजाद सिपाही संवाददाता

**डकरा।** दुर्गापूजा के आयोजन को लेकर खलारी सीओ शिशुपाल आर्य ने शनिवार को खलारी प्रखंड क्षेत्र के कई पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। साथ ही पूजा कमेटियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। सीओ ने मोहन नगर, डकरा सार्वजनिक पूजा समिति, दुर्गा मंडप डकरा, केडीएच, सुभाष नगर पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। इस दौरान पूजा समितियों से सुरक्षा संबंधित सीसीटीवी लगाने, महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं को आने-जाने के लिए दो अलग-अलग द्वार बनाने, पंडाल की ऊंचाई, अग्निशामक यंत्र एवं फर्स्ट एड किट की व्यवस्था को सुनिश्चित करने आदि का निर्देश दिया। पूजा समितियों द्वारा हर साल की तरह इस साल भी सुरक्षा संबंधित सभी तरह के संसाधनों की पूरी व्यवस्था रखने की बात कही गई। इस संबंध में सीओ शिशुपाल आर्य ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चेक लिस्ट तैयार किया गया है। जिसमें 16 बिंदुओं को पूजा समितियों द्वारा अमल कराए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। पूजा पंडालों में अनियंत्रित भीड़ और होने वाले हादसा पर नियंत्रण रखने के लिए सभी पूजा समितियों को निदेर्शों का पालन करना होगा। अभी अन्य पूजा पण्डालों का निरीक्षण होना भी बाकी है।



मोहन नगर पंडाल का निरीक्षण करते अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य।

## एनएसएस स्वयं सेवकों के लिए सेमिनार आयोजित

खलारी (आजाद सिपाही)। उत्तरीकर्णपूरा श्रमिक महाविद्यालय डकरा में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर शनिवार को एनएसएस स्वयं सेवकों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उत्तरीकर्णपूरा श्रमिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार सिंह भी मौजूद थे। वहीं विनय कुमार, श्याम ठाकुर और केके सिंह भी उपस्थित थे। सेमिनार के दौरान एनएसएस के स्थापना का उदेश्य, विविध जागरूकता के लिए महिला कल्याण, चाइल्ड प्रोटेक्षन, सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता सहित अन्य विशयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। यह सेमिनार एनएसएस यूनिट एक तथा एनएसएस यूनिट दो के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था।

## रायफल शूटिंग में कोयलांचल की बेटी काजल ने गोल्ड मेडल जीतकर लहराया परचम

24वीं ऑल इंडिया कुमार सुरेन्द्र सिंह इंटर रायफल शूटिंग में स्वर्ण पदक जीत बढ़ाया मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। दिल में जज्बा और इरादा बुलंद हो तो कामयाबी मिलने से कोई नहीं रोक सकता है। इसी को चरितार्थ करते हुए सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी रविन्द्र सिंह की बेटी काजल कुमारी ने बिना किसी सरकारी मदद के रायफल शूटिंग में स्वर्ण पदक जीत कर कोयलांचल सहित पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। बतातें चलें कि काजल बचपन से ही राइफल शूटिंग का प्रशिक्षण ले रही है। राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक राइफल शूटिंग में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर झारखंड का नाम रोशन किया है। कुछ दिनों पूर्व झारखंड में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी काजल ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीता था। इधर पश्चिम बंगाल के आसनसोल में आयोजित 24वीं ऑल इंडिया कुमार सुरेन्द्र सिंह इंटर रायफल शूटिंग में काजल ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 600 में 593 अंक लाकर युथ वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। काजल वर्तमान में डीएवी हेहल रांची की छात्रा है। प्रशिक्षण के लिए काजल अपने खर्च पर एकलव्य शुटिंग क्लब पिस्का मोड़ और टिकैत उमरांव शुटिंग रेंज रांची में अभ्यास और प्रशिक्षण कर रही है। काजल के पिता ने सरकार से प्रशिक्षण के लिए मदद की मांग की है। वहीं, काजल की इस उपलब्धि पर उसके मां बाप, शिक्षकों के साथ पिपरवार के लोगों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।



### महत्वपूर्ण न्यूज

## गरीब और असहाय की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य कर्म : मिनिता सहाय



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा ऑफिसर्स क्लब में समारोह आयोजित कर जागृति महिला मंडल पिपरवार क्षेत्र की ओर से क्षेत्र के गरीब और असहाय महिलाओं के बीच साड़ी वितरित किया गया। अर्पिता महिला मंडल सीसीएल की अध्यक्षा विमला प्रसाद के निर्देश पर जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष मिनिता सहाय की अगुवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में कुटकी और बरवाटोला की 35 गरीब और असहाय महिलाओं के बीच साड़ी, फल और नाश्ते का वितरण किया गया। मिनिता सहाय ने कहा कि गरीब और असहाय की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य कर्म है। इसमें क्षेत्र के लोगों को भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर विनीता पाठक, रितु सिन्हा, लता प्रताप, सुनीता सिंह, सविता सिंह,आशा चिवड़े, गीता सिंह आदि मौजूद थी।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर भाजपाइयों ने की नदियों की सफाई

पिपरवार (आजाद सिपाही)। भाजपा पिपरवार मंडल की ओर से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शनिवार को जल ही जीवन एवं जल संरक्षण के विषय पर नदियों की सफाई की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक भाजपा की ओर से सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस बाबत भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधान सेवक के रूप में देश का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता देश को सशक्त और मजबूत बनाने में लगे हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, जिला मंत्री रीना देवी, महामंत्री राधा देवी, रामप्रसाद महतो, रामलाल महतो, संजय कुमार, बप्पी पात्रा, महेश विश्वकर्मा, रविन्द्र उरांव, बंटी सिंह, दीपक सिंह, किशोर जयसवाल, धनराज भोक्ता, मोहनी खातून, निर्मला, शीतल व मनीषा देवी थीं।

## 1932 खतियान के आधार पर स्थानीय नीति को लेकर होरो पड़हा की हुई बैठक



खूंटी (आजाद सिपाही)। कर्रा प्रखंड के मधुगामा स्कूल मैदान में शनिवार को 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति पर चर्चा को लेकर होरो पड़हा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता होरो पड़हा देवान सुनील होरो ने की। बैठक में होरो पड़हा के सभी मौजा के ग्राम प्रधान, मुंडा, पाहन, महतो, ग्राम सचिव, बुद्धिजीवी, अगुवा मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से 1932 खतियान के आधार पर स्थानीय नीति पर चर्चा करते हुए सरकारी पदाधिकारीयों की ओर से ग्रामसभा को नजर अंदाज कर मनमानें तरीके से विकास कार्यो को गांव में लाना और ग्रामसभा की सहमति नहीं लेना व आदिवासी समाज को धर्म के नाम पर बांटने का पुरजोर विरोध किया गया। इसके अलावा आगामी दो अक्टूबर को ग्राम काला मुछिया में संयुक्त पड़हा की होनेवाली बैठक में भारत का संक्षिप्त इतिहास, आदिवासीयों की दशा-दिशा, जमीन जायदाद, जनसंख्या, जमीन की रक्षा, पड़हा कानून व्यवस्था, विकास एवं व्यवस्था परिवर्तन पर विशेष चर्चा होगी। कार्यक्रम का संचालन निरल होरो ने किया। इस मौके पर जोसेफ होरो, शिबू होरो, गोलियां होरो, प्रेम प्रकाश होरो, जीवन होरो, विकास होरो, विश्वास पाहन, तानीश होरो, खैरा पहान, दोहन होरो, थयोफिल होरो, मानुएल होरो, लोरेंस होरो, छोटन पाहन, बौना होरो, फ्रांसिस भेंगरा, विपिन होरो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## लोक अदालत में पांच मामलों का निष्पादन

खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को व्यवहार न्यायालय खूंटी में लोक अदालत का आयोजन किया गया। विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए लोक अदालत में पांच बेंचों का गठन किया गया था। जहां न्यायालय में लंबित और प्री लिटिगेशन से संबंधित मामलों का निष्पादन किया गया। लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआई एक्ट और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मनोरंजन कुमार ने बताया कि पांच बेंचों के माध्यम से न्यायालय में लंबित छह मामलों का निष्पादन किया गया और 16 हजार 350 रुपये का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी, निबंधक तुषार आनंद, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष विरेंद्र कुमार, स्थायी लोक अदालत के सदस्य, पैनल अधिवक्ता आदि मौजूद थे।

## एनएफएफएसइ एवं पीएमजीकेवाइ के तहत राशन देने को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी भाजपा मंडल संयोजक सह खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के सांसद प्रतिनिधि रामसुरत यादव ने शनिवार को एनएफएफएसई एवं पीएमजीकेवाई के तहत बंटने वाले राशन में अनियमितता को लेकर बीडीओ लेखराज नाग को एक पत्र सौंपा है। इस दौरान खलारी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा भी उपस्थित थे। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि खलारी प्रखंड में 62 जनवितरण प्रणाली की दुकानों से हजारों गरीब जनता को राशन मिलता है। पिछले दो महीने (अगस्त और सितंबर) का एनएफएफएसई एवं पीएमजीकेवाई का राशन वितरण नहीं होने से कार्डधारी लाभुकों को और जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। प्रत्येक दिन लाभुकों एवं राशन डीलरों के बीच कहा सुनी हो रही है। वहीं राशन डीलरों का कहना है कि राशन नहीं भेजा जा रहा है। वहीं पत्र में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राशन उपलब्ध नहीं कराना गरीब जनता का निवाला छिनने वाला कृत है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि गरीब जनता का आगस्त माह का राशन उपलब्ध कराया जाए। वहीं पत्र के अंत उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और प्रधानमंत्री कल्याण योजना के तहत राशन उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान पत्र सौंपने वालों में विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, चतुर्गुण भुईयां, कुलदीप लोहरा और दिलीप पासवान भी शामिल थे।

### तमाड़

## सरकारी स्कूलों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं में लिप्त दो युवक गिरफ्तार

वारदात में लिप्त दो अन्य आरोपित अभी भी फरार, उनकी तलाश में छापामारी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू थाना क्षेत्र के सुमानडीह सहित विभिन्न सरकारी स्कूलों में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही चोरी की शिकायत मिलने के बाद शनिवार को पुलिस दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान सूरज महतो और राकेश अहीर के रूप में हुई है। सूरज डमारी और राकेश ताऊ का रहने वाला है। इनके पास से चार गैस सिलेंडर, तीन समरसेबल पंप, एक प्रिंटर मशीन और एक बाइक बरामद की गई है। इसकी जानकारी डीएसपी अजय कुमार ने दी। वे शनिवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में चोरी की सूचना मिल रही थी। जिसके बाद छापामारी दल बनाकर जांच अभियान चलाया गया। पता चला कि चार युवक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसके बीच कार्रवाई करते हुए दो को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि नीलांबर महतो उर्फ रंगा और सूरज महतो नामक आरोपित अभी भी गिरफ्त से बाहर हैं। उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार युवकों से पूछताछ में पता चला है कि ये लोग टीम बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। कहा कि इन चोरों से जो लोग भी चोरी का सामान खरीदते थे उनकी भी पहचान की जा रही है। जल्दी ही उनपर भी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर बुंडू थाना प्रभारी पंकज भूषण, एसआई संतोष कुमार, एसआई दीपक कुमार आदि शामिल थे



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते डीएसपी अजय कुमार व अन्य।

## तमाड़ में पिछले एक सप्ताह से जलापूर्ति ठप, लोग परेशान

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ में पिछले एक सप्ताह से पेय जलपूर्ति ठप है। जिससे लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे क्षेत्र में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कनीय अभियंता ने बताया कि मशीन जल जाने के कारण ऐसी समस्या उत्पन्न हुई है। मशीन की मरम्मति पर लगभग एक से ढेड लाख रुपये खर्च आएगा। विभाग को पत्र लिखा गया है। वहीं, दुर्गापूजा-नवरात्री मे लोगों को बाहर से पानी लाकर पीना पड़ रहा है। जो जार 10 में मिलता था वो 20 रुपये में बिक रहा है।

## रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए सिविल सोसाइटी ऑफ खलारी सम्मानित



खलारी (आजाद सिपाही)। सिविल सोसाइटी ऑफ खलारी को रक्तदान शिविर आयोजन करने के लिए सदर अस्पताल रांची, रक्त अधिकोष के आमंत्रण पर सिविल सर्जन सभागार कक्ष में शनिवार को सम्मानित किया गया। सिविल सर्जन बिनोद कुमार द्वारा दिए गए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो को संस्था के राजीव चटर्जी, ओमप्रकाश शर्मा, संतोष महतो एवं आनंद सिंह को संयुक्त रूप से प्राप्त किया। संस्था के सदस्यों ने सिविल सर्जन बिनोद कुमार से कोयलांचल में चिकित्सा शिविर लगाने का भी आग्रह किया। जिस पर उन्होंने अपनी सहमति जताई।

## पोषण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन



तमाड (आजाद सिपाही)। आजादी के अमृत महोत्सव पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के तत्वाधान में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के सहयोग से पोषण सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ भी उपस्थित थे। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्र एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर तमाड़ प्रखंड के आंगनबाड़ी सेविका ने भी अपना स्टॉल लगाकर पोषण से संबंधित जानकारी दी।

## साईं मेडिकल में हुआ नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन, 200 लोगों की हुई जांच

राहे (आजाद सिपाही)। प्रखंड के साईं मेडिकल नवागांव में शनिवार को हड्डी, नस और जोड़ के रोगियों के लिए रांची के मैक्स ऑथोर्पेडिक अस्पताल और नावागांव साईं मेडिकल के सौजन्य से नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। हड्डी विशेषज्ञ डॉक्टर अरुण कुमार दास ने लोगों की जांच की। शिविर में 200 लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई। शिविर में अधिकतर हड्डी नस और जोड़ की समस्या से ग्रसित लोग ही पहुंचे थे। जांच के बाद आवश्यकता अनुसार सभी को नि:शुल्क दवा भी दी गई। शिविर के सफल आयोजन में डॉक्टर द्रोण सिंह मुंडा, प्रतिमा कुमारी, अनूप कुमार, मोनू कुमार, अशोक महतो, नंद किशोर महतो, रामधन महतो और सुभाष महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को सिखाये उन्नत खेती के गुण



तमाड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पुंडीदीरी पंचायत भवन में शनिवार को कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान किसानों के बीच बीज बांटे गए। साथ ही किसानों को आधुनिक तरीके से खेती करने का गुण सिखाया गया। जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार व अधीनस्थ कर्मचारी के अलावे टाटा कंपनी के प्रशांत सिंह, मटेरियल प्टोलियस के विवेक सिंह, कंपनी के सेल निदेशक संगीत डालमिया के अलावे बुंडू जिला परिषद परमेश्वरी शांडिल, तमाड़ मध्य जिला परिषद विजय सिंह, मानकी मुखिया लक्ष्मीकांत मुंडा, जगदीश गुप्ता, विमला देवी, ममता देवी व नमिता शामिल हुईं। कार्यक्रम का संचालन हीरा दास ने किया। इस मौके पर ताराचंद सिंह मुंडा, धनु नाग, महेश पुराण विदुर प्रमाणिक, विश्वनाथ दास, कंचन कुमारी आदि मौजूद थीं। जिला कृषि पदाधिकारी ने पैदावार व जमीन में उर्वरक शक्ति बढ़ाने आदि की जानकारी दी। साथ ही खेतों में सोलर बोरिंग लगाकर सालभर खेती करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। सरकार द्वारा किसान को दिए जाने वाले कार्यक्रम के बारे में भी बताया गया।

## सिगीद और जुड़गा गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात, फसलों को नष्ट किया



धान की खेत में विचरण करता जंगली हाथियों का झुंड।

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के सिगीद गांव और हारिन पंचायत के जुड़गा गांव में जंगली हाथियों ने शुक्रवार की रात जमकर उत्पात मचाया। एक दौरान करीब 15 एकड़ जमीन में लगे सब्जी और धान की फसल को रौंद कर नष्ट कर दिया है। किसान कांतो महतो, गणेश महतो, पुष्पा देवी, श्रीकांत महतो, बुधराम स्वांसी, रेखा देवी, भुनेश्वर महतो, मीरा देवी, दमयंती देवी, जानकी देवी और जुड़गा गांव के शभु महतो, मनसा राम महतो, महेश्वर महतो, योगेश्वर महतो, मायाराम महतो के धान फसल को हाथियों ने नष्ट कर किया है। फसल नुकसान की सूचना पर मुखिया मनोज मुंडा और आजसू के जिला उपाध्यक्ष श्याम कुमार महतो किसानों से मिले और नुकसान की जानकारी ली। साथ ही वन विभाग से बात कर शीघ्र मुआवजा देने की बात कही। इधर, शनिवार को दिनभर 40 की संख्या में हाथियो का झुंड बारेंदा के पहाड़ी पर जमे रहे। शुक्रवार रात वन विभाग के साथ हाथी भगाओ दल ने सारेयाद गांव से भगा कर बारेंदा पहाड़ी तक लाये थे। शनिवार रात को हाथियों के झुंड को बंगाल पहुंचाने का निर्णय लिया गया है।

# महालया आज, कलश स्थापना के साथ कल से शुरू होगा दुर्गोत्सव

**बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में पूजा पंडालों को जहां अंतिम रूप देने में कारीगार लगे हैं वहीं मूर्तिकार भी जीवंत रूप देने में जुटे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा पूजा का त्योहार महालया के साथ आज से शुरू हो जाएगा। सोमवार को मंदिरों व घरों में शुभ मुहूर्त में कलश स्थापित कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की आराधना की जाएगी। पांच अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर मां की प्रतिमा के विसर्जन के साथ त्योहार का समापन होगा। माता के उपासक नौ दिनों तक नवदुर्गा के पाठ में लीन रहेंगे। रेडियो एवं टीवी पर महालया के श्लोक सुबह सुने जाएंगे। प्रखंड के खत्री खटंगा, पाकल मेड़ी, मुरतो, तुको ईंटा चिन्द्री व घाघरा में शारदीय नवरात्र की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। हर तरफ उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। पूजा पंडालों को जहां अंतिम रूप देने में कारीगर लगे हैं, वहीं मूर्तिकार भी जीवंत रूप देने में जुटे हुए हैं। चहुंओर माता रानी के गीतों से गांव गूंजने लगे हैं। पूजा के लिए बाजार भी तैयार है।

वहीं पूजा समितियों द्वारा विभिन्न तरह आकृतियों के पंडाल के निर्माण किए जा रहे हैं। इधर, पूजन सामग्रियों की दुकानों के अलावा फल दुकानों में भी बिक्री शुरू हो गई है। मूर्तियों में साज-सज्जा का कार्य दिन रात चल रहा है। पर्व की रौनक लौटने से दो साल से कोरोना की मार झेल रहे मूर्तिकारों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। पंकज दीपक व लक्ष्मण कलाकारों का कहना है कि अबकी बार नवरात्रि में जगह-जगह मूर्ति की स्थापना की जा रही हैं। इसे लेकर मूर्ति की बुकिंग पहले से ही हो गई है और अब की बार उनमें उत्साह है।

# जसपुरिया बीएड कॉलेज के 90 प्रतिशत प्रशिक्षुओं ने डिस्टिंक्शन प्राप्त किया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय ने बीएड बैच 2020-22 के परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। जसपुरिया बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने बहुत बेहतरीन परफॉर्मेंस किया है। कॉलेज का रिजल्ट 98% रहा। इसमें 90% प्रशिक्षुओं ने डिस्टिंक्शन प्राप्त किया है एवं 8% ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया है। प्रशिक्षु दीपाली शुक्ला ने 85% मार्क्स के साथ प्रथम, प्रतिमा सोरेन ने 84% मार्क्स के साथ द्वितीय एवं कमलेश महतो ने 83.69% मार्क्स के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कमला नेहरू कॉलेज में डॉ बहादुर सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कमला नेहरू इंटर कॉलेज टाटीसिलवे के पूर्व सचिव एवं संस्थापक डॉ बहादुर सिंह की 9वीं पुण्यतिथि कॉलेज परिसर मे मनायी गयी। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य अनिल कुमार सिन्हा सहित शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने डॉ बहादुर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्राचार्य अनिल कुमार सिन्हा ने डॉ बहादुर सिंह को एक महान सख्सियत बताते हुए कहा कि उन्होंने जीवन-पर्यन्त क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का काम किया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदानों को लोग कभी भूल नहीं सकते। मौके पर दर्जनों लोगों ने डॉ बहादुर सिंह को श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया।

# एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चिलदाग में विज्ञान प्रर्दशनी का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चिलदाग मे शनिवार को विज्ञान प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक सोंच को प्रदर्शित किया तथा विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किये। मौके पर मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि धरती की उत्पति के समय से ही विज्ञान एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में रहा है। कहा कि डॉ अब्दुल कलाम ने विज्ञान के प्रति अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य अवनिंद्र सिंह ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अजय कुमार महतो, राजेन्द्र महतो, सुरेश महतो, विजय महतो, राणा दिनकर सिंह आदि मौजूद थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर ठाकुरगांव थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर ठाकुरगांव थाना में शांति समिति की बैठक शनिवार को खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर से हर्षोल्लास पूर्वक दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया। मौके पर सदस्यों ने प्रशासन से पर्व के समय गश्ती बढ़ाने, अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की बात कही। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राय ने कहा कि पर्व के समय माहौल बिगाड़ने वालों पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। बैठक को बुढ़मू सीओ शंकर कुमार विद्यार्थी, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, लाल मृतुन्जय नाथ शाहदेव,मणिकांत साहु, मौलाना शाबिर ने भी संबोधित किया। मौके पर डीएसपी ने अपने संबोधन में कहा कि सोशल मीडिया में गलत अफवाह फैलाने वालों समेत असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर है। मौके पर डॉ मदन, कौशल साहु, जिब्राईल अंसारी, उत्पल शाहदेव, शहानंद गोप, दशरथ उरांव समेत अन्य मौजूद थे।

**कार्यक्रम : विधायक क्षेत्रीय विकास निधि से साल्हन गांव में हो रहा पीसीसी पथ का निर्माण**

# ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में घटिया पत्थर लगाने का लगाया आरोप

**शुक्रवार को विधायक की पत्नी से पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया था शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता





शिलान्यास करती विधायकी की पत्नी रिया तिर्की तथा सड़क निर्माण कार्य में प्रयुक्त घटिया पत्थर को दिखाता ग्रामीण।

**अनगड़ा।** विधायक क्षेत्रीय विकास निधि से प्रखंड के साल्हन गांव में रूक्का रोड साल्हन जोड़ा तालाब से श्मशान घाट तक बनने वाले 185 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास शुक्रवार को विधायक की धर्मपत्नी रिया तिर्की ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख दीपा उरांव, दिनेशचंद्र प्रमाणिक, एतवा उरांव, राजेन्द्र मुण्डा, शिवदास गोस्वामी, शमसाद अंसारी, कुलेश्वर मुण्डा, मिनहाज आलम, अनिल लकड़ा, सरिता देवी, पंचु तिर्की, राजदेव आदि उपस्थित थे।

इधर ग्रामीणों ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य मे घटिया स्तर के पत्थर का उपयोग किये जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य में साईज पत्थर का उपयोग किया जाना है, पर विभागीय संवेदक द्वारा बगैर मानक के छोटे साईज का घटिया स्तर का पत्थर जैसे-तैसे बिछा दिया गया है। इस बाबत विभागीय अभियंता से संपर्क करने की कोशिश की गई, पर उन्होंने कॉल रिसिव नहीं किया।

वहीं विधायक के पीए दिनेश चंद्र प्रमाणिक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कार्य में प्रयुक्त पत्थर को हटा देने का निर्देश दे दिया गया है।

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के बीच बत्तख चूजों का किया गया वितरण

**हेमंत सरकार बेरोजगार युवाओं एवं विधवा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का कर रही है प्रयास : प्रमुख**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** सरकार के कल्याण विभाग (आइटीडीए) की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में 50 लाभुकों के बीच बतख चूजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रमुख दीपा उरांव थीं जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपप्रमुख जयपाल हजाम, बीडीओ उतम प्रसाद, सीओ पुष्पक रजक एवं बीएचओ श्रीमती डॉ सेबा पॉलित उपस्थित हुए। प्रथम चरण में सिरका, अनगड़ा एवं राजाडेरा पंचायत के लाभुकों के बीच 15-15 चूजों का वितरण हुआ।

मौके पर प्रमुख ने कहा कि हेमंत सरकार बेरोजगार युवाओं, विधवा महिलाओं को अनुदान पर बतख, ब्रायलर एवं गो पालन के लिए पशुधन दे रही है ताकि स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। बतख पालन आमदनी का एक अच्छा स्त्रोत है। इससे किसान समृद्ध बन सकते हैं। बीएचओ डॉ सेबा पॉलित ने लाभुकों से चूजों को कुछ दिन अलग में रखकर अच्छी तरह से देखभाल करने का परामर्श दिया। फिलहाल खराब मौसम के चलते ठंड से बचाने एवं धूप खिलने के बाद ही पानी में छोड़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में पशु प्रगणक संगीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# सगे भाई की कुल्हाड़ी से मार कर हत्या

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** पेड़ का डाल काटने को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई महेश मुण्डा ने अपने सगे बड़े भाई खुड्डु मुण्डा की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। घटना थाना क्षेत्र के महेशपुर जिनगाटोली में शुक्रवार के शाम की है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने शुक्रवार को ही गंभीर रूप से घायल खुड्डू मुण्डा को इलाज के लिए रिम्स भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शनिवार की सुबह हत्यारे भाई महेश मुण्डा पिता बैजुवा मुण्डा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मुहर्रम एक्शन कमेटी ने चेहल्लुम पर किया अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता में शामिल सभी अखाड़ा धारियों को तलवार और डेग देकर किया गया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** मुहर्रम एक्शन कमेटी के द्वारा चेहल्लुम को लेकर नगड़ी के प्रेमनगर पतराचौली स्थित हुसैनी ईमानबाड़ा में एड़चोरो, देवरी, बसिला, बरसा, प्रेमनगर के तत्वावधान में नुमाइशी अस्त्र शस्त्र खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा जिला सहित नगड़ी इटकी, मांडर, बेड़ो, कर्रा रातू प्रखंड के कई गांव के ग्रामीणों ने अपने-अपने अखाड़े के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के समाजसेवी जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद और सदर यासीन अंसारी ने तलवार भांजकर कर किया। इसके बाद अखाड़ा धारियों ने एक से बढ़कर एक खेल का प्रदर्शन किया। सभी अखाड़ा धारियों को तलवार और डेग देकर सम्मानित किया। मौके पर हाजी रकीब अंसारी, सदर यासीन अंसारी, एकबाल अंसारी, जाकीर अंसारी, समसुल हक, माहिर अंसारी, मोबारक हुसैन, मंजूर अंसारी, बलकू अंसारी, नुरूल होदा अंसारी, अमीन अंसारी, बबलू टाइगर, हामिद अंसारी, आबिद अंसारी, सफीक अंसारी, अबुल हसन अंसारी, क्युम अंसारी, मामुल अंसारी, इसुफ अंसारी, इब्राहिम अंसारी, जुल्फान अंसारी, अफजल अंसारी, मुस्तफा अंसारी, दिलावर अंसारी तथा माजिद अंसारी सहित दर्जनों गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# उद्योगपति बिनोद सेखसरिया के निधन पर शोक व्यक्त



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के जाने माने उद्योगपति सह समाजसेवी गणेश राइस मिल, समृद्धि राइस मिल, पायस एग्रो फूड्स रांची के वरीय निदेशक बिनोद सेखसरिया का शनिवार को अचानक निधन हो गया। निधन की खबर से नगड़ी प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर छा गई। वे अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र और दो पुत्री छोड़ गये हैं। मौके पर नगड़ी के समाजसेवी तपेश्वर केसरी, प्रदीप महतो, नगड़ी के पूर्व उपमुखिया दिनेश केसरी, हाजी साकीर अहमद सहित गई लोगों ने शोक व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव चाकुलिया में रविवार 25 सितबर को किया जाएगा।

**कार्यक्रम : खतियान आधारित नियोजन नीति पारित होने पर रातू में निकली भव्य आभार यात्रा**

# तिलता बगीचा में हुआ विभिन्न समितियों का जुटान

**काठी टांड़ में सभा का आयोजन कर वक्ताओं ने सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए हेमंत सोरेन जिंदाबाद के जम कर नारे लगाये**

आजाद सिपाही संवाददाता




रातू। राज्य कैबिनेट की ओर से 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति की घोषणा के बाद शनिवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य व सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष अमर उरांव के नेतृत्व में रातू में भव्य तरीके से आभार यात्रा निकाली गई। टेंडर बगीचा में विभिन्न समितियों के हजारों लोगों का जुटान हुआ। इसके उपरांत पारंपरिक भेष भूषा व ढोल नगाड़े के साथ जुलूस काठीटांड़ चौक होते हुये रातू चट्टी पहुंचा। वहां से पुनः जुलूस टेंडर पहुंचा। इस बीच मांदर की थाप पर युवक-युवतियां खूब थिरके। काठी टांड़ में सभा का आयोजन किया गया। सभा को अमर उरांव, कमरुल हक, रवि तिग्गा, सुमन मिश्रा, संजीत गोप, महावीर विश्वकर्मा, नारायण उरांव, शिवा कच्छप के अलावा दर्जनों लोगों ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने सरकार के निर्णय की सराहना करते हेमन्त सोरेन जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये। रातू चट्टी में पृथ्वीनाथ शाहदेव, अरविंद पांडेय, अब्दुल गफ्फार, अनिल महतो आदि लोगों ने माला पहनाकर जुलूस का स्वागत किया। लोगों के बीच मिठाइयां भी बांटी गयीं। कार्यक्रम में कुशल उरांव, मकसूदन तिग्गा, इमरान खान, मियांजान अंसारी, अफताब आलम, मदन उरांव, सुखदेव उरांव, महफूज आलम, ज्योति देवी, रीता भगत, नीलम तिर्की, सगीर अंसारी, सविता तिर्की, संजय उरांव, बेलाल अंसारी, रेयाजुल अंसारी, असलम अंसारी आदि लोग शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# मुखिया संघ की बैठक में पंचायतों की विभिन्न समस्याओं पर की गयी चर्चा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम प्रखंड मुखिया संघ की बैठक अरविंद टेक्सटाइल के समीप सालगी रेस्टोरेंट में संघ की अध्यक्ष पुष्पा तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। संचालन संघ के सचिव नन्हे कच्छप ने की। बैठक में मुखियाओं ने अपने अपने पंचायत की समस्याओं को विस्तार पूर्वक रखा। जिसमें मुखियाओं ने बताया कि उन्हें प्रखंड कार्यालय से अभी तक डिजिटल सिगनेचर उपलब्ध नहीं कराया गया है। मुखियाओं को सम्मान मानदेय का भुगतान नहीं होना, ब्लॉक में मुखिया संघ के कार्यालय का ना होना, अंचल कार्यालय में जमीन की हेरा-फेरी को बंद करने, प्रत्येक पंचायत भवन में एक ऑपरेटर रखने, पुराने पेंशन योजना चाले करन और पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना पर जांच अभियान चलाने पर चर्चा की गयी। बैठक में मुखिया जिता कच्छप, पतरस तिर्की, संदीप मुंडा, आरती देवी, कृष्णा पहान, निशा उरांव, कामेर्ला कच्छप, अनिता तिर्की, कृष्णा लोहरा, संदीप तिर्की, सरस्वती देवी, भारती देवी, विवके मुंडा, नीता कच्छप, जिरोन टोपनों, लक्ष्मी कुमारी, पूर्व मुखिया रितेश उरांव, महादेव मंडा आदि उपस्थित थे।

# सीआइटी में डॉ बहादुर सिंह की आठवीं पुण्यतिथि पर स्मृति सभा का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** महान शिक्षाविद, समाजसेवी व कैंब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक अध्यक्ष स्व. डॉ बहादुर सिंह की 8वीं पुण्यतिथि के मौके पर शनिवार को कैंब्रिज ग्रुप के सभी शिक्षण संस्थानों में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। सीआईटी में प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने डॉ साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद एक-एक कर लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कॉर्डिनेटर प्रो. अंकित सिंह ने कहा कि डॉ साहब प्रकाश पुंज के रूप में हम सब के बीच आज भी विद्यमान हैं। जिनसे हमें रोज नित नयी प्रेरणा मिलती है। परीक्षा नियंत्रक डॉ विजय शंकर सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तर की उपलब्धियों को प्राप्त करना ही डॉ साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा को डॉ केपी दत्ता, डॉ रणवीर कुमार, डॉ नवीन सिन्हा, डॉ शालिनी सिंह, डॉ केके दुबे, प्रो. अरशद उस्मानी आदि शिक्षकों ने भी संबोधित किया और बहादुर बाबू से जुड़ी स्मृतियां साझा की। उधर, कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक, कैंब्रिज बीएड कॉलेज, कैंब्रिज स्कूल, गौतम बुद्धा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में भी प्राचार्य की उपस्थिति में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। सीआईटी में डिप्टी रजिस्ट्रार मनीष नाथ, प्रो. अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, प्रो. दीपक वर्मा प्रो. रविशंकर सिंह आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

# आइसीएआर प्लांडू ने किया कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पुरियो पंचायत भवन में आईसीएआर प्लांडू के तत्त्वावधान में इनइएसएफ परियोजना के अन्तर्गत कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईसीएआर प्लान्डू के प्रधान डॉ एके सिंह ने ग्रीनरी रुग्रोटेक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड को मजबूत करने के लिए नाबार्ड से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए सुझाव दिये। वहीं एफपीओ को जमीन, जल तथा जंगल के महत्व एवं उचित प्रबंधन के बारे में बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एफपीओ के सदस्यों को डॉ आरएस पान ने सोयाबीन की खेती तथा सोयाबीन से दूध एवं पनीर बनाकर प्रशिक्षणार्थियों को मुग्ध कर दिये। डॉ महेश धाकड़ ने बीजू पौधा तैयार करने तथा फल की नर्सरी तैयार करने का तरीका बताया। कृषि विज्ञान केन्द्र रामगढ़ के प्रभारी डॉा दुश्यन्त राघव ने किसान सब्जी उत्पादन मे समन्वित कीट प्रबंधन द्वारा सुरक्षित उत्पाद बताया के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# पिठोरिया में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना में दुर्गा पूजा को लेकर थाना प्रभारी रविशंकर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में चारी हुजीर, चंदवे, बालू, पिठोरिया और कतमकुली के दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों को विशेष निर्देश दिया गया कि पूजा स्थल पर अग्निशामक, पार्किंग और बिजली की व्यवस्था सही ढंग से करना है। चंदवे और काटमकुली में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की उपस्थिति की मांग की गयी। यह भी निर्णय लिया गया कि पूरे पूजा के दौरान शांति समिति के सदस्य पूजा पंडालों में सक्रिय रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में पूजा समिति के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति अनिल केसरी, सुरेश राम सुबोध कुमार, मुन्नी देवी, बबलू महतो, श्रवण गोप सहित अन्य उपस्थित थे।

# इटकी में रायल इंटरप्राइजेज का उद्घाटन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी तरगड़ी रोड में मकान बनाने की सामग्री का प्रतिष्ठान रायल इंटरप्राइजेज का उद्घाटन प्रमुख किरण उरांव व उप प्रमुख परवेज राजा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व जिप सदस्य मसूद आलम, मुखिया रमेश महली, मीणा होरो, बलराम गोप, खुर्शीद आलम व इमरान अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

# एनएमओपीएस के पदाधिकारियों की बैठक में सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में एनएमओपीएस प्रखंड स्तरीय कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता टीम के प्रखंड संयोजक इमामुल हक ने किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कमेटी के मुख्य संरक्षक सह शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा हम सभी को पुरानी पेंशन लागू कर बुढ़ापे का सहारा दे दिया है। हम सबों का परिवार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हमेशा कृतज्ञ रहेगा। वहीं अध्यक्षता कर रहे प्रखंड संयोजक इमामुउल हक ने कहा कि ओरमांझी प्रखंड में सदस्यता शत प्रतिशत हो इसके लिए अभियान चलाकर सभी विभागों के कर्मचारियों को सदस्य बनाने पर बल दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड संरक्षक सह शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, प्रखंड संयोजक इमामुउल हक, प्रवक्ता विनोद कुमार, जीतमोहन पाल, शमीम अख्तर, कमर रशीद, अबुल कलाम, जमाल अंसारी, मोहम्मद मुस्तफा अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

## दिवंगत की दो पुत्री का यादव महासभा ने कराया विद्यालय में नामांकन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** यादव महासभा के प्रयास से ढाब गांव निवासी स्व. विजय यादव की पुत्री रानी कुमारी तथा सोनी कुमारी का शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन हुआ ।इसकी जानकारी देते हुए यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष इंजीनियर संजय यादव ने बताया कि सात पुत्रियों के पिता स्व. विजय यादव की हत्या छह माह पहले हो गई थी ।इकलौते कमाऊ सदस्य की मौत के बाद उसके घर की आर्थिक स्थिति काफी खराब हो गई थी ।इस दौरान यादव महासभा ने बालिका शिक्षा और सामाजिक कार्यो को बढ़ावा देते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रानी कुमारी व सोनी कुमारी का छठे वर्ग में नामांकन कराया। साथ ही इसके लिए यादव महासभा ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय प्रबंधन का भी आभार जताया है ।मौके पर यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष इंजीनियर संजय यादव, उपाध्यक्ष शिक्षक सूरज यादव, नगर अध्यक्ष अशोक कुमार, संजय कुमार, संतोष कुमार यादव, उपेंद्र कुमार आदि मौजूद थे ।

## शारदा देवी बनी महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष और निर्मला सचिव



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** बिनोद बिहारी महतो जयंती के अवसर पर आजसू ने पिपरा प्रखण्ड महिला कमेटी का गठन एवं विस्तार किया । बैठक की अध्यक्षता महिला नेत्री अर्चना कुमारी एवं संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष शारदा देवी ने की ।बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी सह केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष सह पिपरा प्रखंड प्रभारी श्री रामजी पासवान के साथ जिला कार्यकरणी सदस्य भगवान मेहता उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि आजसू पार्टी महिला मोर्चा सशक्त एवं मजबूत बनाने के संकल्प के साथ प्रखंड कमेटी का गठन किया गया जो निम्नवत है ।जिसमें पीपरा प्रखंड के महिला मोर्चा के अध्यक्ष शारदा देवी, प्रखंड सचिव निर्मला देवी, प्रखंड उपाध्यक्ष चिंता कुमारी एवं प्रखंड कोषाध्यक्ष अंजू कुमारी को बनाया गया ।बैठक में नवनिर्वाचित पिपरा प्रखंड अध्यक्ष रजनीश पासवान, रामप्रवेश गुप्ता, चिंता कुमारी, गुड़िया देवी,सुनैना देवी, ललिता देवी,इंदु देवी,प्रतिमा देवी, विमला देवी, कबूतरी देवी,मंजू देवी, निर्मला कुमारी, ललिता देवी, विमला देवी, इंदु देवी, सुमित्रा देवी,राजकुमारी देवी, मुनिया देवी, नगीना देवी, अंजू कुमारी, अमित कुमार, सचिन कुमार,संतु कुमार, प्रीतम पासवान, जय हिंद पासवान, पंकज पासवान,सोहराई भुइयां, डोमन मेहता,रामप्रवेश, सुनीता देवी, तेतरी देवी, लालमणि देवी, उषा कुमारी,रेखा देवी, शानू देवी, कांति देवी के अलावे सैकड़ों महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिक्षक की माता की मनी प्रथम पुण्य तिथि



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के कौआखोह आवासीय विद्यालय के शिक्षक विन्देश्वर राम के माता कबूतरी देवी का प्रथम पुण्य तिथि शनिवार को नगर क्षेत्र के सतगांवा स्थित उनके आवास पर मनाई गई ।इस दौरान सर्वप्रथम दिवंगत के पति केश्वरी राम ने उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। इस अवसर पर उनके पुत्र शिक्षक बिंदेश्वरी राम, पुत्र वधू चिंता देवी, के अलावे बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, राज कुमार गौतम, शिक्षक विजय राम, डॉक्टर मनोज कुमार, बालेश्वर राम, विशेश्वर राम,शिक्षक संजय राम, बसपा प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, अनुज करण, मुखिया गणेश राम, सुशील कुमार रवि, विनोद राम, सुरेश राम, अजय राम, विजय प्रसाद, श्याम किशोर, जितेंद्र, राजेंद्र, मनीष,अभिषेक कुमार, रामप्रवेश कुमार, जानू कुमार सहित अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजन भी करें रक्तदान : धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विभिन्न प्रकार के रक्त समूह की कमी से लगातार पलामू बल्ड बैंक जूझ रहा है , खासकर रेयर ग्रुप का बल्ड ग्रुप ओ निगेटिव,बी निगेटिव,एबी निगेटिव ब्लड ग्रुप का बल्ड बैंक में बहुत दिनो तक उपलब्ध नही हो पाने के कारण रक्त के जरूरतमंद मरीजों थेलेसिमिया और कैंसर पीड़ित के साथ ही शहर के विभिन्न हिस्सों में स्थित निजी अस्पताल में डिलीवरी के लिए भर्ती गर्भवती महिलाएं और दुर्घटना में घायल मरीजों को इलाज में काफी परेशानियां का सामना करना पड़ता है जिस कारण मरीजों का इलाज सही समय पर नहीं हो पाता है ।अक्सर देखा जाता है कि बल्ड की कमी से जूझ रहे मरीजों को पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा एवं पलामू प्रमंडल के सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा द्वारा अपने सहयोगियों के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराकर राहत दिलाने का कार्य किया जाता है ।सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाले पेशे से सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा पिछले आठ वर्षों से रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर रक्त के जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं। ब्लड बैंक में बल्ड की कमी रहने की समस्या पर एक सवाल के जवाब में धीरज मिश्रा ने बताया कि रक्तदान करने के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी है , रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजनों द्वारा स्वयं अपना रक्त न देकर अन्य लोगो से रक्त लेने की आदत हो गई है ।रक्त के जरूरत मंद मरीजों के परिजनों को भी आगे आकर अपना रक्त दान करके का कार्य किया जाना चाहिए , इसके लिए रक्तदान महादान जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाकर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक और प्रेरित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है ।इसके अलावा बल्ड बैंक में बल्ड की कमी न हो इसके लिए सभी सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक,व्यवसायिक संगठनों को आगे आकर रक्तदान शिविर आयोजित करने की जरूरत है ।

## विद्यार्थी परिषद ने एनपीयू के कुलपति का किया घेराव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद के द्वारा पलामू जिला संयोजक अभय वर्मा के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं समस्त अधिकारियों का घेराव किया गया। परिषद के कार्यकताओं ने कहा कि दीक्षांत समारोह में हो रही भारी अनियमितता को ध्यान में रखते हुए 14 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में 69लाख रुपए की राशि खर्च की जानी है। मदवार इसका लेखा जोखा सार्वजनिक किया जाए ताकि कार्यक्रम पारर्दर्शिता बना रहे। आगामी 14 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह के आयोजन मे सामान्य छात्रों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए। वर्तमान समय में विश्वविद्यालय में चल रहे शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों की आपसी मनमुटाव की वजह से सामान्य छात्रों की परेशानी और भी बढ़ती जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन अबिलंब संज्ञान लें एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए इसे अविलंब ठिक करें। स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के छात्रों का रिजल्ट शीघ्र अति शीघ्र प्रकाशित किया जाए ताकि अंतिम वर्ष के छात्र आसानी से एवं ससमय प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले सकें। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी कार्यप्रणाली में आवश्यक रूप से सुधार करें एवं दीक्षांत समारोह में हो रही भारी अनियमितता को ध्यान में रखते हुए छात्रों के पैसे का दुरुपयोग ना हो यह सुनिश्चित करें। नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता साथ ही दीक्षांत समारोह में हो रही भारी अनियमितता छात्रों के पैसे का दोहन है। इसे विश्वविद्यालय प्रशासन संज्ञान में लेकर अनावश्यक पैसे का दोहन करना बंद करें। इस मौके पर प्रादेशिक विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडे,जिला संयोजक अभय वर्मा,जिला एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक,प्रकाश पांडे, उत्कर्ष तिवारी,रंजन सिंह,दीपक, मिथिलेश दीक्षित,राजन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# न्याय मार्च सह आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन आज

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में 5 सूत्री मांगों को लेकर न्याय मार्च सह आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन का आयोजन 25 सितंबर को हरिहरगंज में होगा। इसकी जानकारी शनिवार को कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने देते हुए कहा



कि एनएच 98 हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड के विस्थापितों पर जुल्म करना बंद करें, हरिहरगंज के प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय सिंह को शीघ्र निलंबन करने, कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास पर हमले में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने, बिहार बिहारनी मठ हरिहरगंज के जमीन को लेकर निर्दोष व्यवसायियों एवं जनता के ऊपर दायर फर्जी मुकदमे शीघ्र वापस लेने, सुजीत मेहता के हत्यारों को औरंगाबाद पुलिस शीघ्र गिरफ्तार करने को लेकर हरिहरगंज में न्याय मार्च सह आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने झारखंड बिहार के शोषित पीड़ित लोगों से आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन सह न्याय मार्च में शामिल होने की अपील की है।

## कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत कउवल पंचायत के विभिन्न गांवों में शनिवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं द्वारा भारत जोड़ो यात्रा निकाला ।कार्यकताओं ने लोगों से मिलकर देश में मंहगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दे के बारे में चर्चा किया ।यात्रा कार्यक्रम का अध्यक्षता छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह ने किया और यात्रा में शामिल जिला अध्यक्ष जैसरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक 20 सूत्री के उपाध्यक्ष बिमला कुमारी छतरपुर विधानसभा प्रभारी अरविंद पासवान नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष मो० परवेज आलम छतरपुर प्रखंड के उपाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के साथ सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे ।

## परशुराम सेना प्राथमिक सदस्यता से दे चुका हूं इस्तीफा : अमित

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी पलामू के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि उनके द्वारा सेना के प्राथमिक सदस्यता सहित तमाम पदों से पूर्व में ही इस्तीफा दिया जा चुका हैं ।एक प्रोटोकॉल के तहत उन्होंने संगठन की बैठक में सिर्फ शामिल होने का कार्य किया था ।उन्हें पद की कोई लोलुपता नहीं हैं ।इसलिए संगठन द्वारा पुनः एकबार प्रमंडल का दायित्व दिए जाने को बैठक में ही अपने निजी कारणों का हवाला देकर छोड़ दिया था ।इसलिए वे अब किसी पद पर नहीं है ये उनका स्वैछिक निर्णय हैं। मेरे जिलाध्यक्ष के कार्यकाल को समाज के द्वारा सराहने और मेरा साथ देकर संगठन के हरकार्य को सफल बनाने वाले सेना के सभी सदस्यों का मैं दिल से धन्यवाद देता हूँ कि उनके साथ और मेरे प्रति उनके विश्वाश ने हर मुश्किल को आसान करने का काम किया ।सभी नवनियुक्त पदाधिकारी उसी बुलंदी के साथ इस कारवां को लेकर आगे बढे यही मेरी शुभकामना है।

## एसडीओ ने सहायक अध्यापकों के लंबित प्रमाण पत्रों को तीन दिनों के अंदर जांच के दिये निर्देश

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड के सहायक अध्यापकों के प्रमाण पत्रों की जाँच में हो रहे गतिरोध को हुसैनाबाद एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने संज्ञान में लेकर त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया है ।सहायक अध्यापकों के प्रतिनिधियों की लिखित शिकायत पर प्रतिनिधियों एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को वार्ता कर लंबित प्रमाण पत्रों का सत्यापन कार्य तीन दिनों के अंदर पूरा करने का निर्देश बीईओ को दिया ।उन्होंने कहा कि शिक्षक विभागीय कार्यों में सराहनीय सहयोग प्रदान करते रहे हैं ।शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन प्राथमिकता के तौर पर शिक्षा पदाधिकारी करें ।शिक्षकों को परेशान न किया जाय ।ज्ञात हो कि आकलन परीक्षा के पूर्व सहायक अध्यापकों का प्रमाण पत्रों का सत्यापन कार्य विभागीय जाँच दल कमिटी अध्यक्ष क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशन में यथाशीघ्र करने का विभागीय आदेश है परंतु नव पदस्थापित बीईओ सह क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी नरेश राम के उदासीन रवैया व टाल-मटोल के कारण दो माह से शेष चालीस प्रतिशत प्रमाण पत्रों का सत्यापन कार्य



लंबित है। जिसके कारण सहायक अध्यापकों का तीन माह से मानदेय पर रोक लगी है एवं सहायक अध्यापक आकलन परीक्षा में शामिल होने से भी वंचित हो रहे थे। अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण के हस्तक्षेप से तीन दिनों में प्रमाण पत्र सत्यापन कार्य को पूरा करने के आदेश से सहायक अध्यापकों में खुशी है और उक्त कार्य को लेकर 27 सितंबर को आयोजित बीआरसी का घेराव कार्यक्रम भी स्थगित कर दिया है ।शिक्षक प्रतिनिधियों ने अनुमंडल पदाधिकारी का आभार प्रकट किया है ।प्रतिनिधिमंडल में अनुमंडलीय संयोजक विजय बहादुर सिंह,प्रखंड अध्यक्ष हुसैनाबाद पप्पू पटेल,प्रखंड अध्यक्ष हैदरनगर विरेंद्र कुमार सिंह प्रखंड सचिव हैदरनगर शैलेश कुमार सिंह शामिल रहे।

## लोहिया विद्यालय में पर्यावरणविद ने हिमाचल का कपूर एवं भूटान के सिंदूर का लगाया पौधा

▶▶ **पूर्व की तरह इस वर्ष भी नेपाल, भूटान समेत देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधे वितरण का है लक्ष्य : कौशल**

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के केतार प्रखंड के लोहिया समता उच्च विद्यालय परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने हिमाचल का कपूर और भूटान के सिंदूर का पौधा पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ लगाया। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए पर्यावरण से जुड़े कई रोचक जानकारियां दी। श्री जयसवाल ने बच्चों को शिक्षा देते हुए कहा कि वृक्ष भगवान शिव के समान होते हैं इसी लिये तो उनकी पूजा किया जाता है। ताकि उनकी कृपा से ही पर्यावरण का प्रदूषण खत्म करने में मदद मिलती है। उन्होंने बच्चों को बताया कि पेड़ से लोगों का सांस का रिश्ता होता है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि लोग हरियाली और खुशहाली के लिए सावन में बाबा भोलेनाथ पर लाखों की संख्या में जलाभिषेक करते हैं। उसी तरह समाज के सभी लोगों को अपने आंगन में तुलसी और खेत में



पौधा लगाकर उसे सिंचित करे। इससे न सिर्फ प्रदूषण नामक शत्रु का सफाया होगा बल्कि आने वाले पीढ़ी को भी जल संकट और ऑक्सीजन की कमी से बचाया जा सकेगा। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि वनों की अवैध कटाई को रोकने के लिए उन्होंने 1976 से पर्यावरण धर्म की शुरूआत की थी। वहीं वनों को परिवार का सदस्य मानकर उनकी रक्षा के लिए वनराखी मूवमेंट नामक आंदोलन की शुरूआत 1977 में किया था । जो वनों को बचाने में कारगर साबित हुआ। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि शुरूआती दौर में किसान अपनी रैयतिभूमि पर पौधा लगाने से डरते थे। उन्हें डर था कि उनकी रैयती भूमि पर जंगल लगाने से जमीन सरकार ले लेगी। वावजूद उन्होंने अपना अभियान जारी रखते हुए निःशुल्क पौधा वितरित कर लोगों को पौधे लगाने के लिए जागरूक करते रहे। उसी का प्रतिफल है कि प्रदूषण की विभीषिका को देखते हुए आज देश के शीर्ष नौकरशाह और राजनेता पौधे न सिर्फ लगा रहे हैं बल्कि लगाने के लिए प्रेरित भी करते चल रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि जब पूरी दुनिया प्रदूषण के दुष्परिणाम से बेफिक्र था उस समय वे पर्यावरण एवं प्राणीमात्र को बचाने का मुहिम चलाया था। जो आज सभी के लिए कारगर साबित हो रहा है। संस्था की प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि प्रदूषण जैसी शत्रु से आजादी की दूसरी लड़ाई लड़ना अभी बाकी है। इसके लिए सभी लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल मंत्र को अपनाना होगा और पौधे लगाकर उसे अपने बच्चों की तरह बचाने की कोशिश करना होगा। मौके पर प्रधानाध्यापक दिलेश प्रसाद गुप्ता,अमेरिका महतो, जवाहर दुबे, श्रवण कुमार भगत, दिलीप कुमार माहथा,अनिल राम,गौतम कुमार पाल,गौतम जायसवाल,सोनु कुमार सिंह,राहुल कुमार, सतीश कुमार वैद्य,सुदर्शन बैठा,मंजूरउलहक अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स



तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 22 सितंबर से 24 तक चली

# अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोस्सनर कॉलेज चैंपियन

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गोस्सनर कॉलेज ने योगदा सत्संग कॉलेज को 3-0 से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। कोरोना काल के बाद गोस्सनर कॉलेज की टीम पहली बार वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया है। फाइनल मैच में गोस्सनर कॉलेज के खिलाड़ियों ने लगातार तीन सेटों में



बढ़त बनाए रखा और मैच अपने नाम करने में सफल रही। फाइनल मुकाबला काफी रोचक रहा। तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 22 सितंबर से 24 तक चली। गोस्सनर कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर इलानी पूर्ती, खेल इंचार्ज डॉक्टर जयपाल कच्छप, प्रोफेसर हेमंत कुमार टोप्पो, डॉक्टर पी के गुप्ता, डॉ बलबीर केरकेट्टा, प्रोफेसर अमरदीप टोपनो, डॉक्टर योताम कुल्लू , प्रोफेसर फ्रांसिस मुर्मू प्रोफेसर जैकब लकड़ा, प्रोफेसर जोलेन सोए, प्रोफेसर रश्मि हेमरोम, प्रोफेसर स्वाति बारला एवं अन्य टीचर हौसला अफजाई के लिए खेल देखने पहुंचे और सभी ने विजेता टीम को बधाई दी।

## पीड़ित परिवार को उचित न्याय मिले नहीं तो होगा आंदोलन : भैरव सिंह



**पांडू/पलामू (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को हिन्दू राष्ट्रवादी नेता भैरव सिंह पलामू जिले के पांडू पहुंचे, वहीं उन्होंने पुराने थाना भवन में पिछले 30 अगस्त से अस्थायी रूप से रह रहे मुसहर परिवार से मुलाकात की एवं पूरी घटना की जानकारी ली, इस अवसर पर उन्होंने ने पीड़ित परिवार के बीच वस्त्र व राशन का भी वितरण किया, इसके बाद उन्होंने मुसहर परिवार का बनाया हुआ भोजन भी किया, इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक समुदाय विशेष के द्वारा 54 मुसहर परिवार को घर से बेघर कर उनके घर पर बुल्डोजर चलवा देना यह दबंगई है, जिस समुदाय के लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है वह कानून को अपने हाथ में लिया है, उन्होंने सरकार व प्रशासन से इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी करवाई की मांग की है, वहीं उन्होंने कहा की ऐसे परिवार के लिए सरकार को समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराना चाहिए, लेकिन इस पीड़ित परिवार को अभी तक सरकार के तरफ से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाया है, उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को उचित न्याय नहीं मिला तो हम सभी प्रदेश के लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, वहीं उन्होंने भारत वर्ष के प्रत्येक हिन्दू समाज से इस पीड़ित परिवार को सहयोग करने का आग्रह किया है.

## दिव्यांगों ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन जांच शिविर में भेदभाव का लगाया आरोप



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के बीआरसी कार्यालय परिसर में विभागीय निर्देश पर शनिवार को दिव्यांगता जांच शिविर सह उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित था ।जिसमे दिव्यांगों के साथ भेदभाव बरता गया ।वही निर्देश के अनुरूप विधि व्यवस्था नही की गई थी ।इस संबंध में दिव्यांगों ने हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण को ज्ञापन दिया है ।जिसमे कहा गया है कि अनुमंडल के तीनों प्रखंड के 3 से 18 वर्ष के अध्यनरत बच्चों के लिए उक्त कार्यक्रम आयोजित था ।लेकिन प्रावधान के अनुरूप दिव्यांगों के लिए सुगम रूप से बैठने की व्यवस्था नही की गई थी ।वही भोजन में भी भेदभाव बरता गया ।दिए गए आवेदन में दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के तहत विभागीय आयोजक पर कारवाई करने की मांग की गयी है ।इसकी प्रतिलिपि पलामू उपायुक्त व जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को भी दी गयी है। आवेदन देने वालो में मुख्य रूप से स्थानीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, उमेश कुमार मेहता,अजित कुमार,विध्यांचल, लव कुमार,रमेश राम आदि का नाम शामिल है।

## एके सिंह कॉलेज में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस समारोह

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय एके सिंह कॉलेज जपला के प्रांगण में एन.एस.एस. के बैनर तले राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर शशि भूषण सिंह, प्रो. डॉ. इंदिरा सिन्हा, प्रो.डॉ. अजय कुमार सिंह, प्रो.डॉ. आलोक रंजन कुमार, प्रो.डॉ. आनंद कुमार, प्रो. डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो. सुदीप कुमार, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. अरुण कुमार सिंह, प्रो. राहुल कुमार सिंह, तथा प्रो.रविकांत सिंह ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण तथा पुष्पार्चन कर किया ।कार्यक्रम के आरंभ में एनएसएस की छात्राओं शीतल कुमारी, किरण कुमारी, सुप्रिया कुमारी, तथा दिव्या कुमारी ने संयुक्त रूप से वंदना तथा एनएसएस सॉन्ग का गायन किया। इसके पश्चात छात्र छात्राओं ने एनएसएस पर अपने- अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। तत्पश्चात प्रो0 डॉ0 आलोक रंजन कुमार ने एनएसएस की स्थापना काल से लेकर वर्तमान समय तक का इतिवृत्त प्रस्तुत करने के साथ-साथ एनएसएस के लक्ष्य, कार्यों एवं दायित्वों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपना नैतिक चरित्र तथा राष्ट्र के चरित्र एवं अनुशासन पर विशेष व्याख्यान दिया। इसके बाद डॉ. अजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एनएसएस के मोटो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रभारी प्राचार्य शशि भूषण सिंह ने विद्यार्थियों को अपने कालेज के एनएसएस के द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में विशेष विवेचना की। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अरुण कुमार सिंह तथा एन एस एस स्वयंसेवी शीतल कुमारी ने किया। अंत में डॉ0 आनंद कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए हार्दिक आभार प्रकट की।

## कर्नल संजय सिंह बनाये गये भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड प्रदेश भाजपा ने कर्नल संजय कुमार सिंह को सैनिक प्रकोष्ट का प्रदेश संयोजक बनाया है। उक्त घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राँची भाजपा की प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मंच प्रकोष्ट की बैठक में किया ।कर्नल संजय ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व का निर्वहन मैं पूरी तन्मयता से करूँगा और अपने लम्बे सैनिक कार्यकाल का अनुभव का फायदा प्रदेश के सभी पूर्वसैनिकों को पार्टी से जोड़कर पहुँचाएँगे। ।उन्होंने इस दायित्व के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश,संगठन मंत्री करमवीर जी,झारखण्ड प्रभारी लक्ष्मीकान्त बाजपेई ,प्रमंडल प्रभारी आदित्य साहू और ज़िला प्रभारी बिनय जयसवाल को धन्यवाद दिया है।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत 15 (पन्द्रह) आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल बनाया जाना है। उक्त के निमित् वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में **उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए** स्थान- जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक- 07.10.2022 को पूर्वाह्न/अपराह्न 02 बजे तक हाथों-हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक- 07.10.2022 को 04 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में खोला जायेगा।

**नोटः- उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट** www.koderma.nic.in **पर देखा जा सकता है।**

**उपायुक्त, कोडरमा।**

PR.NO.278572 Social Welfare,Women and Child Development(22-23):D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो।**

**(खनन शाखा)**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि बोकारो जिला हेतु Draft DSR (बालू खनिज) NABET Accredited Agency द्वारा तैयार कर उपलब्ध कराया गया है। Draft DSR (बालू खनिज) को NGT के guideline एवं Enforcement and Monitoring Guidelines for Sand Mining, 2020 के अनुसार Public Consultation हेतु Public Domain में जिला स्तर पर NIC Portal पर Public Viewing एवं Comments हेतु Upload किया गया है।

इस सन्दर्भ में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो जिला खनन कार्यालय, बोकारो के कार्यालय कार्य दिवस में सम्पर्क स्थापित कर लिखित रूप में आपत्ति/सुझाव दिया जा सकता है।

**उपायुक्त, बोकारो।**

PR 278567 (Mines and Geology) 22-23 (D)

कार्रवाई : विरोध कर रहे लोगों और पुलिस के बीच हुई नोकझोंक व हाथापाई

# बोकारो में 16 घरों पर चला बुलडोजर

## लोगों से निपटने के लिए तैनात किये गये थे 500 पुलिस कर्मी

कार्रवाई से पहले काट दी गई थी गांव की बिजली

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** तुपकाडीह-तलगड़िया रेलवे लाइन दोहरीकरण कार्य में बाधा डाल रहे 16 लोगों के घरों को शनिवार को बुलडोजर चला कर जमींदोज कर दिया गया। रेलवे और जिला प्रशासन की मौजदूगी में अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान दर्जनों विस्थापित परिवार रोते बिलखते नजर आए, लेकिन प्रशासन की कार्रवाई जारी रही। विस्थापितों को पुनर्वासित किये बिना ही जिला प्रशासन ने उनके घरों को तोड़ दिया। लोगों ने इसका विरोध भी किया. इस दौरान विस्थापितों और पुलिसकर्मियों के बीच नोकझोंक और हाथापाई भी हुई। प्रशासन ने लोगों को रोकने के लिए बल का प्रयोग किया।

बतातें चलें कि जिला प्रशासन पूरी तैयारी के साथ घरों को जमींदोज करने पहुंची थी। लोगों से निपटने के लिए करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी थी। रेलवे के अधिकारी भी मौजूद थे। सुरक्षा के लिहाज से एंबुलेंस, बड़ी और छोटी गाड़ियां भी रखी गयी थी। गांव के सभी चौक-चौराहों को सील कर दिया गया था। जहां घरों को जमींदोज किया जा रहा था, वहां आम लोगों को जाने की इजाजत नहीं थी।



जेसीबी मशीन से मकानों को जिया जा रहा जमींदोज।

### हाइकोर्ट में 30 सितंबर को होनी है सुनवाई

ग्रामीण कलामुदीन अंसारी ने बताया कि इस मामले को लेकर वे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। जिसपर 30 सितंबर को सुनवाई होनी है। इधर एसडीएम चास के निर्देश पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार ने कहा कि एडीएम चास के आदेश पर घरों को जमींदोज किया गया है। विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस भी तैनात किये गये हैं।

कार्रवाई करने से पहले बिजली विभाग ने गांव की बिजली भी काट दी थी। पहले रेलवे के चतुर्थवर्गीय कर्मियों ने घरों को मैन्युवल तरीके से तोड़ा। इसके बाद तीन जेसीबी मशीन लगाकर घरों को जमींदोज किया गया।

### जमीन के बदले नहीं दिया गया मुआवजा

जिला प्रशासन ने जिन लोगों के घरों को जमींदोज किया वे विस्थापित परिवार है। जिनकी जमीन सेल ने अधिग्रहण किया था। इसके बाद सेल ने इन विस्थापितों को पुनर्वासित नहीं किया और ना ही 16 परिवारों को जमीन के बदले मुआवजा दिया। जिसकी वजह से विस्थापित परिवार आजतक उस जमीन पर यथावत बने रहे।

# महुदा में संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, दहेज के लिए हत्या का आरोप

## मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों से की मारपीट

स्थानीय युवक व पुलिस से भी उलझे, घटना के बाद से पति समेत ससुराल वाले फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र महुदा मोड़ स्थित पुराने एनएच-32 के नजदीक स्थित कॉलोनी में 23 वर्षीय एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान उमा कुमारी के रूप में हुई है। शनिवार को उसका शव कमरे से बरामद हुआ। इसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसकी खबर पाकर मृतका के मायके से परिजन भी पहुंच गए। शव को देखते ही मृतका के मायके वाले अपना आपा खो बैठे और ससुराल पक्ष के लोगों से मारपीट करने लगे। बीच बचाव को आए स्थानीय युवकों से भी उलझ गए। इसकी सूचना पाकर महुदा पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा। वहीं, घटना के बाद से मृतका का पति व ससुराल के लोग फरार हैं। वहीं ननद तनीषा को पुलिस भीड़ के बीच से थाने ले आई।


आपस में उलझते मृतका के मायका व ससुराल पक्ष के लोग।

### दो साल पहले हुई थी शादी, मृतका की मां ने लगाया दहेज के लिए हत्या करने का आरोप

डीएनबी-2

मृतका की मां ने थाने में लिखित शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी उमा कुमारी की शादी 2019 में महुदा मोड़ निवासी सुरेंद्र यादव के बेटे दीपू यादव से हुई थी। शादी के बाद से ही पति दीपू यादव, ससुर सुरेंद्र यादव, सास ममता देवी, देवर रुपेश कुमार यादव और ननद तनीषा कुमारी दहेज को लेकर उमा को प्रताड़ित करने लगे। दहेज नहीं लाने पर अपने बेटे की दूसरी शादी करने और उसे (उमा) को जान मारने की धमकी देते थे। लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ना के बाद उसकी हत्या कर दी गई। मृतका की ढाई माह की एक बेटी भी है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### डीवीसी कामगारों को दुर्गापूजा में 32 हजार रुपये बोनस मिलने की घोषणा



बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। पूर्व ऊर्जा मंत्री लालचंद महतो के नेतृत्व में डीवीसी हिंद मजदूर किसान यूनियन (एचएमकेयू) के पदाधिकारियों की बैठक कोलकाता स्थित डीसीवी मुख्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता डीवीसी अध्यक्ष आरएन सिंह ने की। बैठक में एचएमकेयू द्वारा डीवीसी कामगारों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई। वहीं डीवीसी अध्यक्ष ने एचएमकेयू की मांग पर डीवीसी कामगारों को दुर्गापूजा के अवसर पर 32 हजार रुपये बोनस देने की सहमति जताई। इसके अलावे दीपावली पर सभी कामगारों को सोने कासिक्का देने भी दिया जाएगा। इसके अलावे एचएमकेयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालचंद महतो द्वारा डीवीसी बोकारो थर्मल अस्पताल में आईसीयू लगाने, मृतक डीवीसी कामगार मो हासिम के परिजन को जल्द नियोजन देने, कामगारों का बीमा कंपनी के साथ मिलकर स्वास्थ्य कार्ड बनाने, डीवीसी केंद्रीय विद्यालय को डीएवी अथवा डीपीएस की तर्ज पर विकसित किए जाने और बोकारो थर्मल में फल एवं सब्जी मार्केट को कॉलोनी का मेन रोड से हटाने और कोरोना से मृत डीवीसी कामगारों के आश्रितों को अतिरिक्त 15 लाख रुपया मुआवजा देने आदि की मांग की थी। इसे गंभीरता से लेते हुए डीवीसी अध्यक्ष ने जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एचएमकेयू के प्रदेश महासचिव इंद्रदेव महतो, डीवीसी एचएमकेयू के जेनरल सचिव मो फरीद अंसारी, बोकारो थर्मल शाखा सचिव रामलाल पासवान, जीवलाल तुरी, राजू राम, दुखन महतो, सुरेन्द्र राम आदि मौजूद थे।

### रिफ्रैक्टरीज पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन



बोकारो (आजाद सिपाही)। दो दिनों तक चले लौह और इस्पात उद्योग में रिफ्रैक्टरी का भविष्य विषय पर बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आरईएफआईएस-4.0 का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (एसआरयू) सह चेयरमैन आरईएफआईएस-4.0 पी के रथ, प्रेसिडेंट (इंडियन सेरामिक्स सोसाइटी) डॉ एलके शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) सह वाईस चेयरमैन वीपी उपाध्याय व सम्मेलन के प्रतिभागी आदि उपस्थित थे। इस दौरान बीके तिवारी, पीके रथ, प्रेसिडेंट (इंडियन सेरामिक्स सोसाइटी) डॉ एलके शर्मा आदि ने सम्मेलन के सफल आयोजन पर आयोजकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस सम्मेलन से सभी प्रतिभागी अवश्य लाभावित हुए होंगे। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में सेल के सभी संयंत्रों के अलावा टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू, रिफ्रैक्टरी निमार्ताओं सहित 350 से अधिक डेलिगेट भाग लिए और 40 तकनीकी पेपर प्रस्तुत किये। रिफ्रैक्टरी के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ रिफ्रैक्टरी निमार्ताओं और इस्पात उद्योग के विशेषज्ञों ने इस सेक्टर में इंडस्ट्री-4.0 से जुड़े नवीनतम प्रोद्योगिकी यथा आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग आदि विषयों पर गहन चर्चा की।

### सेंद्रा में आयोजित झामुमो के मिलन समारोह में दर्जनभर युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। सेंद्रा में शनिवार को झामुमो का मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें सूरज भुइयां की अगुवाई में एक दर्जन युवकों ने झामुमो का दामन थामा। इस मौके पर बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टुडू ने कहा कि सेंद्रा के बेरोजगार युवकों को कनकनी में संचालित राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी में नियोजन दिलाया जाएगा। अगर कंपनी ने मोर्चा समर्थकों को नियोजन नहीं दिया तो उसका चक्का जाम कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह मजदूरों को हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगें। इस मौके पर रॉकी चौरसिया, मुकेश गुप्ता, सोनू खान, राजेश रवानी आदि थे।

### फेरी संगठन की बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक अरूप चटर्जी

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। शिबलीबाड़ी उत्तर पंचायत अंतर्गत अलीमोहल्ला स्थित फेरी संगठन कार्यालय में शुक्रवार की देर रात निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे। जहां सदस्यों ने फेरी के दौरान होने वाली समस्या से पूर्व विधायक को अवगत कराया। कहा की जब भी फेरी करने के लिए बाहर जाते है। भय बना रहता है कि कहीं किसी अनहोनी के शिकार ना हो जाय। इसके लिए कोई पहचान पत्र बनाया जाय,ताकि हमारे सदस्य मुसिबतों से बच सकें। इस पर अरूप चटर्जी ने कहा कि लगभग 200 से 250 लोग फेरी करने रोजाना विभिन्न जगहों पर जाते है। जिला प्रशासन से बात कर सभी को पहचान पत्र निर्गत कराने का प्रयास करूंगा।

# सीआइएसएफ ने की छापामारी, जहां मिले कोयला चोर वहीं बरसी लाठियां

कोयला लदे दर्जनों बाइक को जवानों ने किया क्षतिग्रस्त, चोरों में मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बाघमारा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में इनदिनों कोयला का अवैध कारोबार चरम पर है। बाघमारा थाना क्षेत्र में बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र की सीआइएसएफ टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार देर रात छापामारी की। इस दौरान डुमरा मोड़, हरिणा, पांडेडीह, बरोरा थाना क्षेत्र के मंद्रा और फुलारिटाड़ मार्ग में बाइक पर लाद कर लेकर जाने वाले दर्जनों कोयला चोरों पर सीआइएसएफ जवानों ने जमकर लाठियां बरसाई। जानकारी के मुताबिक सीआइएसएफ की टीम पूरे क्षेत्र में घूम-घूम कर छापामारी करती रही। जहां भी कोयला चोर बाइक में कोयला लाद कर जाते दिखे वहीं, लाठियां बरसाना शुरू कर देते। सीआइएसएफ की इस कार्रवाई से कोलया चोरों में हड़कंप मच गया। वे जवानों को देख इधर-उधर भागते नजर आए। इस दौरान जवानों ने चोरी का कोयला लगे दर्जनों बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया गया कि कोयला चोर बीसीसीएल एरिया वन के बंद डेको आउटसोर्सिंग माइंस और बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के कोलयरी से कोयला लाद कर अवैध कोयला डिपो पहुंचाते थे। इस बाबत पूछे जाने पर सीआइएसएफ ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर देर रात कार्रवाई की गई। कहा कि आगे भी रात में इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। जब भी कोयला चोरी का प्रयास किया जायेगा इसी तरह कार्रवाई होगी।

## तकनीकी शिक्षा में तेजी से आगे बढ़ रहा देश : डॉ डीके सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** बलियापुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में शनिवार को कौशल विकास दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। बीआइटी के निदेशक डॉ डीके सिंह ने कहा कि तकनीकी शिक्षा की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। छात्र-छात्राओं से कौशल विकास के अपने अनभुवों को समाज के कल्याणकारी कार्यों के साथ जोड़ना चाहिए। संस्थान के चेयरमैन प्रोफेसर एआर अंसारी और टीम को बधाई दी। चेयरमैन ने कहा कि वर्तमान में सामान्य शिक्षा के साथ कौशल शिक्षा जरूरी हो गया है। इस मौके पर निदेशक अदाउर रहमान उर्फ बबलू, नफीस इमाम, महेश तिवारी, याहिया अंसारी, एसके सिंह, बीएन बनर्जी, बी बनर्जी, पीसी परामाणिक, असरारूल हक, पीएस महतो, पीके देवघरिया और सीके सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया।

## बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक

# जिला बनने की बाट जोहता बेरमो : घनश्याम

आजाद सिपाही संवाददाता


बैठक से पूर्व विभिन्न क्षेत्रों से मुखिया-पूर्व मुखिया व अन्य।

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पूर्वी पंचायत भवन सभागार में शनिवार को बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया घनश्याम राम ने की। बैठक में समिति के संयोजक संतोष नायक एवं प्रखंड के होसिर पूर्वी, साड़म पश्चिमी, तुलबुल सहित आठ पंचायतों के मुखिया एवं ग्रामीण शामिल हुए। घनश्याम राम ने कहा कि बेरमो अनुमंडल का सृजन वर्ष 1972 में गिरिडीह जिले के साथ हुआ है। इस अनुमंडल में 14 थाना, चार ओपी और सात प्रखंड है। बेरमो अनुमंडल खनिज संपदा से परिपूर्ण अविभाजित बिहार का 1972 में बनने वाला सबसे पुराना अनुमंडल है, जो प्रारंभ से ही जिला बनने की सभी अहर्ताओं को पूरा करता है। इसके बावजूद यहां राजनीतिक समर्थन एवं इच्छाशक्ति के अभाव में जिला बनने की घोषणा होने की बांट जोह रहा है। उन्होंने कहा कि बेरमो अनुमंडल में बंगाल की त्रासदी कहे जाने वाले दामोदर नदी में बनाया गया एशिया का सबसे बड़ा मिट्टी का डैम है। टीटीपीएस, बीटीपीएस, सीटीपीएस पावर प्लांट भी यहीं है। सीसीएल के कथारा, करगली, ढोरी, बेरमो, गोविंदपुर परियोजना भी अवस्थित है जहां से सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व मिलता है। कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर बेरमो अनुमंडल की आबादी 11 लाख सात हजार 672 है, जो जनसंख्या की दृष्टि से भी जिला बनने की अहर्ताओं को पूरा करता है। झारखंड के कई ऐसे जिले हैं, जिसकी आबादी एवं क्षेत्रफल बेरमो अनुमंडल से कम है। यह सरकारी उदासीनता ही है जिस कारण बेरमो को जिला का दर्जा अभी तक नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि पूरे बेरमो की जनता सरकार से एक स्वर में बेरमो को जिला बनाने की मांग करती है। इस दौरान मुखिया सावित्री देवी, शोभा देवी, शांति देवी, ममता देवी, उपमुखिया गोदावरी देवी, पंसस गीता देवी आदि ने भी अपने -अपने विचार रखे। इस मौके पर कुलदीप प्रजापति, मोहन नायक, हैदर अंसारी, कुंदन कुमार, संजीव प्रसाद, राजीव प्रसाद, जगतारिणी देवी, सुमित्रा देवी, रुपाली देवी, रेहाना खातून, अंजू देवी, लक्ष्मी देवी, किरण देवी, सुनीता देवी व रामप्रसाद पटवारी आदि थे।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

–:आम सूचना :–

''पशुपालकों के लिए दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन''

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सूनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत | | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक/ कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा | 1 | बेकोबार उत्तर | पंचायत भवन | 01.10.2022 06.10.2022 | डॉ0 विनिता कुमारी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा | 9431537040 |
| | | 2 | बेकोबार दक्षिण | पंचायत भवन | 07.10.2022 08.10.2022 | | |
| | | 3 | डुमरडीहा | पंचायत भवन | 10.10.2022 11.10.2022 | | |
| | | 4 | पुरनानगर | पंचायत भवन | 12.10.2022 13.10.2022 | | |
| | | 5 | मेघातरी | पंचायत भवन | 14.10.2022 15.10.2022 | | |
| 02 | सतगांवा | 6 | मिरगंज | पंचायत भवन | 01.10.2022 06.10.2022 | डॉ0 रविकान्त भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सतगांवा | 8540956364 |
| | | 7 | सेवपुर | पंचायत भवन | 07.10.2022 08.10.2022 | | |
| | | 8 | टेहरो | पंचायत भवन | 10.10.2022 11.10.2022 | | |
| 03 | जयनगर | 9 | कटिया | पंचायत भवन | 01.10.2022 06.10.2022 | 1. डॉ अरविन्द कुमार सिंह, अवर प्रमण्डल पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा | 7903560601 |
| | | 10 | चेहाल | पंचायत भवन | 07.10.2022 08.10.2022 | | |
| | | 11 | कठाडीह | पंचायत भवन | 17.10.2022 18.10.2022 | डॉ0 विनिता कुमारी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा | 9431537040 |
| | | 12 | जयनगर पूर्व | पंचायत भवन | 19.10.2022 20.10.2022 | | |
| | | 13 | जयनगर पश्चिम | पंचायत भवन | 21.10.2022 22.10.2022 | | |
| | | 14 | डण्डाडीह | पंचायत भवन | 27.10.2022 28.10.2022 | | |
| | | 15 | पिपचो | पंचायत भवन | 29.10.2022 01.11.2022 | | |
| 04 | चन्दवारा | 16 | थाम | पंचायत भवन | 01.10.2022 06.10.2022 | डॉ0 कृष्ण चन्द्र झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा | 9934182005 |
| | | 17 | खाण्डी | पंचायत भवन | 07.10.2022 08.10.2022 | | |
| | | 18 | चन्दवारा पुर्वा | पंचायत भवन | 10.10.2022 11.10.2022 | | |
| | | 19 | चन्दवारा पश्चिमी | पंचायत भवन | 12.10.2022 13.10.2022 | | |
| | | 20 | पिपराडीह | पंचायत भवन | 14.10.2022 15.10.2022 | | |
| | | 21 | बिरसोडीह | पंचायत भवन | 17.10.2022 18.10.2022 | | |
| | | 22 | आरागारो | पंचायत भवन | 19.10.2022 20.10.2022 | | |
| | | 23 | भोन्डो | पंचायत भवन | 21.10.2022 22.10.2022 | | |
| | | 24 | बेंदी | पंचायत भवन | 27.10.2022 28.10.2022 | | |
| | | 25 | मदनगुंडी | पंचायत भवन | 29.10.2022 01.11.2022 | | |
| | | 26 | उरवाँ | पंचायत भवन | 02.11.2022 03.11.2022 | | |
| 05 | मरकच्चों | 27 | जामू | पंचायत भवन | 10.10.2022 11.10.2022 | डॉ अरविन्द कुमार सिंह अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा | 7903560601 |
| | | 28 | चोपनाडीह | पंचायत भवन | 12.10.2022 13.10.2022 | | |
| | | 29 | दशारोखुर्द | पंचायत भवन | 14.10.2022 15.10.2022 | | |
| | | 30 | महुगाय | पंचायत भवन | 17.10.2022 18.10.2022 | | |
| | | 31 | सिमरिया | पंचायत भवन | 19.10.2022 20.10.2022 | | |
| | | 32 | पपलो | पंचायत भवन | 21.10.2022 22.10'2022 | | |
| | | 33 | मरकच्चो दक्षिण | पंचायत भवन | 27.10.2022 28.10.2022 | | |
| | | 34 | मरकच्चो मध्य | पंचायत भवन | 29.10.2022 01.11.2022 | | |
| | डोमचांच | 35 | पुरनाडीह | पंचायत भवन | 01.10.2022 06.10.2022 | डॉ0 अरूण कुमार राय भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच, कोडरमा | 9934352062 |
| | | 36 | फुलवरिया | पंचायत भवन | 07.10.2022 08.10.2022 | | |
| | | 37 | धरगाँव | पंचायत भवन | 10.10.2022 11.10.2022 | | |
| | | 38 | खरखार | पंचायत भवन | 12.10.2022 13.10.2022 | | |
| | | 39 | बच्छेडीह | पंचायत भवन | 14.10.2022 15.10.2022 | | |
| | | 40 | तेतरियाडीह काराखूँट | पंचायत भवन | 17.10.2022 18.10.2022 | | |
| | | 41 | बगडो | पंचायत भवन | 19.10.2022 20.10.2022 | | |
| | | 42 | बगरिडीह | पंचायत भवन | 21.10.2022 22.10.2022 | | |
| | | 43 | मसमोहना | पंचायत भवन | 27.10.2022 28.10.2022 | | |
| | | 44 | कुण्डीधनवार | पंचायत भवन | 29.10.2022 01.11.2022 | | |
| | | 45 | बंगाखलार | पंचायत भवन | 12.10.2022 13.10.2022 | 1. डॉ रविकांत भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सतगांवा | 8540956364 |
| | | 46 | बेहराडीह | पंचायत भवन | 14.10.2022 15.10.2022 | | |
| | | 47 | ढाब | पंचायत भवन | 17.10.2022 18.10.2022 | | |
| | | 48 | ढोढाकोला | पंचायत भवन | 19.10.2022 20.10.2022 | | |
| | | 49 | जानपुर | पंचायत भवन | 21.10.2022 22.10.2022 | | |
| | | 50 | मधुवन | पंचायत भवन | 27.10.2022 28.10.2022 | | |
| | | 51 | पारहो | पंचायत भवन | 29.10.2022 01.11.2022 | | |

नोट :– शिविर आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवत्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।

शिविर का समय :– सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।

1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा एवं टिकाकरण ।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज कराये एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 278593 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)22-23*D

## कोर्ट में इडी बोली : बिहार में मारने की साजिश थी, केरल में बनी प्लानिंग

# पीएफआइ के निशाने पर थे पीएम मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**तिरुवनंतपुरम।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के 15 राज्यों के 93 ठिकानों पर 22 सितंबर को एनआइए-इडी ने ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत छापेमारी की थी। अब इस मामले में जांच एजेंसी ने बड़ा दावा किया है। कोझिकोड से गिरफ्तार पीएफआइ वर्कर शफीक पायथे के रिमांड नोट में इडी ने कहा- पटना में 12 जुलाई को प्रधानमंत्री की रैली में हमले की साजिश की गयी थी, जिसके फंडिंग में शफीक पायथे भी शामिल थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जांच एजेंसी ने कहा संगठन ने उन पर हमला करने के लिए बकायदा एक ट्रेनिंग कैंप भी लगाया था, जिससे 2013 जैसी घटना को अंजाम दिया जा सके। अक्टूबर 2013 में पटना गांधी मैदान में तत्कालीन भाजपा के स्टार प्रचारक नरेंद्र मोदी की रैली में सिलसिलेवार बम ब्लास्ट हुए थे।

**युवाओं को आतंकी बनने के लिए उकसाया, इस्लामिक राष्ट्र बनाना लक्ष्य :** इडी ने कहा कि पीएफआइ को खाड़ी देश से फंडिंग होती है। सभी पैसे हवाला के जरिए आता है। हमने इस साल पीएफआइ के 120 करोड़ रुपये जब्त किये हैं। पायथे ने भी 40 लाख रुपये कतर से ट्रांसफर किये थे, जो गैर-कानूनी तरीके से भेजा गया था। वहीं कोच्चि में एनआइए की ओर से दाखिल एफिडेविट में कहा गया है कि इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए पीएफआइ ने युवाओं को लश्कर और आइएसआइएस जैसे आतंकी संगठन जॉइन करने के लिए प्रोत्साहित किया।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। केरल में पीएफआइ वर्कर्स को कोर्ट में पेशी के लिए ले जाते जांच अधिकारी।

### पीएफआइ के सीक्रेट डॉक्यूमेंट्स में लिखा - 10% मुस्लिम भी साथ दें तो कायरों को घुटनों पर ला देंगे

एनआइए-इडी द्वारा ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत छापेमारी के बाद पकड़े गये लोगों के पास से मिले दस्तावेज के मुताबिक संगठन का टारगेट हिन्दुस्तान की सत्ता हासिल करना है। इसमें लिखा मिला कि 2047 में जब देश आजादी के 100 साल मना रहा होगा, तब तक भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाना है। इस दस्तावेज में ये भी लिखा है कि 10% मुस्लिम भी साथ दें, तो कायरों को घुटनों पर ला देंगे।

### ट्रेनिंग कैंप लगाता है, आपराधिक साजिश करता है

एजेंसी ने कोर्ट में कहा कि हवाला के जरिए पैसे जुटा कर पीएफआइ के सदस्य ट्रेनिंग कैंप लगाते हैं। साथ ही इनके मेंबर्स देशभर में कई आपराधिक साजिशों में शामिल रहे हैं। अप्रैल से ही इसकी जांच चल रही थी। सीएए कानून और हाथरस जैसी घटनाओं में भी सरकार के खिलाफ लोगों को भड़काने में इन संगठनों का हाथ रहा है।

# नीदरलैंड में 38वें विश्व एफआइवीबी कांग्रेस में अच्युत सामंत ने भाग लिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के अध्यक्ष और कंधमाल के सांसद डॉ अच्युत सामंत ने कहा है कि भारत में वॉलीबॉल का भविष्य आशाजनक दिख रहा है। अर्नहेम नीदरलैंड्स में इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन (एफआइवीबी) की 38वीं कांग्रेस में भाग लेते हुए डॉ सामंत ने भारत और विशेष रूप से ओडिशा में वॉलीबॉल की पर्याप्त वृद्धि और प्रगति के लिए एक रोडमैप पर चर्चा की और लोकप्रिय खेल के विकास के लिए कुछ भविष्य के प्रस्तावों का सुझाव दिया। विश्व में वॉलीबॉल संघों की शीर्ष बैठक एफआइवीबी कांग्रेस में 222



सदस्य देशों के प्रतिनिधियों और वॉलीबॉल महासंघों ने भाग लिया। यह 25 सितंबर तक चलेगा और दुनिया भर में वॉलीबॉल के विकास पर व्यापक विचार-विमर्श करेगा। इस अवसर पर विख्यात शिक्षाविद् ने किट और किस विश्वविद्यालय में एफआइवीबी के सहयोग से एक राष्ट्रीय वॉलीबॉल अकादमी बनाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने किस में वॉलीबॉल फॉर स्कूल प्रोग्राम के लिए एक राष्ट्रीय नोडल केंद्र का भी प्रस्ताव रखा। डॉ सामंत ने एफआइवीबी से भुवनेश्वर में अपनी अगली विश्व कांग्रेस आयोजित करने का भी अनुरोध किया और वॉलीबॉल के विकास के लिए वॉलीबॉल कोच और तकनीकी अधिकारियों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के लिए भुवनेश्वर में एक क्षेत्रीय विकास केंद्र शुरू करने की मांग की। अपने प्रवास के दौरान सामंत ने आर्य ग्रेका एफआइवीबी के अध्यक्ष और महानिदेशक एफआइवीबी फैबियो अजेवेडो और एफआइवीबी के 222 सदस्य देशों के विभिन्न संघों और संघों के अध्यक्षों से मुलाकात की।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.com



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है :–

**क्र.सं. :** 1, **ई–नीलामी सूची :** पब्लिसिटी, **ई–नीलामी सूची सं. :** पार्क – पीयूबी–2, **ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण :** 07.10.2022 11.00 बजे से, **कार्य विवरण एवं स्टेशन का नाम :** फुसरो, तेतुलमारी, पतरातु, कतरासगढ़, गढ़वा टाउन एवं राँची रोड स्टेशन के अंदर सोल एडभरटाईजमेंट। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपुर्यक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पस किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

**पीआर/01119/डीएचएन/वा०/एन/22–23/28**


## भद्रक-भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम मार्ग पर जसीडीह-एसएमवीटी बेंगलुरु के बीच नयी ट्रेनें



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रेल मंत्रालय ने पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार में भद्रक-भुवनेश्वर और विशाखापत्तनम के माध्यम से जसीडिह और एसएमवीटी बेंगलुरु के बीच एक नयी ट्रेन शुरू करने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन की नियमित सेवा 30 सितंबर से जसीडीह से और 2 अक्टूबर से एसएमवीटी बेंगलुरु से संचालित की जायेगी। 22306 जसीडीह-एसएमवीटी बेंगलुरु सुपर फास्ट एक्सप्रेस हर शुक्रवार को बेंगलुरु से 6:30 बजे जसीडिह से निकलेगी. वापसी मार्ग पर, 22305 सीएमवीटी बेंगलुरु-जसिडीह सुपर फास्ट एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे सीएमवीटी बेंगलुरु से रवाना होगी और जसीडीह की यात्रा करेगी। यह ट्रेन पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार में भद्रक, कटक, भुवनेश्वर, विजयनगरम और विशाखापत्तनम में रुकेगी और आसनसोल, दुगार्पुर, बर्द्धमान, खड़गपुर, बालेश्वर, नेल्लोर, पेरंबूर, काटपाडी और जोलारपेट्टई जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर जसीडीह और एसएमवीटी, बेंगलुरु के बीच रुकेगी। इसमें एक फर्स्ट एसी, चार एसी -2 टियर, 10 एसी -3 टियर, दो स्लीपर क्लास, दो सेकेंड क्लास सीटिंग, एक पेंट्री कार और दो गार्ड, लगेज और जेनरेटर कार हैं। एसएमवीटी से बेंगलुरु के लिए एक विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यक), पूर्व मध्य धनबाद, एसएलआर का अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाईट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–निलामी दो (02) वर्षों की अवधि के लिए आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:–

**क. ई–नीलामी सूची:** पार्सल **ख. ईनीलामी–सूची सं. :** लीज–5 **ग. ईनीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण :** 18.10.2022 12:00 बजे से **घ. गाड़ी संख्या और एसएलआर का विवरण :** ट्रेन सं. 18024 गोमोह से खड़गपुर तक टन 04 का एफएसएलआर–कम्पार्टमेंट II, ट्रेन सं. 18024 गोमोह से खड़गपुर तक टन का एफ 04 का एसएलआर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 22167 सिंगरौली से निजामुद्दीन तक टन का आर 04 एसएलआर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 22166 सिंगरौली से भोपाल तक टन का एफ 04 एस एल आर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 18632 चोपन से राँची तक टन का 04 आर एस एल आर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 18024 गोमोह से खड़गपुर तक टन 04 का आर एस एल आर– कम्पार्टमेंट I, ट्रेन सं. 22166 सिंगरौली से भोपाल तक टन 04 का आर एस एल आर– कम्पार्टमेंट I, ट्रेन सं. 18632 चोपन से राँची तक 04 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट , ट्रेन सं. 18632 चोपन से राँची तक 04 टन का एफ एस एल आर– II, कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 12340 धनबाद से हावड़ा तक 04 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 11046 धनबाद से कोल्हापुर तक 04 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 13303 धनबाद से राँची तक 04 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट , ट्रेन सं. 13331 धनबाद से पटना तक 04 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 13301 धनबाद से टाटा तक 04 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 22388 धनबाद से हावड़ा तक टन 04 का एफ एस एल आर– कम्पार्टमेंट I, ट्रेन सं. 22388 धनबाद से हावड़ा तक 04 टन का एफ एस एल आर– II कम्पार्टमेंट . ट्रेन सं. 13305 धनबाद से डेहरी ऑन सोन तक एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 13329 धनबाद से पटना तक टन 04 का एफ एस एल आर– कम्पार्टमेंट I, ट्रेन सं. 13349 सिंगरौली से पटना तक टन 04 का एफ एस एल आर– कम्पार्टमेंट I, ट्रेन सं. 15073 सिंगरौली से टनकपुर तक एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 15075 शक्तिनगर से टनकपुर तक 04 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट, ट्रेन सं. 13347 बरकाकाना से पटना तक एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट.

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में से संख्या ग में दिए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/01109/डीएचएन/कॉम/एन/22–23/80**


# धर्मेंद्र प्रधान की अध्यक्षता में परामर्शदातृ कमेटी की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पुरी के युवाओं की शिक्षा और कौशल को विकसित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयासों को क्रियाशील बनाया जायेगा। पुरी में शनिवार को आयोजित कौशल विकास मंत्रालय की परामर्शदातृ कमिटी में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के कौशल को विकसित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का निर्णय लिया गया है। पुरी में हुई 10वीं परामर्शदातृ कमेटी की बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की और विभागीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर भी शामिल हुए थे। इस बैठक में 12 सांसदों में से 6 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और चर्चा में भाग लिया। सांसद नरेश बंसल, डॉ वी शिवा दर्शन, के प्रभाकर रेड्डी, चंद्रानी मुर्मू, देवेंद्र पावाई और दिलीप घोष उपस्थित थे। इसके अलावा कौशल विकास मंत्रालय के अधिकारी बैठक में शामिल हुए थे। बैठक में कौशल विकास और उद्यमिता क्षेत्र से जुड़े अन्य सभी मुद्दों पर भी चर्चा की गयी। केंद्र सरकार अब कौशल विकास की मदद से रोजगार के अवसर पैदा कर रही है, इसलिए यह तय किया गया है कि इसे सभी राज्यों में कैसे लागू किया जाये।



## वेदांत लांजीगढ़ एवं कालाहांडी जिला एथलेटिक संघ की तीरंदाजी प्रतियोगिता



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कलाहांडी लांजीगढ़ भारत के प्रमुख मेटलर्जिकल ग्रेड एल्यूमिना निर्माता वेदांत लिमिटेड ने कलाहांडी जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सहयोग से लांजीगढ़ में एक अंतर जिला तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन ने अक्टूबर 2022 को होने वाली राज्य ओपन तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए चयन परीक्षा के रूप में कार्य किया और जिले के 5 स्कूलों के 46 छात्रों के बीच जोरदार प्रतियोगिता देखी गयी। चयन प्रक्रिया का संचालन कलाहांडी जिला एथलेटिक्स संघ समिति के वरिष्ठ खेल अधिकारी जगमोहन पटनायक (साधारण संपादक केडीएए), सुनील कुमार बेहेरा (संयुक्त संपादक केडीएए), शंभू प्रसाद राउत (परिषद सदस्य, केडीएए) काली प्रसाद पटनायक (संयुक्त संपादक केडीएए), एमडी अब्दुल कादर (फुटबॉल संपादक, केडीएए), और शुदाशीष नाइक (जिला खेल अधिकारी) प्रमुख उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में क्वालीफाई करने वाले 19 प्रतिभागी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कलाहांडी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन समिति और आयोजक वेदांत लांजीगड द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किये गये। प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए वेदांत लिमिटेड के एल्यूमिना बिजनेस के डिप्टी सीइओ जीजी पाल ने कहा कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्रदर्शन को देखते हुए हमारे तीरंदाजी प्रशिक्षण कार्यक्रम में लांजीगड के युवाओं की सफलता इसका एक प्रमाण है।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**